हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 19.06.2023 | वर्ष 10, अंक 166

RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
खुशी आजादी पर निर्भर होती है और आजादी इस बात, पर निर्भर होती है कि आप कितने साहसी है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $39^0$ |
| न्युनतम | $29^0$ |

## क्वीक न्यूज

### दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली** : दिल्ली विश्वविद्यालय के एक छात्र की कॉलेज के बाहर सरेआम चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई. साउथ कैंपस स्थित आर्य भट्ट कॉलेज के गेट पर रविवार दोपहर एक छात्र पर चाकू से हमला किया गया. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, घटना के संबंध में उन्हें चरक पालिका अस्पताल से एक पीसीआर कॉल मिली थी. कॉलर ने पुलिस को बताया था कि उनके अस्पताल में एक घायल छात्र को लाया गया है, जिसपर चाकू से हमला किया गया था. हालांकि, छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने के पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची. पुलिस की शुरुआत जांच में पता चला है कि जिस छात्र की मौत हुई है वो पश्चिम विहार का रहने वाला था. मृतक छात्र की पहचान निखिल चौहान के रूप में की गई है. पुलिस के मुताबिक, 19 साल का निखिल बीए (ऑनर्स) पॉलिटिकल साइंस स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के प्रथम वर्ष का छात्र था. करीब 7 दिन पहले कॉलेज में स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के एक छात्र ने निखिल की प्रेमिका से बदसलूकी की थी.

### आर्मी कैंप परिसर में लगी भीषण आग

**रांची:** आर्मी कैंप परिसर में भीषण आग लग गई है. घटना रविवार की देर शाम सदर थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी स्थित आर्मी कैंप परिसर की है. यहां बिजली का तार टूट कर गिरने से अचानक आग लग गई, और देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया.आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई. मौके पर दमकल के वाहन पहुंचा और आग पर काबू पाने का प्रयास किया.

### अहमदाबाद रथ यात्रा में पहली बार 3डी मैपिंग तकनीक से होगी सख्त निगरानी

**अहमदाबाद** : अहमदाबाद में मंगलवार (20 जून) को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की 146वीं रथयात्रा को लेकर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी और राज्य के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शांति, सुरक्षा और किसी प्रकार की अवांछित घटना को रोकने के संबंध में व्यापक रणनीति पर गहन चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव कैलाशनाथन, मुख्य सचिव राजकुमार और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मुकेश पुरी समेत पुलिस महानिदेशक विकास सहाय आदि मौजूद रहे।

### असम में बाढ़ से 14 जिले प्रभावित, कई नदियों के तट बंध टूटने बढ़ीं मुसीबतें

**गुवाहाटी** : असम समेत पूरे पूर्वोत्तर और पड़ोसी देश भूटान में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते राज्य के 14 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। कई नदियों के तटबंध टूट गए हैं। सड़कों को भी नुकसान हुआ है। प्रशासन पूरी तत्परता के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने 14 जिलों में आई बाढ़ के रविवार को आंकड़े जारी किए हैं। राज्य की तीन नदियां तीन स्थान पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इनमें पुठीमारी नदी (एनएच रोड क्रॉसिंग), कपिली नदी (कामपुर), ब्रह्मपुत्र (नेमातीघाट) शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित 14 जिलों और अनुमंडलों में बिश्वनाथ, कछार, दरंग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, होजाई, गोलाघाट, होजाई, लखीमपुर, नगांव, नलबाड़ी, शोणितपुर, तिनसुकिया, उदालगुरी शामिल हैं। वहीं तीन जिलों के शहरी क्षेत्र कछार, कामरूप (मेट्रो) और नलबाड़ी जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी हैं।

## झारखंड सहित कई राज्यों में 20 जून तक जारी रहेगा हीटवेव

# भीषण गर्मी व लू से मुश्किल हुआ जीना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भीषण गर्मी से यूपी,बिहार और झारखंड के लोग बेहाल हैं. लू लगने से यूपी, बिहार व झारखंड में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई. झारखंड के गोड्डा, देवघर व पलामू में सबसे अधिक गर्मी व लू का प्रकोप है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 जून से मौसम में बदलाव की संभावना है। 20 के बाद गर्जन के साथ वर्षा हो सकती है। तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आने की संभावना जताई गई है। राज्य में भीषण गर्मी व लू की वजह से एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत की सूचना है। मौसम विभाग के अनुसार, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, बिहार, पूर्वी यूपी, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना में 20 जून तक हीटवेव जारी रहेगा. इन राज्यों में लू से लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. उत्तर प्रदेश के कई जिलों में झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रह है।

लू के थपेड़ों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। आलम यह है कि प्रदेश में गर्मी अब जानलेवा साबित हो रही है। अयोध्या में लू की वजह से यातायात उप निरीक्षक विनोद सोनकर की मौत हो गई है. राज्य के बलिया में लू चलने के प्रकोप को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने बच्चों, गर्भवती महिलाओं ,बुजुर्गों और श्रमिकों को लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है. इधर बिहार में प्रचंड लू से 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई. जबकि अधिकांश स्थानों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है. यहां भी सूरज की तपिश से लोगों का बुरा हाल है.पटना का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. शेखपुरा 45.1 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा.

### * यूपी, बिहार व झारखंड में भीषण गर्मी से सैकड़ों मौतें



**बलिया में 54 की मौत पर पहुंचा विशेषज्ञों का दल**

यूपी के बलिया में 54 लोगों की मौत हो गई और लगभग 400 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डॉक्टरों ने कहा कि मौतों के अलग-अलग कारण हैं, जिनमें से भीषण गर्मी एक कारक हो सकती है. डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस मामले पर संज्ञान लिया है. रविवार को मौतों के पीछे का राज जानने के लिए स्वास्थ्य महकमे की ओर से गठित विशेषज्ञों की टीम लखनऊ से बलिया पहुंची. यह दल सिलसिलेवार जांच करेगा. इलाज व लक्षणों का आकलन भी किया जाएगा.जिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके यादव ने बताया कि जिला अस्पताल में 15 जून को 154 रोगी भर्ती हुए थे. इसमें 23 रोगियों की विभिन्न कारणों से मौत हो गई. 16 जून को 137 मरीज भर्ती किए गए थे. इसमें 20 लोगों की मौत हो गई. इसी तरह 17 जून को भी अज्ञात कारणों से 11 मरीजों की मौत हो गई. इस तरह से तीन दिन में ही मौत का आंकड़ा 54 तक पहुंच गया है. प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक ने स्वीकार किया कि बलिया में रूटीन से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है. उन्होंने बताया कि मरने वालों में 60 साल की उम्र के ज्यादातर लोग हैं.

### झारखंड में 22 जून को खुलेंगे स्कूल

झारखंड राज्य में अत्यधिक गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/ गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से 8वीं तक 19 जून (सोमवार) से 21 जून (बुधवार) तक बंद रहेंगे. वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 07 बजे से 11 बजे तक चलेंगी. इससे पहले राज्य में स्कूलों में 14 जून तक गर्मी की छुट्टियां घोषित की गई थीं, जिसमें संशोधन करके 8वीं तक के स्कूलों को 17 जून और 9वीं से 12वीं क्लास तक के स्कूल 15 जून तक बंद कर दिए गए थे. अब 9वीं से 12वीं क्लास तक के स्कूल खोले जाएंगे लेकिन नई टाइमिंग (सुबह की शिफ्ट) में. वहीं केजी से 8वीं क्लास के बच्चों के स्कूल 22 जून से खुल सकते हैं.

## 25 जून को कभी भुलाया नहीं जा सकता : पीएम मोदी



### आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 102वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा : योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आपातकाल भारत के इतिहास का वह काला दौर था जब लोकतंत्र के समर्थकों पर अत्याचार किया गया और उन्हें यातनाएं दी गई। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 102वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है जो लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानता है। लिहाजा 25 जून की तारीख को कभी भुलाया नहीं जा सकता। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत में 1975 में आपातकाल लगाया गया था। इसे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास की बड़ी घटना माना जाता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत लोकतंत्र की जननी है। हम, अपने लोकतांत्रिक आदर्शों को सर्वोपरि मानते हैं, अपने संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। इसलिए, हम 25 जून को भी कभी भुला नहीं सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था।।उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं, इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अगर अब भी आप योग से नहीं जुड़े हैं तो 21 जून इस संकल्प के लिए बहुत बेहतरीन मौका है। योग में तो वैसे भी ज्यादा तामझाम की जरूरत ही नहीं होती है। जब आप योग से जुड़ेंगे तो आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा। चक्रवात बिपारजॉय से गुजरात के कच्छ जिले में हुई तबाही का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां के लोगों ने जिस मजबूती से उसका मुकाबला किया, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कच्छ के लोग जल्द ही इस तबाही से उबर जाएंगे। मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का जोर नहीं होता, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वह आज एक उदाहरण बन रही है।

# गीता प्रेस को मिलेगा 2021 का गांधी शांति पुरस्कार




**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने रविवार को विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस संबंध में निर्णय लिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अनुसार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर को वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार मानवता के सामूहिक उत्थान में योगदान देने के लिए गीता प्रेस के महत्वपूर्ण और अद्वितीय योगदान को मान्यता देता है। यही सच्चे अर्थों में गांधीवादी जीवन का प्रतीक है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गीता प्रेस को अपनी स्थापना के सौ साल पूरे होने पर गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना संस्थान द्वारा सामुदायिक सेवा में किए गए कार्यो की पहचान है।।उल्लेखनीय है कि 1923 में स्थापित गीता प्रेस दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। इसने अभी तक 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इनमें 16.21 करोड़ श्रीमद्भगवद्गीता शामिल हैं। संस्था ने राजस्व सृजन के लिए कभी भी अपने प्रकाशनों में विज्ञापन पर भरोसा नहीं किया है। गीता प्रेस अपने संबद्ध संगठनों के साथ, जीवन की बेहतरी और सभी की भलाई के लिए प्रयासरत है। गांधी शांति पुरस्कार महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित आदर्शों को श्रद्धांजलि के रूप में 1995 में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग की परवाह किए बिना सभी व्यक्तियों के लिए खुला है। पुरस्कार में एक करोड़ रुपये, एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला,हथकरघा वस्तु प्रदान की जाती है।

# बिपरजॉय से राजस्थान में जनजीवन अस्त व्यस्त, चार की मौत, सांचौर में बांध टूटा

**एजेंसी**

**जयपुर** : अरब सागर से उठे चक्रवाती तूफान बिपरजॉय ने राजस्थान के कई जिलों में कहर बरपा दिया है। इसके असर से राज्य के कई इलाकों में पिछले 36 घंटे से बारिश चल रही है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, पाली, अजमेर, कोटा सहित कई जिलों में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इन जिलों के कुछ इलाकों में अब तक 10 से लेकर 13 इंच तक बरसात हो चुकी है। तूफान की रफ्तार में रविवार को चार जिंदगियां काल के गाल में समा चुकी हैं।

बाड़मेर जिले के सेवा थाना इलाके गंगासरा गांव की नाड़ी (तालाब) में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। वहीं, राजसमंद के निकट बाघोटा गांव में चट्टान के नीचे दबने से युवक की मौत हो गई। राजसमंद के ही केलवा गांव में आज मकान का छज्जा गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जालोर जिले के सांचौर में सुरावा बांध टूटने से कई इलाके डूब गए हैं। बांध टूटने से नर्मदा लिफ्ट कैनाल में पानी बड़ने से वह भी टूट गई है। अब सबसे ज्यादा खतरा सांचौर शहर पर मंडरा रहा है। शनिवार रात बांध टूटने की जानकारी मिलते ही पूरे शहर को खाली कराने की कोशिश की गई है। जयपुर में भी रविवार सुबह से बारिश का दौर चला। शहर के साथ जयपुर संभाग के दौसा, अलवर जिलों में तेज बारिश से मौसम बदला है। जालोर जिले के सांचौर के आस-पास पिछले 36 घंटे से मूसलाधार बारिश हो रही है। गुजरात की तरफ से भी यहां बने सुरावा बांध में लगातार पानी आ रहा था। ज्यादा पानी का भराव होने के चलते शनिवार देर रात बांध टूट गया। यह पानी शहर की तरफ बढ़ गया है। अचानक शहर में पानी आने की जानकारी मिलने के बाद देर रात लोगों ने बाजार में अपनी दुकानें खाली करनी शुरू कर दी। निचले इलाके के लोगों को भी सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कह दिया गया।



# भीषण आग से लाखों की संपत्ति खाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो-पुणे** : बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र में रांची राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 23 स्थित राजू सत्यम फूड प्लाजा नामक होटल में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना में लगभग 25 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। अग्निशमन की गाड़ी ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया।



आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। होटल के मालिक राजू कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह 4-30 से 5-00 बजे के बीच होटल से धुआं निकलने की खबर मिली। जब मौके पर पहुंचा तो होटल में आग लगी थी। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी गई। अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंची। इसके बाद होटल कर्मियों एवं आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया।

आग की इस घटना में एसी, फ्रिज, कई टेबल कुर्सी, पंखा फर्नीचर समेत कई उपकरण पूरी तरह से जल चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना में लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

इधर पुणे में आग के चलते 20 गोदाम जलकर खाक हो गए हैं। इस आग के चलते भारी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई चोटिल नहीं हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है। घटना की जांच की जा रही है। घटना पुणे के गंगाधाम चौक इलाके की है। आग लगते ही इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। जहां आग लगी, वहां बिस्किट, सीमेंट, मोल्डिंग और इलेक्ट्रिकल आइटम, फर्नीचर और सजावटी सामान के गोदाम थे, जो आग की चपेट में आ गए।

सभी गोदाम आग के चलते तबाह हो गए और लोगों को भारी नुकसान हुआ है। गोदामों में आग लगने के बाद यह भड़कती चली गई।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले विपणन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को उनके आवास पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने मिलकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज्यपाल से कहा कि बोर्ड निगम का गठन कर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देने के लिए आपको बधाई और धन्यवाद देता है। अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन में लगातार कार्य करने वाले लोगों को सम्मान और अवसर देने के लिए आपका धन्यवाद एवं आभार। इस



अवसर का पूरा उपयोग संबद्ध के लिए करूंगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरे**

## प्रेम प्रसंग में प्रेमी प्रेमिका की कराई गई शादी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड में स्थित कुपा पंचायत के टोला दामर में जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में रविवार को प्रेमी- प्रेमिका की शादी कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि स्वर्गीय सुकठ भुईयां का पुत्र ब्रजेश कुमार भुइया तथा लोरिक भुइंया की पुत्री रीता कुमारी का कई वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जहां मंगलवार को जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में एवं महिलाओं के द्वारा मांगलिक गीत गाकर दोनों को शादी कराया गया। दोनो खरौंधी थाना क्षेत्र के कुपा पंचायत का रहने वाले हैं। वहीं प्रेमी ब्रजेश कुमार भुईयां तथा प्रेमिका रीता कुमारी ने बताया की हम दोनों के बीच एक साल से प्रेम -प्रसंग चल रहा है। हम एक दूसरे से शादी कर बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि हम दोनों का शादी सामाजिक समझौते और दोनों परिवार के सहमति से हो रहा है।

## अवैध खनन व परिवहन को लेकर कारोबार में लगे 2 वाहन जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर में अवैध परिवहन को लेकर राज्यस्तरीय उड़नदस्ता टीम ने की करवाई 2 वाहनों को जब्त कर चैनपुर थाना में दर्ज कराया प्राथमिकी। चैनपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाको में राज्यस्तरीय उड़नदस्ता टीम ने अवैध खनन और अवैध परिवहन को लेकर करवाई की है जांच के दौरान 2 वाहनों को अवैध तरीके से परिवहन करते हुवे पाया गया। वाहन चालक से कागजात की मांग की गई। परंतु वाहन चालक द्वारा कोई वैध कागजात एवं चालान नहीं दिखाया जा सका। जिसे उक्त वाहनों के द्वारा परिवहन करने की तैयारी की जा रही थी। गाड़ियों की जांच करने पर किसी प्रकार का अवैध परिवहन का दस्तावेज पाया गया। जिसको लेकर दोनो वाहनों को जब्त करते हुवे चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया की



अवैध खनन और परिवहन को लेकर मामला दर्ज कराया गया है और अनुसंधान किया जा रहा है। यह करवाई खनन विभाग के संयुक्त निर्देशक के नेतृत्व में किया गया। जिसमे खनन पदाधिकारी आनंद कुमार समेत अन्य पदाधिकारी भी सामिल रहे।

## प्रमुख की अध्यक्षता में 21 जून को पंचायत समिति सदस्यों के साथ होगी बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड में 21 जून को कार्यलय सभागार में पंचायत समिति की होगी बैठक,बीडीओ ने जारी किया आदेश। चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज ने पत्र जारी करते हुवे बताया है की 21 जून को सुबह 11:30 बजे से चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति चैनपुर की बैठक होगी इस बैठक में आने के लिए उन्होंने सभी पंचायत समिति सदस्य अंचल अधिकारी प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार्य पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, साहयकार्ता प्रसार्य पदाधिकारी, पंचायती राज्य पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रखंड कन्या अभियंता पेयजल स्वास्थ्य विभाग सहायक अभियंता मनरेगा कन्या अभियंता विद्युत विभाग कन्या अभियंता मनरेगा 15 वें सभी पंचायत के मुखिया प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएल और सभी पंचायत सचिव को आने के लिए निर्देश दिया है। सभी को पत्र जारी करते हुवे निर्देश दिया गया है कि वह सह समय इस बैठक में उपस्थित होंगे और प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे।

## हरिहरगंज में धान बीज बिक्री केंद्र का जिप सदस्य ने किया शुभारंभ



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज पूर्वी नोडल पैक्स में रविवार को धान बीज बिक्री केंद्र का विधिवत शुभारंभ जिला परिषद सदस्य मंजू देवी द्वारा किसानो के बीच धान बीज का वितरण कर किया गया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये किसानों के बीच उन्नत किस्म का धान बीज अनुदानित दर पर वितरण की गई । वहीं जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने बताया कि मानसून शुरू होने के पूर्व ही सरकार के द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर उत्कृष्ट किस्म का धान बीज मुहैया कराई जा रही है ताकि धान की अच्छी उपज हो सके। किसानों को संबोधित करते हुए एटीएम प्रवीण जहां ने कहा कि इस नोडल पैक्स से छतरपुर, नौडीहा, पिपरा तथा हरिहरगंज के सभी पैक्सों में धान बीज का विक्रय किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी राजेश राम, पैक्स अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह, कृषक मित्र रामजन्म मेहता, किसान रामजी मेहता, अरविंद सिंह, लखन पासवान, सुनील साव, श्याम बिहारी प्रसाद, परमानंद कुमार, मो0 शकील आलम सहित कई किसान मौजूद थे।

## ग्रामीण बैंक के उप शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रमना शाखा मे पदस्थापित उप शाखा प्रबंधक निशा कुमारी के तबादला के बाद बैंक के ग्राहकों के साथ-साथ कई प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और गण्यमान लोगों ने समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया।इस दौरान वरिष्ट ग्राहक सुनील कुमार, दिपक कुमार सिंह, अशर्फी लाल चंद्रवंशी, धनंजय कुमार सहीत कई लोगों ने कहा कि रमना शाखा मे पदभार लेने के दिन से ही निशा कुमारी का व्यवहार ग्राहकों के साथ बेहतर बना रहा। परिणाम स्वरुप लगभग चार साल से बैंक मे कार्यरत निशा सिंह से किसी को शिकायत नही रहा। अपने विदाई समारोह के मौके पर निशा कुमारी ने कहा कि मेरा पहला पदस्थापन झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रमना शाखा मे 2019 मे हुआ था। लगभग चार साल के अवधि के दौरान बहुत कुछ अनुभव प्राप्त करने का मौका मिला।ग्राहक और व्यसायीओं का सहयोग मिला। उन्होने का कि उपभोगताओ के काम को समय पर निपटाने तथा संतुष्ट करने का हर संभव प्रयास किया हुँ। उन्होंने कहा कि रमना वासियों ने जो प्रेम और संम्मान दिया है वह हमेशा याद रहेगा।इस अवसर चिनिया बैंक के पुष्कर पांडेय, बुका बैंक के दिव्या कुमारी, आलोक कुमार सिंह, अरुण कुमार ठाकुर, डा.नीरज कुमार, अनील कुमार गुप्ता, सुमीत कुमार, अनील कुमार सोनी, नंदकिशोर प्रसाद, निलेश कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, विरेद्र कुमार, उपेद्रं कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया अभिनंदन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह तथा एल के जी और यूकेजी के कक्षाओं में प्रथम प्रवेश का शुभारंभ किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। प्रातः 6.00 बजे से ही आचार्य कौशलेंद्र झा के द्वारा प्रतिनिधि यजमान कृष्ण कुमार पांडेय ने विधिवत कलस्थापन, हनुमत पूजन, पंच देवता पूजन, हवन, आरती आदि किया . प्रधानाचार्य रवि कांत पाठक के द्वारा सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर झारखंड माध्यमिक बोर्ड के परीक्षा में उतीर्ण टॉप 10 विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.कक्षा पंचम के मनीष कुमार को आइडियल स्टूडेंट अवार्ड दिया गया .प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने मैट्रिक परीक्षा




प्रमाण का वृत्त प्रस्तुत करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी 74 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये हैं. मुख्य अतिथि शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि शिक्षा मात्र जीवकोपार्जन के लिये नही बल्कि मानव निर्माण के लिये होना चाहिये। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन के लिये विद्यालय परिवार का मुक्तकंठ से प्रशंसा किया। उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझ कर अमल करने की आवश्यकता है यह भारतीय परंपरा पर आधारित नीति है. इसमें क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता दी गई है. नन्ही दुनिया के लिए यह एक अनूठा पहल है.डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने शारदा महेश प्रताप देव को एवं सचिव रवि प्रकाश ने संकुल संयोजक अरविंद सेंगर को अंगवस्त्र एवं रामचरितमानस देकर सम्मानित किया. मौके पर सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राज कुमार प्रसाद, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, शैलेश अग्रवाल, शशिकला, नीरज पांडेय भवनाथपुर के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, केतार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, अभिभावक इंद्रशेखर पांडेय, सुनील गुप्ता, गोपाल सिंह यादव, शशिमोहन चौबे, रजिया खातून, आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, विवेक कुमार, रंजना श्रीवास्तव, अंशु कुमारी कर्मचारी सुधीर कुमार बबलू, ललिता देवी, रेखा देवी सुरेश सिंह सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे.मंच संचालन प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने किया।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा रविवार को सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ शंख ध्वनि, बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद विनती प्रार्थना,सामूहिक नाम जप, सत्यानु शरण पाठ, नारिनीति पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिये संतुलित आहार लेना चाहिए. आवश्यकता अनुसार निंद्रा भी चाहिये. उन्होंने सभी उपस्थित सत्संगियों को सपरिवार सत्संग में शामिल होने का आग्रह किया.सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य को सत्संग के माध्यम से ही विवेक की प्राप्ति होता है.उन्होंने श्री श्री ठाकुर जी के 136वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम



के साथ मनाने को लेकर तैयारी पर चर्चा किया.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि सद्गुरु, सतनाम व सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सद्गुरु के शरणा यन्त्र होकर सतनाम का मनन करते हुये सत्संग का आश्रय ग्रहण करना चाहिये। सत्संग से मनुष्य का उत्थान होता है.मनुष्य के उन्नति का प्रथम पाठशाला सत्संग ही है.सतनाम का स्मरण करते रहने से मनुष्य को सदविचार आ जाते हैं. उन्होंने अनुयायियों से शाकाहारी भोजन करने का आग्रह किया.सत्संगी राजकुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किया. इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया.भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया.सत्संग में प्रसाद व भंडारा का आयोजन आशा देवी शिक्षिका व सत्संगियों द्वारा किया गया। सत्संग में राहुल कुमार, राकेश कुमार, संजय मेहता, भोला सिंदुरिया, ब्रजेश तिवारी, प्रमोद चौबे, मोनू तिवारी, शिवम तिवारी, मनदीप कुमार, विजय नंदन सिन्हा, अंकित कुमार, श्रवण विश्वकर्मा, राहुल दा, धृतिदीप्त, आशा कुमारी, प्रीति देवी, संध्या कुमारी, गीता देवी, सबिता कुमारी, बबिता सिंह, निर्मला जायसवाल, पूजा देवी,अनिता सिन्हा,मधुबाला, दीपमाला, सुप्रिया कुमारी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## योगी सेना की पशु तस्करी पर बड़ी करवाई 28 पशुओं को कराई मुक्त



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** योगी सेना की तत्परता से तस्करी कर ले जा रहे 28 पशुओं रात्रि 10 बजे रंका तरफ से गढ़वा आ रही ट्रक नम्बर बीआर 02.जी ए 6033 को टंडवा में योगी सेना कार्यकर्ताओं ने रोक कर पुलिस प्रशासन को सौंप दिया।एक सूचना मिली कि गढ़वा के रास्ता से होते हुए विहार के लिए एक ट्रक भैंस तस्करी कर ले जाया जा रहा है इसकी सूचना मिलते ही तुरंत योगी सेना के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंच कर सभी पशुओं को तस्करों से मुक्त कराया।वही श्री दुबे ने कहा कि जिले में पशु तस्करी का मामला अब बढ़ गई हैं और तरीका भी बदल -बदल कर कभी पिकप से, कभी ट्रक से, कभी कंटेनर से तो कभी एक आदमी पशुओं के पीछे-पीछे पैदल चलता है एक आदमी मोटरसाइकिल या कार से रहता है ताकि इस तरह की परिस्थितियों में भगने में आसानी तस्करी हो सके। तस्कर अपने आप मे सुधार लाये अन्यथा उनकी बढ़ते मनोबल को योगी सेना कुचलने के लिए तैयार है और किसी भी हाल में पशु तस्करी नहीं होने देंगे। इसके लिए लगातार योगी सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सक्रिय हैं जो गुप्त सूचना के आधार पर पशु तस्करों के खिलाफ करवाई करते हैं। इसके पूर्व में भी कई बार करवाई हुई है और हम सब गौ सेवा के लिए हर पल तत्पर हैं। इस दौरान योगी सेना के पिंकू तिवारी, अंजन धर दुबे, प्रियांशू दुबे, हर्ष कश्यप, राहुल धर दुबे, रामू कुमार, सौरभ तिवारी, सैरभ सिंह, विवेक कुमार, बिट्टू तिवारी, रवि तिवारी, रोहित दुबे, शुभम कुमार, साकेत कुमार, पिंकू तिवारी, आकाश कुमार परशुराम सेना जिला अध्यक्ष हरिशंकर दुबे, संजय तिवारी, राजेश चौबे, मनोज पांडेय बजरंगदल जिला संयोजक शुभम चौबे, शुभम केशरी, रौनक कमलापुरी, विबेक सिंहा, आकाश गुप्ता आदि लोग सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## यात्री शेड के समीप मजदूर की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहर के न्यू बस स्टैंड यात्री शेड के समीप रविवार को विलास रजवार (45) नामक मजदूर की मौत हो गई। मृतक पिपरा थाना क्षेत्र के मधुबाना गांव का निवासी था। वह शहर में मजदूरी कर यात्री शेड में ही रहता था। सूचना के बाद मृतक का भाई कैलाश रजवार घटनास्थल पर पहुंचा। उसने बताया कि मृतक को मिर्गी की बीमारी थी। इस दौरान युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने पहुंचकर मृतक के स्वजनों को सांत्वना दी। साथ ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के पहल पर पिकअप वैन से शव को उसके पैतृक गांव मधुबाना भेजा गया।

## रोटरी स्कूल में बाल विवाह मुद्दे पर शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के स्थानीय रोटरी स्कूल में एसोसिएशन फोर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव ट्रस्ट (आली) के तत्वावधान में रेशमा,अभेलिका तथा पुनम के द्वारा रोटरी स्कूल के शिक्षकों को बाल विवाह मुद्दे पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्लेष कुमार पाण्डेय द्वारा उनके स्वागत के साथ किया गया विद्यालय के अध्यक्ष रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने ऐसे कार्यशाला के आयोजन पर काफी हर्ष व्यक्त किए ढ्ढ उन्होंने अपने संदेश में कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कोढ़ है ढ्ढ इसे हर हाल में समाप्त किया जाना चाहिए ढ्ढ लोगों को जागरूक करने के लिए इससे सम्बंधित कई



धारावाहिक भी बनाए गए हैं ढ्ढ यह निश्चित रूप से एक सराहनीय कार्य है ढ्ढ प्राचार्य महोदय ने बाल विवाह प्रथा की भर्त्सना करते हुए कहा कि प्राचीन काल में इसके पीछे लोगों की जो भी मंशा रही हो,वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं हैढ्ढइसके लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है तथा जरुरत पड़ने पर खुलकर इसका विरोध करना होगा ढ्ढ उन्होंने यह भी कहा कि लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जिसे भी जिम्मेवार ठहरा लें पर पूर्णतया जिम्मेवारी माँ की होती है ढ्ढ उभय पक्ष के माँ को बहुत सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए ढ्ढ आज हमारे देश में पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव दाम्पत्य सूत्र पर पड़ रहा है और विवाह जैसे पवित्र बंधन में सम्बन्ध विच्छेद की बात आ जा रही है। मेरा कहना है घूँघट हटा कर वरमाला कराने वाली बहु से आप घर में पर्दा में रहने की उम्मीद कैसे करते हैं ढ्ढ बाल विवाह एवं महिला उत्पीडन को शिक्षा के माध्यम से ही रोका जा सकता है जिसका मुख्य स्थान विद्यालय ही है यहीं बच्चे को इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी देकर जागरूक बनाया जा सकता है ढ्ढ मुख्य प्रशिक्षिका रेशमा मैडम ने कहा की हमारा उद्देश्य बाल विवाह के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को इसके प्रति जागरूक बनाना है ढ्ढ उन्हें इस बात के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराना है कि बाल विवाह से सम्बंधित सरकार जो भी कानून बनाए उसे गंभीरता पूर्वक लागू किया गया या नहीं ढ्ढ लोग उसका अनुपालन कहाँ तक कर रहे हैं ढ्ढ यदि सफलता नहीं मील रही है तो क्यों ? उन्होंने बाल विवाह तथा पोक्सो एक्ट पर पूर्ण रूप से चर्चा की ढ्ढ इसे परिभाषित किया।

## अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन की कमी से अस्पताल कर्मी व मरीज दोनों परेशान

# अस्पताल का भवन हुआ जर्जर, डरते डरते कर्मी करते हैं ड्यूटी, हो सकती है कभी भी अप्रिय घटना

**श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल की स्थिति धीरे-धीरे काफी खराब हो चला है।लगभग पांच वर्ष पूर्व लाखो रुपये लगा कर मरम्मत कराया गया अनुमंडलीय अस्पताल दुर्घटनाओं का सबब बनने जा रहा है।छते गिर रही है।वे कितनी खतरनाक है इसका अंदाजा स्टोर रूम की छत और ओपीडी के सामने वाला बरामदा देख कर लगाया जा सकता है। अस्पताल कर्मी हमेशा डरे रहते है। कब छत टूट कर दुर्घटना का सबब न बन जाये।पिछले दिनों एसडीओ के पहल पर अनुमंडलीय अस्पताल को फिर से मरम्मत कराने पर विचार किया जा रहा है।इधर डयूटी बदलने के समय अक्सर अस्पताल डॉक्टर विहीन हो जाता है। उसका वजह डयूटी ऑफ करने वाला चिकित्सक तो बिना आने वाले चिकित्सक का इंतजार किये चला जाता है।लेकिन डियूटी करने आने वाला चिकित्सक अपनी मर्जी से अस्पताल पहुचता है। इस दौरान एक से डेढ़ घंटे तक












अस्पताल बिना किसी चिकित्सक के सिर्फ नर्सो के भरोसे रह जाता है।कई बार ऐसा देखा गया है की इमरजेंसी पड़ने पर घायलों के रेफर करने के लिए सीएचओ या अन्य किसी चिकित्सक को भेज दिया जाता है। हालांकि इस गैप को अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक स्वयं उपस्थित हो कर भर सकती है। लेकिन विभागीय कामो से दबी वे भी उपस्थित नही हो पाती। बचती है विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिनियुक्त सीएचओ। उन्ही का उपयोग अस्पताल उपाधीक्षक द्वारा किया जाता है।कहने को तो अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक को छोड़ दिया जाए तो दो एमबीबीएस जो डिटेक्शन पर हफ्ते में एक दिन का समय अनुमंडलीय अस्पताल को देते है।इसके अतिरिक्त आयुष के तीन चिकित्सक के अतिरिक्त विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर प्रतिनियुक्त 5 सीएचओ जिनसे सप्ताह में एक-एक ओपीडी की सेवा लिया जाता है।फिर भी डियूटी के अदला बदली के समय लगभग एक घंटा अनुमंडलीय अस्पताल चिकित्सक विहीन रहता है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही इतना कि कौन सी दवा है या नही है,किसी को कोई मतलब ही नही है।अपनी मन मर्जी से दवा की उपलब्धता कराई जाती है।पिछले सप्ताह से ही शुगर तथा मलेरिया किट उपलब्ध नही है।मलेरिया किट आज भी अनुमंडलीय अस्पताल में उपलब्ध नही है।नाम नही छापने की शर्त पर कर्मियों ने अपना दुखड़ा सुनाया।उन्होंने कहा कि महीनों हो गए पानी की परेशानी से जुझते हुए।पानी अपने अपने बोतल में भर कर लाते है।ऐसे स्थिति हो गई है कि कोई भी कर्मी अपने पानी का बोतल किसी को देना नही चाहता।कर्मियों ने बताया की सबसे अधिक परेशानी रात में ड्यूटी करने वाले कर्मियों को होता है। जिन्हें पानी केलिए एसडीपीओ के हाते के पास या फिर प्रखंड हाते के पास जाना होता है।यही कारण है कि रात के अस्पताल कर्मी सुबह जल्द से जल्द डियूटी समाप्त करके भागना चाहते है।कर्मियों ने बताया कि यहां किसी के पास कोई शिकायत करने से कोई फायदा नही है। ऊपर से डांट सुनना पड़ता है।जैसे भी हो डियूटी करना है तो करना है। थोड़ा कष्ट ही सही।

**रेफरल हॉस्पिटल, रेफरल हॉस्पिटल नही, रेफर हॉस्पिटल है- शैलेश चौबे बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष :** इस संबंध में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन कमियों को दूर करने में कोई भी रुचि नहीं लेता। इसके लिए सीधे तौर पर पदाधिकारी जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल लेबल कमेटी कि बैठक मात्र खानापूर्ति करने के लिए किया जाता है। पानी के मामले में उन्होंने कहा कि पानी के मामले में ही देख लीजिए महीनों से अस्पताल में पानी का परेशानी है। लेकिन आज तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। पानी के मामले में सबसे ज्यादा परेशानी तपती गर्मी में रात्रि में कार्य करने वाले चिकित्सक, चिकित्सक कर्मियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता होगा।इतना ही नही अस्पताल उपाधीक्षक तो महीनों अस्पताल नही जाती।यहां तक कि ऐसा मैंने सुना है कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाने के लिए भी उपाधीक्षक अस्पताल नही जाती बल्कि बायोमैट्रिक सिस्टम को ही उनके आवास पर ले जाया जाता है। मेरा ऐसा मानना है कि यह अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल नहीं, रेफर अस्पताल बनकर रह गया है जो इसकी वर्तमान में पहचान है।

**प्रबंधन समिति की बैठक मात्र दिखावा के अतिरिक्त कुछ भी नही है- उर्मिला देवी प्रखंड प्रमुख नगर उंटारी :** इस संबंध में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि प्रबंधन समिति की बैठक में मामले को उठाया जाता है।लेकिन पदाधिकारी अपना प्रोटोकाल बताने लगते है।जनप्रतिनिधियो की बातों से पदाधिकारियों को कोई मतलब नही होता। करते वे वही है जो उनका मन होता है। दरअसल प्रबंधन समिति की बैठक मात्र दिखावा के अतिरिक्त कुछ भी नही है।

**मेरा ऐसा मानना है इस सभी कमियों के जिम्मेवार सीधे-सीधे अस्पताल प्रबंधन है-बाला रानी जिप सदस्य नगर उंटारी :** इस संबंध में जिप सदस्य बाला रानी ने कहा कि सभी कमियों के बारे प्रत्येक बैठक में मामले को उठाया जाता है।बार बार मामले की लिखित जानकारी जिला के पदाधिकारियों को दिया गया। लेकिन सभी कमियों को लेकर आज तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया गया।इस तपती गर्मी में पानी सभी के लिए जरूरी है।इस मामले पर तत्काल कदम उठाना चाहिए।उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा मानना है इस सभी कमियों के जिम्मेवार सीधे-सीधे अस्पताल प्रबंधन है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची** : राहे ओपी पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम महेश्वर नाग और पुईतु लोहरा बताया गया है। महेश्वर नाग सोनाहातू के सेरेगडीह और पुईतु लोहरा नामकुम के कुंदा टोली का रहने वाला है। इनके पास से दो किलो 500 ग्राम अवैध अफीम, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राहे ओपी क्षेत्र के चंदनडीह और माझीडीह के बीच में कुछ तस्कर अवैध रूप से अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। सूचना के बाद बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार और 26 वाहनी सशस्त्र सीमा बल के कंपनी कमांडर मंटू कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए माझीडीह पेट्रोल पंप के पास से दोनों तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि बरामद अफीम का बाजार मूल्य ढाई लाख रुपए है।

### झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक चार जुलाई को

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) की केंद्रीय समिति की बैठक चार जुलाई को हरमू स्थित सोहराय भवन में होगी। बैठक को लेकर झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडे ने रविवार को बताया कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति और सदस्यता अभियान सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जिला अध्यक्ष और जिला सचिव को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

## नाली निर्माण के दौरान जेसीबी से दीवार गिरा, बाल बाल बचे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वार्ड 11 का कुरैशी मोहल्ला में नाली निर्माण के दौरान गड्ढा खोदने के क्रम में जेसीबी से बना बनाया पक्की दीवार गिरा दिया गया , जिसमें दीवार और बाथरूम दोनों की दीवार ,गेट, एल्वेस्टर सब गिर गया और परिवार के लोग बाल बाल बच गए। यूं कहें कि एक बड़ी घटना होने से बच गया, क्योंकि रविवार होने के कारण और गर्मी तेज है, तो बच्चे बाथरूम में ही नहा रहा था, लेकिन बच्चे उस वक्त बाथरूम से बाहर निकलें ही थे तभी यह हादसा हो गया । मौके पर मोहल्ले के लोग जमा हो गए और ठेकेदार को बुलाने की मांग करने लगे। इस संबंध में मकान मालिक कमरान कुरेशी और ठेकेदार गोपाल के बीच फोन से बात हुई, तो ठेकेदार ने कमरान को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह अभी रविवार को रांची में नहीं है, लेकिन नाली निर्माण के दौरान जेसीबी द्वारा दीवार जो गिर गया है उसकी मरम्मत साथ ही साथ करवा देंगे। इस संबंध में ठेकेदार ने पत्रकार को फोन करके बताया कि दीवार गिरने की जानकारी हुई है , मकान मालिक से बात हो गई है और दीवार और बाथरूम जो टूटा है वह सब बनवा दिया जाएगा। वहीं नगर आयुक्त शशि रंजन ने कहा कि हां इस तरह की जानकारी मिली है, नाली निर्माण के क्रम में जेसीबी से पक्का मकान मालिक का बॉड्रीवाल की दीवार और बाथरूम भी गिरा है। मैंने वार्ड 11 के इंजीनियर को बोल दिया है, वह सोमवार को घटना स्थल पर जाकर देखेंगे और उसकी मरम्मत भी करवा देंगे । किसी को चोट नहीं लगी है यह बड़ी बात है। आगे कहा कि निगम की पहली प्राथमिकता में है कि सबकुछ अच्छी तरह से हो, किसी को परेशानी नहीं हो, यदि किसी तरह की कोई दिक्कतें होती है तो सीधे हमसे संपर्क कर सकते हैं। वहीं घटनास्थल पर ठेकेदार और इंजीनियर के नहीं पहुंचने से स्थानीय लोगों में आक्रोश था।

## पत्रकारिता विभाग में मिलन समारोह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विवि के पत्रकारिता विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों के संगठन जर्नलिज्म ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ रांची यूनिवर्सिटी (जोसारू) का दूसरा अधिवेशन सह मिलन समारोह रविवार को आरयू पत्रकारिता विभाग के सभागार में हुआ । इस कार्यक्रम में 1987 के पहले बेंच से लेकर 2023 मास्टर डिग्री के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

करीब 200 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया । स्पंदन - 23 नामक यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जो शाम तक चला। स्मारिका स्पंदन पत्रिका 2023 का विमोचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह भी किया गया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि आरयू कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा , पद्मश्री बलबीर दत्त, पत्रकारिता विभाग के निदेशक प्रो, डा. विनोद सिन्हा, जोसारु के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अनूज सिन्हा, अध्यक्ष चंदन मिश्रा सहित कई वरिष्ठ पत्रकार गण शामिल हुए। स्पंदन संपादकीय मंडल डा राज श्रीवास्तव, संजय खंडेलवाल, विकास कुमार श्रीवास्तव, अमिताभ कुमार, पंकज कुमार पाठक रहे।कार्यक्रम में विभाग के वर्तमान निदेशक, उप निदेशक, पूर्व निदेशकों, पूर्व और वर्तमान सभी शिक्षक और समन्वयकों को सम्मानित किया गया। देश भर के विभिन्न भागों में कार्यरत पूर्ववर्ती छात्र लंबे अंतराल के बाद एक-दूसरे से मिलकर खुश भी हुए और भावूक भी हो गए, खासकर पत्रकारिता विभाग मनोज शर्मा द्वारा डॉक्यूमेंट्री बनाया गया था जिसे देखकर सभी भावूक हो गए थे।

मंच संचालन सुधीर कुमार, चांदनी, आरजे भूपेश ने किया।



## जेईई एडवांस में डीएवी हेहल के सात होनहार छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची के सात होनहार छात्रों ने जेईई एडवांस की परीक्षा में सफलता के झण्डे गाढ़, नया कीर्तिमान स्थापित किया है।जिसमें अभिनव श्रीवास्तव नेऑल इंडिया रैंक 4228 , निलेश कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 9342 एवं कैटेगरी रैंक 2122 ,प्रभात कुमार साहू ने कैटेगरी रैंक 2966, मयंक ने कैटेगरी रैंक 7993, सशक्त केशरी ने कैटेगरी रैंक 7461,अभिज्ञान चौहान ने ऑल इंडिया रैंक 24284 एवं अभिज्ञान श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 25758 प्राप्त करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई आई टी में प्रवेश के द्वार अपनी मेहनत,परिश्रम और माता-पिता,शिक्षकों के आशीर्वाद से खोल लिए हैं।सफल विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों व विद्यालय के सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अभिभावकों और शिक्षकों को समर्पित किया है।उनका मानना है कि डीएवी संस्था उनकी पढ़ाई के लिए मील का पत्थर साबित हुई है।इस सफलता पर डीएवी के निदेशक(पी एस-1) डॉ जे पी सूर , झारखण्ड जोन-बी के सहायक अधिकारी एम के सिन्हा जी एवं विद्यालय के प्राचार्य एस.के.मिश्रा जी ने सभी सफल विद्यार्थियों,उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाइयाँ दी व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## वुडबॉल टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार मिला रांची डायमंड टीम को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य वुडबॉल संघ और सामाजिक संस्था तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वुडबॉल टूर्नामेंट का रविवार को धूमधाम के साथ समापन किया गया। टूर्नामेंट रांची कॉलेज में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में पूरे राज्य से छह टीमों में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार रांची डायमंड की टीम के शुभम, अजीत, गीता, ललिता ने प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर वुडबॉल ब्लास्टर के अंकित, निक्की, रेशमी, आशुतोष रहे। तीसरा स्थान वुडबॉल राइनोज के बंटी टोप्पो, डबलू मुंडा, राजेश गोप, नीरा कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीके लाल, एम.एम. सिद्धिकी, भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, विवेकानंद यूथ क्रेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, विशाल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



## झारखंड की 7 वर्षीय आशाइन जुरिएल ने कराटे में दो पदक जीते

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की 7 वर्षीय खिलाड़ी आशाइन जुरिएल मिंज ने कराटे में दो पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए रविवार का दिन खास रहा। झारखंड की खिलाड़ी आशाइन जुरिएल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सात वर्ष आयु वर्ग के कुमिते में रजत और काता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

आशाइन ने कुमिते में श्रीलंका के खिलाड़ी को सेमीफाइनल राउंड में छह अंक के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि फाइनल राउंड में बांग्लादेश के खिलाड़ी से एक अंक के अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा आशाइन ने काता में कांस्य पदक जीता है। मौके पर विश्व कराटे संघ के तकनीकी आयोग के सदस्य भरत शर्मा ने रजत पदक पहनाकर आशाइन को सम्मानित किया।



## धार्मिक न्यास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ने लिया पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष जयशंकर पाठक और सदस्य राकेश सिन्हा, संजीव तिवारी, अजय मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया। देवघर, रजरप्पा, जगन्नाथपुर मंदिर रांची के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वास्तिक गायन किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख नवनियुक्त तमाम सदस्यों को बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि राज्य के तमाम मंदिरों जिर्णोद्धार और श्रद्धालुओं को मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होगी ताकि राज्य और देश के कोने-कोने से जो श्रद्धालु देवघर, रजरप्पा, या भद्रकाली मंदिर पूजा करने आते हैं उनको किसी प्रकार से कोई कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

वैसे मंदिरों में भी लोगों के सहयोग से पीपी मॉडल पर धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। जहां लोगों को ठहरने का भी व्यवस्था हो सके। पदभार ग्रहण करने के उपरांत बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा ने कहा कि रांची का पहाड़ी मंदिर रांची के हृदय स्थली के साथ-साथ राज्य का एक प्रमुख मंदिरों के शुमार में आता है, सावन माह में श्रद्धालुओं की काफी भीड रहती है बहुत जल्द पहाड़ी मंदिर में कैसे श्रद्धालुओं को सुविधा मिले ये तय किया जाएग। लापूंग में जो सांई मंदिर है उस मंदिर को भी विकसित करने का काम धार्मिक न्यास बोर्ड करेंगी।

पदभार समारोह में मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, अमुल्य नीरज खलखो, केशव महतो कमलेश, अशोक चौधरी, शमशेर आलम, शान्तनू मिश्रा, शैलेन्द्र यादव, अमरेन्द्र सिंह, संजय पांडे, मुकेश यादव, दिनेश लाल सिन्हा अजय सिंह, सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## इंटीग्रेटेड ग्लोबल हेल्थकेयर मिशन ने इबरार अहमद को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददा**

**रांची।** झारखंड के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता इबरार अहमद को इंटीग्रेटेड ग्लोबल हेल्थकेयर मिशन (आईजीएचएम) और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मैगजीन मेडगेट द्वारा आयोजित द्वितीय कस्टोडियन ह्यमिनिटी अवार्ड्स 2023 के तहत समाज के वंचित वर्गो के प्रति उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित गुड समरिटिन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार समारोह 17 जून को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई में आयोजित हुआ। इबरार अहमद मौलाना आज़ाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के संयोजक हैं, माही समाज की बेहतरी के लिए अथक प्रयास कर रहा है। माही सामाजिक अभियानों में आगे बढ़कर काम कर रहा हैं, जिनका उद्देश्य उन व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना है जो विभिन्न सामाजिक-आर्थिक कारणों से उन तक पहुंचने में असमर्थ हैं। इस अवार्ड को जाने माने लेखक और सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता मिन्हाज उल रशीद ने इबरार अहमद के प्रतिनिधि के रूप में प्राप्त किया।ये सम्मान न केवल माही बल्कि समस्त झारखंड के लिए गौरव की बात है।ये जानकारी माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने दी।




## चलती कार में लगी अचानक आग, बाल-बाल बचे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-39 पर शनिवार की रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को सड़क पर ही रोक दिया और कार में बैठे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सभी कार सवार के बाहर निकलते ही आग की लपटें और तेज हो गई। देखते ही देखते आधे घंटे में ही कार पूरी तरह से जल गई। आग लगने की सूचना पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। बताया जाता है कि चान्हो निवासी रतन साहू अपने परिवार के सदस्यों के साथ किराये की कार लेकर एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए लोहरदगा जा रहे थे। इसी दौरान चान्हो एनएच- 39 के पास स्थित पकरियो के समीप कार के पिछले हिस्से में आग लग गई।

## मोबाइल छिनतई मामले में एक नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**रांची :** अरगोड़ा थाना पुलिस ने मोबाइल छिनतई मामले में एक नाबालिग सहित दो लोगों को पकड़ा है। इनके पास से आठ मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद किया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने रविवार को बताया कि सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक और पटेल चौक से तीन मोबाइल स्नैचिंग होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुनदाग ओपी क्षेत्र से सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके निशानदेही पर तीनों घटनाओं में छिनतई किया गया।

## झारखंड में इमैजिनेशन ग्रुप की फ्रेंचाइजी का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंडवासियों के लिए अब किफायती दर पर देश-विदेशों के स्टार होटलों में सपरिवार ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए रियल स्टेट व टाइमशेयर इंडस्ट्री के क्षेत्र में मुंबई स्थित ख्यातिप्राप्त कंपनी इमैजिनेशन ग्रुप ने झारखंड में फ्रेंचाइजी/बिजनेस पार्टनर नियुक्त किया है। रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्लाह टोली स्थित मेहरून एनक्लेव में इमैजिनेशन ग्रुप की फ्रेंचाइजी का शुभारंभ किया गया। इमैजिनेशन ग्रुप के डायरेक्टर हीरा कुमार गुप्ता ने फ्रेंचाइजी कार्यालय का उद्घाटन किया। तत्पश्चात मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने बताया इमेजिनेशन ग्रुप की सदस्यता प्राप्त करने वाले सदस्यों को 25 वर्षो तक की सदस्यता शुल्क के रूप में मात्र दो लाख रुपए देने होंगे। इसके तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिवार के साथ विदेशों में छह रात और सात दिन स्टार होटल में निशुल्क ठहरने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए विश्व के 150 देशों के ढाई हजार डेस्टिनेशंस (स्थल) चयनित हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई सदस्य किसी कारणवश विदेश यात्रा पर नहीं जा सके, तो उन्हें प्रतिवर्ष आठ हजार रुपए वापस कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इमैजिनेशन ग्रुप के सदस्यों नागपुर में एक हजार स्क्वायर फीट कृषि योग्य भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर हसन अब्बास उर्फ कैसर, शालजा सांगा, फैजान अब्बास, मो अमीन, अब्दुस सुब्हान, जावेद अख्तर, आदिल रशीद, परवेज, मीता देवी, अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



## आजसू 22 को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी : डॉ. देवशरण भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान राज्य गठन के उद्देश्य का मूल्यांकन करते हुए राज्य की दिशा और दशा पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी के नेता और पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी करेंगे। 13 जुलाई 2023 तक भी विधानसभा में जनपंचायत आयोजित की जाएगी । इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो शामिल रहेंगे। अलग अलग विधानसभा में पार्टी के पदाधिकारी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। भगत रविवार को रांची के हरमू रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संकल्प दिवस को लेकर सभी नेताओं को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जिम्मेदारी दी गई है। इनमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रांची, खिजरी एवं सिल्ली, जबकि डुमरी और रामगढ विधानसभा में चंद्रप्रकाश चौधरी एवं सुनिता चौधरी, गोमिया विधानसभा में लम्बोदर महतो, बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में उमाकांत रजक सहित अन्य शामिल है।




**कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी के नेता और पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी करेंगे। 13 जुलाई 2023 तक भी विधानसभा में जनपंचायत आयोजित की जाएगी ।**

## बच्चों ने चित्रकारी कर मनाया फादर्स डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आइएफए इंटरनेशनल के प्रांगण में फादर्स डे का सेलिब्रेशन हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने पिता के लिए गिफ्ट बनाया। इस कार्यक्रम का नाम डीजाइन किया था।

इस कार्यक्रम में सीनियर ग्रुप के बच्चों ने अपने पिता के लिए कॉफी मग सुंदर से सजाया तथा जूनियर ग्रुप के बच्चों ने अपने पिता के लिए सुंदर-सुंदर कार्ड बनाएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अलमा हसन,अलीना, आलिया, अली, का सहयोग रहा, निर्णायक मंडली में शगुफ्ता बानो,आलिया,अलीना थे, विजेताओं को आईफा के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन ने सम्मानित किया और धन्यवाद दिया, विजेताओं के नाम इस प्रकार है द्रुअलीना फातिमा, जानवी, लावण्या, फैज़,जोहा, ईशा, कार्ड मेकिंग में, कॉफी मग में, आराध्या,अली, प्रथम श्रेणी मुनमुन, सरिया,सेकंड मिस्कत जोहरा, थर्ड प्राइज मिला, इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट श्रीमती वंदना नारायण तथा आसिफ रिजवी थे।



## एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद रात के अंधेरे में चमक रहे बालू तस्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनजीटी के प्रतिबंध के बाउजूद बालू तस्कर रात के अंधेरे में टर्बो ट्रक के माध्यम से बालू की तस्करी का खेल जारी है। बालू तस्करी का वर्तमान में मुख्य अड्डा चँदवा प्रखंड के डुमरो ग्राम के जंगल मे बना है। बताया जाता है कि नजदीक में ही दामोदर नदी तट से ट्रेक्टर के मध्यम से नदी से बालू की तस्करी कर जंगल मे डम्प कर छोड़ दिया जाता है। उसके बाद लगभग शाम छः से आठ बजे के बीच मे तस्कर अपने साथ टर्बो ट्रक के माध्यम से रात के लगभग 9 बजे से लेकर 11 बजे की बीच मे मैकलुस्कीगंज थाना के रास्ते से राँची के ओर भेजा जाता है। मैकलुस्कीगंज थाना से होकर रात के अंधेरे में टर्बो ट्रक से अवैध बालु की तस्करी जारी है। बालू माफिया दिन के उजाले में ट्रैक्टर के माध्यम से जंगल मे बालू का भंडारण करते है। शाम होते ही बालू तस्कर टर्बो ट्रक के माध्यम से बालू की तस्करी रात के अंधेरे में बेरोकटोक किया जाता है। बताना चाहते है कि चँदवा फॉरेस्ट से लेकर मैकलुस्कीगंज थाना,हाइवे पेट्रोलिंग करने वाले वाहन सहित रात के अंधेरे में पेट्रोलिंग करने वाले तीन चार थानों के वर्दीधारी तमाशबीन बने रहते है। वही इस संबध में जवाब मांगने के लिए खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या को फोन करके पूछे जाने पर सीओ ने फोन रिसीव नही किये।

## खराब जलमीनार बनाने के नाम पर 2 लाख 58 हजार की निकासी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के चुरी पूर्वी पंचायत में भ्रष्टाचार का एक और आयना सबके सामने दिख रहा है। पंचायत के 15 वे वित्त आयोग से चुरी पूर्वी पंचायत में खराब पड़े जलमीनार का मरमत्ती के लिये बाकायदा 15 वे वित्त आयोग से 2 लाख 58 हज़ार 980 रुपये का निकासी भी कर लिया गया। परन्तु चुरी पूर्वी के खराब पड़े जलमीनार अभी भी सूखा है। और पंचायत के ग्रामीण जलमीनार से एक बून्द कब गिरेगा इसका राह ताक रहे है। इस संबध में जब खलारी प्रखंड कार्यलय में जब पंचायत के मुखिया




सेवा उराँव से बात चीत किया गया तो सिरे से नकारते हुए कहा कि सभी जलमीनार बना दिया गया है। वही फिर ग्रामीणों से पूछने पर बताया कि पंचायत में खराब जलमीनार नही बनाया गया है। ग्रामीणों ने खराब पड़े जलमीनार व सूखा पड़े कंठ का फोटो भी भेज दिया। मुखिया से पूछताछ करने के बाद मुखिया खुद हरकत में आया। और खराब पड़े जलमीनार का मरमत्ती के लिए ग्रामीणों से 200 रुपये का चंदा कर बनाया जा रहा है। वही पंचायत के दूसरा जलमीनार में लगे समरसेबुल मशीन खराब हो जाने के बाद वारेंटी में नया लगया गया। परन्तु चालू करने के लिए भी ग्रामीणों से चंदा किया गया है। सूचना के अनुसार चुरी पूर्वी पंचायत में दो जगह का जलमीनार का मरमत्ती किया गया। लेकिन ग्रामीणों की दक्षिणा के सहयोग से।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पंडरानी स्थित नदी पर पुल का शिलान्यास किया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रविवार को तमाड़ - सारजमडीह पथ स्थित पंडरानी नदी पर पुलिया निर्माण का शिलान्यास किया। पुल की कुल लंबाई 31 मीटर है। जिसके प्राक्कलित राशि दो करोड़ रूपया है। इस उच्च स्तरीय पुल के बन जाने से लोगों को सुविधा मिल जायेगा। पुराने पुल काफी जर्जर हो चुकी थी। एवं पुलिया कमजोर भी हो गई थी। जिससे खतरा की आशंका बनी हुई थी। अब टू लेन सड़क का निर्माण होगा इसलिए पुलिया चोड़ी करना जरूरी था। इस मौके पर एक सभा का भी आयोजन किया गया सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा की केंद्र की सरकार बहुत सारी योजनाएं चला रही है। जिसका आप लाभ उठा सके फिलहाल प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं में बालु की किल्लत हो रही है। स्थानीय लोगों द्वारा बालु की उठाओ किए जाने पर पुलिस प्रशासन द्वारा मुकदमा दर्ज किया जा रहा है । और बालु माफियाओं द्वारा प्रशासन की मिलीभगत से बालू का उठाव जारी है। जो बाहर ले जाकर उच्ची कीमतों में बेची जा रही है।

## अड़की पुलिस ने घने जंगलों के बीच सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा सूदूरवर्ती घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसा है ज्यादातर आबादी इन इलाकों में रहते हैं जहां आज सभी इक्कीसवीं सदी का विकास शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार की थोड़ी कमी देखी जाती है इन जगहों में समय-समय पर वर्षो से चली आ रही सामाजिक कुरीतियां भी देखने को मिलती है जिसके दुष्प्रभाव से लोग महिलाओं की जान भी लेते हैं डायन बिसाही का मामला भी कुछ ऐसा ही है जिसके कारण कई हत्याएं हो जाती हैं कभी कभी तो गांव वाले इस डायन प्रथा से इतने अंधे हो जाते हैं की गांव की महिलाएं खुद असुरक्षित और असहाय महसूस करती हैं बहरहाल आज खुंटी जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर एक सुखद और साकारात्मक कदम देखने को मिला।आज अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन के नेतृत्व में अड़की थानांतर्गत बोहंडा पंचायत के ग्राम रोकाब एवम ग्राम कोचांग के लोगों को मुखिया के समक्ष हिंदी एवम् मुंडारी भाषाओं में डायन बिसाही कुप्रथा के रोकथाम एवम् डायन प्रथा अधिनियम , 2001के अपराध एवम् दण्ड से सबंधित प्रावधानों के बारे जागरूक किया साथ ही मॉब लीचिंग, यातायात नियमों तथा अवैध अफीम के रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया साथ ही बुजुर्ग महिला एवम् पुरुषों के बीच लूंगी एवम् साड़ी तथा बच्चो के बीच चॉकलेट का वितरण किया गया ।

## आम सभा किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** 18 जून दिन रविवार को बिसा सरई टोली में एक आम सभा किया गया जीसमे बैठक की अध्यक्षता विजय उरांव एवं संचालन हर्षनाथ भोगता के द्वारा संपन्न किया गया । बैठक में बिसा पंचायत अंतर्गत बिसा सरई टोली में खनन कार्य का विरोध किया गया । बिसा सरई टोली में माइनिंग कंस्ट्रक्शन का जमीन जिसका खाता संख्या 16 एवं 26 से संबंधित और संख्या 177 145, 143 144 176 182 रकबा 4. 32 एकड़ है जो 26/05/ 2023 को ग्राम सभा बिसा के ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक के द्वारा ग्राम सभा का अनापत्ति ( noc) पत्र दिया गया जो सरासर गलत है क्योंकि माइनिंग प्रभावित क्षेत्र के



लोग ग्राम सभा में उपस्थित नहीं थे इसलिए संबंधित खनन प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा खनन अनापत्ति का विरोध करते हुए खनन कार्य किसी भी परिस्थिति में नहीं होने देने का निर्णय लिया । बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम सभा पंजी का गलत उपयोग करने के कारण ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक को ग्राम प्रधान पद से हटाया जाए । मौके पर मुखिया मंजूती देवी उप मुखिया संजय भोगता पंचायत समिति मनेसर मुंडा भाजपा नेता सत्यदेव मुंडा पूर्व पंचायत समिति सबिता देवी बेती ग्राम प्रधान कमलकांत मुंडा वार्ड बिनोद पहान रजनी देवी अनिल बड़ाईक देवनरायण बेदिया लालचंद भोगता अजय मुंडा रोहित बेदिया बालेसर उरांव सुरेश उरांव सुभास मुंडा अशोक बेदिया अरविंद लकड़ा उपस्थित थे।

## जेएमएम ने कोंनका ग्राम में किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का बैठक मायापुर पंचायत के कोंनका ग्राम में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष रामदेव गंझू व संचालन बिजय मुंडा ने किया। बैठक में पंचायत के जनसमस्या पर चर्चा किया गया। चर्चा में मुख्य रूप से सिचाई कुप,सड़क, नाली,पेय जल की समस्या पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि रूप में प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान



विशिष्ट अतिथि प्रखंड सचिव चितरंजन सिंह,सक्रिय सदस्य संभु दास उपस्थित थे। मौके पर हैदर अली खां, बिजय मुंडा,संजय यादव,फनी गंझू,नरेश गंझू,बिलासो देवी,मनीषा कुमारी,कलमतिया भोगता,बुधनी देवी,झुकनी देवी,ऋत्वा देवी,झालो देवी,हिरामन गंझू,झुनू गंझू,मैना देवी,सलदेव गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

## अभाविप की बैठक में योग दिवस पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई हिरणपुर की बैठक रविवार को परिषद कार्यालय में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर मंत्री सुरोजित मंडल ने की। आयोजित बैठक में प्रदेश अभ्यास वर्ग अनुभव कथन, आगामी 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान समारोह सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित साहा ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पर चर्चा करते हुए सबको बताया कि योग करने के कई फायदे हैं। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है।यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। इसके लिए सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष तपन ठाकुर, नगर सह मंत्री आयुष चौधरी, नगर सह मंत्री रंजित कुमार, नगर सह मंत्री सुप्रिया कुमारी, नगर छात्रा प्रमुख भाग्यश्री कुमारी, नगर कलामंच प्रमुख बेहुला कुमारी, खुसबू कुमारी, महाविद्यालय अध्यक्ष श्याम दे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किशोर-किशोरियों को स्वस्थ्य रहने का दिया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** प्रखंड क्षेत्र के डांगापाड़ा पंचायत सचिवालय में अनामय कार्यक्रम (जनजाति स्वास्थ सहयोग) अंतर्गत पिरामल स्वास्थ ने 15 से 29 वर्ष के किशोर-किशोरियों को युवा प्रेरक के रूप में प्रजनन एवं यौन स्वास्थ विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यशाला में 20 किशोर-किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा गीत से की गई। टीएचसी कम्युनिटाइजेशन के जिला समन्वयक मो. सनीफ अंसारी एक विशेष कार्यक्रम संयोजक प्रशिक्षक



के रूप में पूरा प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि किशोरावस्था एवं योवनावस्था जीवन का एक ऐसा पहलू है, जिसमें शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक परिवर्तन आता है। अगर सही समय पर इन बदलावों से जुड़ी जानकारी उन्हें प्राप्त न हो तो जीवन में स्वास्थ्य जोखिम का खतरा बढ़ जाता है।

मौके पर पहुंचे जनजाति स्वास्थ सहयोग, पिरामल स्वास्थ के संथाल परगना प्रमंडलीय प्रबंधक तुहिन बनर्जी ने किशोर-किशोरी प्रजनन व यौन स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने बताया कि किशोर-किशोरियों युवा प्रेरक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज के बीच जागरूकता लाने का काम करेंगे। मौके पर बीटीटी रेखा रानी ने प्रशिक्षण में आई युवक युवतियों को परिवार नियोजन के विधि के बारे में चर्चा की।

## एंडेवर अकादमी में नामांकन को लेकर आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** एंडेवर अकादमी में नामांकन को लेकर रविवार को संचालित प्रवेश परीक्षा कड़ी निगरानी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा के लिए 800 छात्रों ने फॉर्म भरा था। जिसमें 750 परीक्षार्थी शामिल हुए, वहीं 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर परीक्षार्थियों के लिए दो परीक्षा केंद्र धनुषपुजा मध्य विद्यालय एवं राज प्लस टू उच्च विद्यालय में बनाए गए थे।धनुषपुजा मध्य विद्यालय में 200 परीक्षार्थियों का परीक्षा लिया जाना था. जहां 187 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं राज प्लस टू उच्च विद्यालय में 589 परीक्षार्थियों लिए सेंटर दिया गया था। जिसमें 563 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित



रहे।परीक्षा के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त वरूण रंजन ने बारी-बारी से दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर सीएसआर के तहत बीजीआर माइनिंग के द्वारा एंडेवर आकदमी के माध्यम से जिले के 400 छात्रों को निन्शुल्क कोचिंग दिया जाएगा। साथ ही नामांकित सभी छात्रों को पठन सामग्री भी निन्शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में कई होनहार छात्र है, जो आर्थिक परेशानी की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते है। जिसको ध्यान में रखते हुए उक्त अकादमी की शुरूआत की जा रही है। अब जिले के प्रतिभावान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अपने ही जिले में यह सुविधा प्रदान की जा रही है।

## कार्यशाला में बाल संरक्षण की दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** लोक कल्याण सेवा केंद्र देवीनगर द्वारा दो दिवसीय यूथ कंसल्टेशन (कार्यशाला सह प्रशिक्षण) का खजूरदंगाल पंचायत भवन में आयोजन किया गया। जिसमें यूथ को अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक किया गया। वहीं बाल संरक्षण मुद्दे एवं उससे संबंधित कानून और अधिकार के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि साल 1992 में जेनेवा में यूएनसीआरसी को स्वीकार किया गया कि बच्चा का मतलब है। जिसकी उम्र 18 साल से



कम हो। वहीं संस्था के राजीव रंजन द्वारा बताया गया कि बच्चों का क्या क्या अधिकार है, बच्चे को लेकर विभिन्न कानून व अधिनियम जैसे किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत बाल कल्याण समिति की जानकारी दी गई। इस समिति में ऐसे बच्चों को उपस्थित किया जाता है जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की जरूरत हो। असहाय बच्चे, घर से भागे हुए बच्चे, बाल तस्करी के शिकार बच्चे एवं किशोर न्याय बोर्ड में ऐसे बच्चों को उपस्थित किया जाता है जो विधि का उल्लंघन करता हो। उपस्थित सभी यूथ को ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से बच्चों के लिए बनाए गए विभिन्न कानून व अधिनियम के बारे में बताया गया। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया। वहीं संस्था के लीवीन सी बाबू द्वारा खेल खेल के माध्यम से प्रभावी संचार एवं रचनात्मक सोच से संबंधित बातें सिखाई गई। साथ ही साथ युवाओं के द्वारा निबंध एवं आवेदन लिखने हेतू सिखाया गया। सुचित्रा मुर्मु द्वारा बताया गया कि क्लीन एवं हेल्थी इन्फॉरमेंट हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक है। युवाओं को पर्यावरण एवं जल संरक्षण की रक्षा हेतू शपथ दिलाई गई।

## गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए कक्षा केजी से कक्षा 8 तक के जिले के सभी विद्यालय 19 जून से 21 जून तक रहेंगे बंद

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त/ गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 8 तक 19 जून से 21 जून तक बंद करने का निर्देश जारी हुआ है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखंड सरकार द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है। जिले के उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि बढ़ती गर्मी एवं तापमान से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है, इसको देखते हुए कक्षा केजी से कक्षा 8 तक के जिले के सभी विद्यालय 19 जून से 21 जून तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं प्रातः 7 बजे से 11~00 बजे तक संचालित होगी। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जाएगा।

## राहुल गांधी ने सत्य के लिए सत्याग्रह का मंत्र दिया : तस्लीम आरिफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में 53 किलोमीटर लंबी ÷भारत जोड़ो यात्रा÷ निकाली गई. भारत जोड़ो यात्रा रविवार को पूर्वाह्न 10~30 बजे खूंटी के उलिहातू से शुरू हुई. उलिहातु, खूंटी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पर श्रद्धांजलि देने और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित कर यात्रा



आरंभ हुई.जिसका समापन सोमवार को दोपहर 12 बजे रांची स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ होगा.पाकुड़ के युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ उर्फ बुलेट भी यात्रा में सम्मिलित हुए।यात्रा का शुभारंभ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी के द्वारा किया गया.युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की जो पहल राहुल गांधी ने की है उसे युवा कांग्रेस झारखंड में आगे बढ़ाएगी. कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष तस्लीम आरिफ ने कहा कि झारखंड शुरू से ही क्रांति की धरती रही है. जब-जब देश को नए विचारों, नए संघर्षों की जरूरत पड़ी है, झारखंड के युवा सामने आए हैं. उन्होंने कहा कि देश में इन दिनों भ्रष्ट लोगों के हाथों में सत्ता है.

जिससे हमारे देश की मूलभूत पहचान, हमारा संविधान और हमारी एकता-अखंडता सभी खतरे में हैं. उन्होंने कहा कि आज स्थिति ऐसी है कि कोर्ट, मीडिया, प्रशासन हर किसी का दुरुपयोग भाजपा और उसकी सरकार द्वारा किया जा रहा है. देश में आम जनता की आवाज दबाई जा रही है. उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अंग्रेजों ने हमारी जमीन और हमारी पहचान पर हमला बोला था और भगवान बिरसा को भी जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़नी पड़ी थी और आज भी मोदी सरकार अलग-अलग तरीकों से कभी किसान विरोधी कानून, तो कभी भूमि अधिग्रहण कानून के साथ हमारी जमीन को छीनने की कोशिश की है, लेकिन हर बार इस कोशिश को नाकामयाब किया है।उन्होंने कहा कि हम सबके नेता राहुल गांधी ने सत्य के लिए सत्याग्रह का मंत्र दिया है. इस मौके पर पाकुड़ से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी समेत जलालुद्दीन, जोहर ,अजीज व सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे थे।

## आईसीटी अनुदेशकों की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** झारखंड आईसीटी स्कूल कोऑर्डिनेटर्स वेल्फेयर एसोशिएशन के पाकुड़ जिला इकाई की आज बैठक हुई। बैठक में विगत 2017 से संचालित आईसीटी परियोजना के तहत बाह्य स्रोतों से जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत आईसीटी अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि, सेवा का नियमितीकरण, समग्र शिक्षा अभियान में समायोजन, मातृत्व अवकाश-विशेष अवकाश के लाभ का सुनिश्चितीकरण, पीएफ-एआईएससी से संबंधित समस्याओं का समाधान आदि बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की गई।



संघ की मजबूती के लिए वित्तीय लेन-देन के लिए पाकुड़ जिला इकाई के नाम से बैंक खाता खोले जाने का प्रस्ताव आया। जिस पर सबों की सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता मो. बशीरुद्दीन के द्वारा की गई। जिसमें संघ की सचिव रीना कुमारी, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार पांडेय तथा अन्य अनुदेशक उपस्थित रहे।

## वीरांगनाओं ने रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजली



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अंतराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना झारखंड प्रदेश की वीरांगनाओ ने अंतराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के निर्देशानुसार जमशेदपुर के राममंदिर प्रांगण मे झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई को श्रद्धांजली दी, उनके तस्वीर पर सभी वीरांगनाओ ने पुष्प अर्पित की। इस अवसर पर तप्ती गर्मी मे वीरांगनाए ने गरीबो को कोल्ड ड्रिंक पिलाकर थोडी राहत दिलाई। इस अवसर पर रजनी सिंह, अर्चना सिंह, अंजली सिंह, सुनीता सिंह, प्रीती सिंह, पार्वती सिंह, धृति सिंह, बबली सिंह और रेनू सिंह उपस्थित थी।

## संकोसाई में तलाकशुदा महिला की गला रेतकर हत्या

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उलीडीह थाना क्षेत्र के संकोसाई रोड नंबर 1 स्थित केंदूकोचा में रविवार की सुबह एक तलाकशुदा महिला का शव पाया गया। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की जानकारी उलीडीह पुलिस को दी। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय तलाकशुदा नागी लकड़ा के रूप में की गई। बताया जाता है कि नागी की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि युवती की हत्या कर शव को उक्त स्थान पर फेंका गया है। इस संबंध में जांच की जा रही है। जल्द आरोपी कानून के शिकंजे में होगा।

## सामुदायिक भवन में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति जमशेदपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में छोटा गम्हरिया के दुर्गापूजा मैदान स्थित समुदायिक भवन में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के समाजसेवी फुलकांत झा ने किया। इस दौरान विभिन्न रोगों के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की दस सदस्यीय टीम में शामिल चिकित्सक डॉ एकता अग्रवाल, डॉ प्रकाश, डॉ अभिषेक कमलेश आदि द्वारा कुल 255 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श व आवश्यक दवाएं दी गई। नेत्र जांच के दौरान 18 मोतियाबिंद पीड़ित मरीज़ मिले जिनका पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के महासचिव सह रोटरी कल्ब के अध्यक्ष शंकर पाठक, रोटेरियन अशोक झा, कुसुम ठाकुर, दर्शन सिंह चौहान, शिशिर मिश्र, अशोक झा पंकज, शिशिर झा, सुजीत झा, रंजीत झा, शिवचंद्र झा, ललन चौधरी, तरुण मिश्र, राघव मिश्र, दिलीप ठाकुर, एक्सआईटई के एनएसएस अधिकारी नवल नारायण चौधरी आदि का अहम योगदान रहा।

## चांडिल गोलचक्कर साहेरबेड़ा चौक का हुआ नामकरण

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चांडिल प्रखंड के चांडिल गोलचक्कर साहेरबेड़ा में कुड़मि संस्कृति विकास मंच की टीम के द्वारा नए चौक का नामकरण कुड़मि कुड़मालि के पुरोधा भाषा विद दिवंगत लक्ष्मीकांत महतो मुतरूआर के नाम पर किया गया। मौके पर सारियान काड़ुआर, देवाशीष महतो,दिलीप काड़ुआर ,सुभाष महतो,आमीन महतो, मनीष महतो, सीताराम महतो, प्रशांत महतो,कमलेश महतो, दिग्विजय महतो, प्रवीण महतो एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## सीनियर व जूनियर स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप के चयन ट्रायल शिविर आयोजित



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला स्विमिंग एसोसिएशन के सौजन्य से रविवार को सरायकेला में जूनियर सब जूनियर एवं सीनियर तैराकों का ट्रायल लिया गया। ट्रायल और चयन के पश्चात ये तैराक वीर बुद्धू एक्वेटिक स्टेडियम रांची में 8 जुलाई से आयोजित जूनियर एवं टाटा जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स जमशेदपुर में 23 जून से आयोजित सीनियर स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप 2023 में जिले का प्रतिनिधत्व करेंगे। आज प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू एवं सचिव मोहम्मद दिलदार ने संयुक्त रूप से किया। चयन प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन प्रतियोगिता के आयोजन में प्रशिक्षक सुदामा सिंह देव एवं किरण कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## पटमदा में आप नेता गणपति करुआ ने किया श्राद्धकर्म में मदद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्यकर्ताओं के सूचना पर आम आदमी पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ रविवार को पटमदा प्रखंड की लावा पंचायत के जलडहर निवासी दिवंगत रवि सिंह के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने रवि सिंह की श्राद्धकर्म हेतु उनकी पत्नी जितमनी सिंह को सुखा राशन देकर मदद किया। इस दौरान पटमदा प्रखंड अध्यक्ष मनसाराम पावरी, जिला सचिव शंभू सिंह, दिलीप महतो, शत्रुघन सिंह, अशोक सोरेन, अशोक बानरा,समीर महतो, करण सरदार, फूलचंद महतो सुधांशु महतो आदि उपस्थित थे।

# आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण जरुरी : राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड के के.एन.जे. हाई स्कूल में वन प्रबंधन एवं संरक्षण महासमिति और जोहार भारत फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है और इसके लिए पूरा विश्व चिंतित है। पर्यावरण असंतुलन के कारण सूखा, अत्यधिक गर्मी, अनावृष्टि, बेमौसम अतिवृष्टि इत्यादि में वृद्धि हो रही है जिसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन होना, कूड़े-कचड़े और अपशिष्ट पदार्थो का अनियोजित ढ़ंग से फेंका जाना, कल-कारखानों के निर्माण के साथ ही उससे होनेवाले प्रदूषण को रोकने के उपाय का अभाव, कीटनाशक पदार्थों का अंधाधुंध प्रयोग, वैज्ञानिक तकनीक का न अपनाना तथा जानकारी का अभाव होना है। उन्होंने कहा कि निरंतर बढ़ती हुई जनसंख्या की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा उनके आर्थिक स्तर में वृद्धि के लिए औद्योगिक विकास अत्यंत ही आवश्यक है। परिवहन के साधन में भी वृद्धि होना जरूरी है, लेकिन इसके साथ वृक्षारोपण में भी वृद्धि भी उसी अनुपात में आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि आज भू-गर्भ जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। विभिन्न जिलों में भ्रमण के क्रम में वहाँ जल-स्तर एवं सिंचाई संबंधी समस्या से लोगों ने मुझे अवगत कराया। उनके द्वारा उपायुक्त एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जल-संचयन हेतु लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निदेश दिया गया। इसके लिए राज्य सरकार का भी ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हमारा राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है, देश का सर्वाधिक खनिज संपदा यहाँ मौजूद हैं, यदि इसका सुनियोजित तरीके से उपयोग किया जाय तो दुनिया की कोई ताकत हमारे राज्य की समृद्धि को रोक नहीं सकती, बस पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि इस संस्था द्वारा 5 जून से 17 जून तक गाँवों में पर्यावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आज समापन समारोह है। संस्था द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य किया जाना सराहनीय है। पर्यावरण के क्षेत्र में पद्मश्री जमुना टुडू का उल्लेखनीय योगदान रहा है। प्रधानमंत्री ने भी उनके कार्यो की सराहना की है। राज्यपाल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों के साथ राज भवन में उनके द्वारा 50 से अधिक पौधे लगाये गये। उनका प्रयास है कि आने वाले एक वर्ष में राज्य में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जाये जिसमें 90 प्रतिशत फलदार पौधे हों। राज्यपाल ने सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु आग्रह किया ताकि आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे। राज्यपाल ने उक्त कार्यक्रम में 10वीं की स्टेट टॉपर श्रेया एवं जिला टॉपर कुणाल, जो चाकुलिया के रहने वाले हैं, को सम्मानित किया। साथ ही पर्यावरण के रक्षा करने वाले एवं अन्य सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।

## सरकार की योजनाओं से मूलभूत आवश्यकताओं की हो सकती है पूर्ति : राधाकृष्णन



**जमशेदपुर :** सूबे के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड के भातकुंडा ग्राम में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती हैं परंतु आपको आगे बढ़ने के लिए सतत प्रयास करना होगा, यह भी आवश्यक है कि आपके परिवार एवं समाज में नशापान न हो, नशापान करने से आपके एवं आपके समाज का विकास नहीं होगा। उन्होंने पीवीटीजी समुदाय से उनके लिए संचालित डाकिया योजना के तहत खाद्यान्न योजना के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने के पश्चात हर्ष प्रकट किया कि पीवीटीजी समुदाय को सरकार द्वारा संचालित योजना की जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप अपने बच्चों को अवश्य शिक्षा प्रदान करें। राज्यपाल ने वन पट्टा के समीक्षा के क्रम में हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि यहां पर इस योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य आवास योजना के लाभ के संदर्भ में भी पृच्छा की। राज्यपाल को उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना,आंगनबाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्रामीण योजना समेत केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। राज्यपाल महोदय द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तुरियाबेड़ा में भाजपा ने ग्रामीणों के साथ किया बैठक, समस्याओं को किया सूचीबद्ध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के देवघर पंचायत अंतर्गत तुरियाबेड़ा शिव मंदिर परिसर में रविवार को ग्राम प्रधान कान्हाई सिंह की आग्रह पर भाजपा नेता विमल बैठा ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए ग्रामीणों का समस्याओं को सुना और समाधान करने हेतु समस्याओं को सूचीबद्ध किया। कई ग्रामीण व जरूरत मंद परिवारों ने बताया कि जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय की दूरी करीब 30 किमी होने के कारण योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार बार प्रखंड कार्यालय में चक्कर लगाना संभव नहीं हो पाता है। जरूरत मंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ग्राम प्रधान कन्हाई सिंह की आग्रह पर गांव में बैठक किया गया और लोगों से बृद्धा व विधवा पेंशन, पीएम आवास, राशन कार्ड आदि आवेदन प्राप्त किया गया। विमल बैठा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर सभी लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायेंगे। इस दौरान विजय सोय, कन्हाई सिंह, ओम प्रकाश रजक, जीतू कुमार ,आकाश श्रीवास्तव, शैलेंद्र शर्मा, रवि धारा, अमित शर्मा, विष्णु प्रमाणिक, तहसीन हाशमी, मेराज अहमद, परमजीत सिंह, बसंती सिंह, मनोज बोदरा, उत्तम कर्मकार आदि लोग उपस्थित थे।

## ग्राम प्रधान महासभा सरायकेला खरसावां समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** ग्राम प्रधान महासभा सरायकेला खरसावां जिला समिति की बैठक छोटा गम्हरिया पंचायत भवन में जिलाध्यक्ष सूरज लाल महतो की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित महासभा के केंद्रीय सचिव सीताराम तियू द्वारा लाए गए कई प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर सभी ग्राम प्रधानों को सम्मानित राशि के रूप में 8 हजार रुपए देने, मानकी मुंडा की तरह ग्राम प्रधानों को भी दोपहिया वाहन प्रदान करने, सीएम द्वारा जोहर यात्रा के दौरान की गई घोषणा के अनुसार ग्राम प्रधानों को आवास उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य बीमा कराने आदि प्रस्तावों पर विचार कर इस बाबत सीएम से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में दिवंगत ग्राम प्रधान देवानंद महतो एवं पितो बास्के के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में नरसिंह मुर्मू, रतन लाल महतो, मो खालिद, प्रह्लाद महतो, रघुनाथ मंडल, साधन महतो, शंकर सोय, विनोद महतो समेत काफी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## कायस्थ महासभा ने किया यूपी विधायक का अभिनंदन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के विधायक सह योगी सरकार के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के शहरागमन पर आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने उनका भव्य स्वागत किया. सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में सांसद विद्युत वरण महतो, लोकसभा के कलस्टर हेड जवाहर पासवान, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, महामंत्री अजय श्रीवास्तव, भाजपा के महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव आदि भी अतिथि के रुप में मौजूद थे. अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष डा. मनोज सिन्हा ने किया. कार्यक्रम का संचालन महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर ने किया. ज्ञात हो कि विधायक श्री सिंह आज शहर प्रवास के दौरान भाजपा द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए. इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती की दिशा में चर्चा भी की. उनके स्वागत समारोह में राजकुमार श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, श्याम बिहारी लाल, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मंजू सिन्हा, अतुल चंद्रा, अजय वर्मा, अमरेंद्र मलिक, सुजीत श्रीवास्तव, शम्मी श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अजय सिन्हा, संजय वर्मा, संजीव सिन्हा, ऋतुराज, अविनाश मोहंती, राहुल श्रीवास्तव, अचल श्रीवास्तव, तारा चंद श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव, गौरव, दिलीप वर्मा, मनोज सिन्हा, गुरु सहाय, नरेश वर्मा आदि मौजूद थे.

## पटमदा के बेलटांड़ से बोलेरो वाहन की चोरी, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क के किनारे झामुमो नेता अश्विनी दास के बेलटांड़ स्थित घर के बाहर लगी बोलेरो वाहन की चोरी अज्ञात लोगों द्वारा शनिवार की देर रात कर ली गई है। इस मामले में पटमदा थाना में वाहन मालिक सनातन दास के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने बताया कि झामुमो नेता सह वार्ड सदस्य अश्विनी दास के बड़े दामाद सनातन रोज की भांति कल रात को गाड़ी बेलटांड़ में छोड़कर अपने घर चला गया था। इस घटना के बाद से क्षेत्र के वाहन मालिकों समेत अन्य लोगों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र में अब तक बाइक चोरी, समर्सिबल पंप समेत कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है और उसका खुलासा अब तक नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। सूत्र बताते हैं कि चोरी की घटना रात के 12 बजे के बाद ही हुई है क्योंकि बेलटांड़ बाजार की एक दुकान के बाहर लगी सीसीटीवी कैमरे में गाड़ी को जमशेदपुर की ओर ले जाने की तस्वीर कैद हुई है।

## जेईई में नारायणा जमशेदपुर के 39 छात्रों का चयन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ''नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपु के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. (एडवान्स)-2023 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में रिजल्ट जांचे जाने तक 39 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है।

**नारायणा जमशेदपुर से जेईई(एडवान्स) 2023 में सफल छात्र-छात्राओं की सूची:** अरित्रा कोलाय (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-2816), सुमित कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-3797, ओ.बी.सी.-707), अर्चिसा पाल ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-8699), पुस्कर (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-11211), शिवान्स सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-12495), स्वयं श्रीवास्तव (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-12791), रिषभ सिंगरौर (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-15120), सोमेश गोराई (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-16526), दिव्यांस दत्ता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-18861), प्रशांत कुमार शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-20778, ओ.बी.सी.-5358), आयुष कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-22473, ओ.बी.सी.-5854), रश्मि बेसरा (ऑल इंडिया रैंक-एस.टी.-1578)। श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जाती है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैंकिंग का पता चलता है।

## मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंडल कारा सरायकेला में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कई बंदियों द्वारा दिए गए आवेदन में 04 मामलों पर विचार किया गया। सीजेएम कोर्ट के एक मामले का निष्पादन किया गया जिसमे एक अभियुक्त मुक्त हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविताजंली टोप्पो, एसडीजेएम सरायकेला सुशील कुमार पिंगुआ, जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया सहित कारागार एवं न्यायालय के कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे। उपस्थित बंदियों को विधिक जागरूकता शिविर के तहत विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## जगन्नाथ की रथ यात्रा बिष्टुपुर राम मंदिर से निकलेगी कल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इस्कॉन जमशेदपुर द्वारा प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा 20 जून को बिष्टुपुर राम मंदिर से निकाली जाएगी। इस्कॉन भक्तों के साथ साथ शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों एवम भक्तो की कीर्तन मंडली, हरे कृष्णा -हरे रामा के महामंत्र की धुन पर अपने प्रभु जगन्नाथ, मां सुभद्रा एवं बलभद्र जी के रथ को मौसी बाड़ी तक ले जाएंगे। रथ यात्रा के लिए तीन रथ तैयार किए गए हैं , जिस पर प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र जी विराजमान हो कर अपने भक्तो के साथ नगर भ्रमण करेंगे । इस आयोजन में जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों से, हजारों की संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इसको लेकर आज बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर में एक अहम बैठक आयोजित की गई । इस्कॉन मंदिर जमशेदपुर के प्रमुख स्वामी पद्मनाभ जगन्नाथ दास जी की अध्यक्षता में संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। लगभग 750 की संख्या में विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक तीनो रथों की अलग-अलग जिम्मेदारी निभाएंगे । रथयात्रा दोपहर 2:30 बजे बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर से आरंभ हो कर, गोपाल मैदान जुस्को गोल चक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, कीनन स्टेडियम, साक्षी बड़ा गोल चक्कर, कालीमाटी रोड होते हुए शहीद चौक, जे एन ए सी गोल चक्कर पर जाकर संध्या 7:30 बजे समाप्त होगी।

## लाइफ लाइन मानी जाने वाली सुवर्ण रेखा नदी खुद है प्यासी, किसान चिंतित

**अरूण कुमार मांझी @ प्रभात मंत्र**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र का लाइफ लाइन मानी जाने वाले सुवर्णरिखा नदी भीषण गर्मी से पुरी तरह से सुख गया है। बालुओ की सफेद चादर से ढके सुवर्णरिखा नदी की मानो अस्तित्व ही मिट गया है और एक रेगिस्तान का मंजर देखने को मिल रहा है। सुवर्ण रेखा नदी पर नीचे चांडिल डैम में विशाल जल का भंडारण है और ऊपर कांची नदी का भी पानी आता है,मगर कुकड़ु व ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में सुवर्णरिखा नदी एक एक बुंद पानी को तरस रहा है। आपको बता दूं कि ईचागढ़ और कुकडू क्षेत्र में 90 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित है। नदी किनारे बसे गांव के किसान रबी फसल कर अपना कृर्षी उपज उगाते हैं। कड़ी मेहनत



कर सुवर्ण रेखा नदी के जल के भरोसे फसल उगाते हैं। वहीं इस वर्ष नदी सुख जाने से किसानों का चेहरे पर चिन्ता की लकीर साफ झलक रही है। सुवर्णरिखा नदी में अभी कुंए की तरह गढ्ढा खोदकर पटवन करना पड़ रहा। किसान अपने फसलों को बचाने के लिए पंप सेट लगाकर गढ्ढों से पानी पटवन करने का जद्दोजहद में लगे हुए हैं। किसान खाशे परेशान हैं , चुंकि अब तक एक भी भारी बर्षा नहीं होने और न ही डैम का पानी को लिफ्ट के माध्यम से ही सरकार खेतों में पानी का व्यवस्था करते हैं। कुकडू के सापारूम, तिरूलडीह, सपादा तथा ईचागढ़ के बामनडीह, जारगोडीह, खीरी, रायडीह आदि नदी किनारे करीब सौ एकड़ जमीन पर किसान खेती कर रहे हैं। मगर इस वर्ष काफी गर्मी में किसानों को पटवन के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

**सुवर्ण रेखा पर बने डैम :** जमशेदपुर के शहरों में बसे कम्पनी सहित हजारों लोगों की प्यास बुझाता है वहीं आज वो खुद प्यासा है। सुवर्णरिखा नदी इस कदर सुख गया है की एक एक बुंद पानी के लिए खुद नदी ही तरस रहा है। सुवर्णरिखा नदी पर करीब 40 वर्ष पूर्व चांडिल डैम का निर्माण किया गया था। यह सुवर्णरिखा बहुद्देशीय परियोजना के तहत् निर्माण किया गया था। जिसमें झारखण्ड, बंगाल, उड़ीसा के किसानों को लाभ पहुंचाना था। साथ ही जमशंदपुर जैसे शहरों को पानी देना मुख्य उद्देश्य था। वहीं पूर्व मुखिया सह किसान तपन सिंह मुण्डा ने बताया कि किसान केसीसी ऋण लेकर रबी फसल कर रहे हैं । भीषण गर्मी से सुवर्ण रेखा नदी सुख गया है । किसानों को अपना फसल बचाना चुनौती हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को लिफ्ट के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना चाहिए।

## संपादकीय

# पर्यटन को निगाह चाहिए

पर्यटन की आंखें हर ओर देख लेती हैं, जरूरत है इन्हें रास्ता दिखाने की। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली को पालमपुर के किसान मेले में आकर लगा कि ऐसे इंतजाम को पर्यटन की निगाह मिल जाए तो प्रदेश के कृषि-बागबानी विज्ञान केंद्र सैलानियों से सराबोर हो जाएंगे। दरअसल हिमाचल में 'टूरिज्म इन आल डिपार्टमेंट्स' की पालिसी पर अमल करें तो प्रदेश को देखने की आंखें बदल जाएंगी। पर्यटन को अगर दक्षिण, पश्चिम और पूर्वोत्तर राज्यों की निगाह से देखें तो ऊना, हमीरपुर, सिरमौर व बिलासपुर जैसे सीमांत जिला भी डेस्टिनेशन हैं। सवाल यह है कि हम इधर-उधर लांघते पर्यटन को हर जगह रोक के बताएं। क्या हम योजनाएं बनाते हुए सोचते हैं कि ऊना या हमीरपुर का पर्यटन पैकेज क्या होगा। आरंभिक दौर में पर्यटन निगम की सामग्री में यह जोर था कि हर क्षेत्र को पर्यटन से जोड़ा और संवारा जाए, लेकिन ये प्रयोग असफल क्यों हुए किसी ने सोचा नहीं। नूरपुर, ऊना, बैजनाथ, स्वारघाट व रेणुकाजी इत्यादि जगह पर पर्यटन इकाइयां क्यों असफल हुईं, अगर सोचा होता तो इन क्षेत्रों के मायने बदल जाते। उदाहरण के लिए ऊना, हमीरपुर, सिरमौर या बिलासपुर की परिधि में पर्यटन थीम पार्क, मनोरंजन पार्क, साइंस सिटी या वाटर स्पोट्र्स जैसी परिकल्पनाओं का आगाज किया होता, तो पर्यटकों के सप्ताहांत जमावड़े इन क्षेत्रों में भी लगते। जहां तक हर विभाग को पर्यटन से जोडऩे का सवाल है, तो सर्वप्रथम शहरी व ग्रामीण विकास विभाग ऐसी गतिविधियों से शहरी व ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर 68 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक पर्यटक गांव बसाएं, तो इनकी फंडिंग के लिए कहीं भाषा-संस्कृति, कहीं मत्स्य-पशुपालन, कहीं वन, कहीं खेल, कहीं कृषि-बागबानी, कहीं ऊर्जा, कहीं परिवहन, कहीं पीडब्ल्यूडी तो कहीं जलशक्ति विभाग की परियोजनाओं के स्वरूप से पर्यटन की अधोसंरचना भी जुड़ जाती। मसलन जलशक्ति विभाग प्रदेश भर में कृत्रिम झीलों के माध्यम से पेयजल या सिंचाई परियोजनाओं को मुफ्त में पर्यटन के साथ जोड़ सकता है। इसी तरह वाटर शेड परियोजनाओं के साथ मत्स्य पालन अगर जुड़ जाता है, तो पर्यटकों के लिए ताजा मछली के लिए बस एक स्पॉट चाहिए। विडंबना यह है कि पर्यटन परियोजनाओं से केवल सियासी खेत ही बोए गए, जबकि इनके बेहतर इस्तेमाल से सारा प्रदेश विभिन्न पर्यटन सर्किट में रूपांतरित हो पाता। प्रदेश के नगर निकायों को अपनी खूबियों के अनुसार शहर को पर्यटकों को सौंपना होगा। शहरों की जमीन पर राजनीति उगाने की कोशिश में हमने कई आकर्षण खो दिए। उदाहरण के लिए पालमपुर को अगर हिमाचल का चाय शहर प्रचारित करना है, तो उसके लिए कृषि विश्वविद्यालय, संबंधित विभाग, नगर निगम, नागरिक समाज तथा प्रशासन को भी अधोसंरचना निर्माण के साथ वार्षिक गतिविधियों का एक कैलेंडर बनाना चाहिए। कुछ वर्षों से एग्रो टूरिज्म की निगाह से किन्नौर की सांगला वैली में एक उछाल आया, लेकिन आज वहां घाटी, खेत और बागीचे को कंक्रीट छीन रहा है। बेशक कीरतपुर से मनाली तक के फोरलेन पर तीन होटलों की परिकल्पना की जा रही है, लेकिन होटल और पर्यटन परिसर के अंतर में अगर निर्माण होता है, तो हर परिसर में विश्राम व खान-पान की सहूलियतों के साथ-साथ हिमाचल के दर्शन भी होंगे। इसी संबंध में कीरतपुर से मनाली तक जा रहे फोरलेन की जद में बीरबल शर्मा द्वारा निर्मित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का अस्तित्व सिमट रहा है, तो इसके भविष्य पर कौन संज्ञान लेगा। पर्यटन जितना सरकारी ढांचे में है, उससे कहीं ज्यादा निजी क्षेत्र के हस्तक्षेप से संभव हो रहा है। ऐसे में जरूरत यह भी है कि निजी क्षेत्र के अभिनव प्रयोगों को सम्मानित व संरक्षित किया जाए। तमाम होटल, ट्रैवल, टैक्सी, बस आपरेशन, व्यापार, मनोरंजन व रेहड़ी-फड़ी से जुड़ी एसोसिएशनों से पूछा जाए या उनके सहयोग से पनपते पर्यटन को महसूस किया जाए, तो विविधता के कई आयाम नजर आएंगे। उदाहरण के लिए पिछली आधी सदी से शिमला के रिज-मालरोड पर एक शख्स नमकीन की पुडिया बेच रहा है। इसे केवल हम उसकी रोजीरोटी से जोडक़र देखें तो कुछ नहीं मिलेगा, लेकिन पर्यटक के हाथ में शिमला की इस पुडिया का जिक्र इसे आकर्षण बना देता है। प्रदेश की सडक़ों के किनारे ऐसे कई प्वाइंट हैं, जहां पर्यटक चाट-पकौड़ी, मैगी, नारियल पानी, गोल-गप्पे और देशी फल-सब्जियों के लिए रुक जाते हैं। ये लोग पर्यटकों की लंबी यात्रा को कुछ क्षणों के लिए सही, अपने अनुभव से जोड़ देते हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी या अन्य सडक़ निर्माण एजेंसियां अगर हर बीस किलोमीटर के बाद पर्यटक सुविधा ठहराव केंद्र विकसित करें तो यह आकर्षण रोजगार व पर्यटन उद्योग को नए संस्कार देगा।

पर्यटन को अगर दक्षिण, पश्चिम और पूर्वोत्तर राज्यों की निगाह से देखें तो ऊना, हमीरपुर, सिरमौर व बिलासपुर जैसे सीमांत जिला भी डेस्टिनेशन हैं। सवाल यह है कि हम इधर-उधर लांघते पर्यटन को हर जगह रोक के बताएं। क्या हम योजनाएं बनाते हुए सोचते हैं कि ऊना या हमीरपुर का पर्यटन पैकेज क्या होगा। आरंभिक दौर में पर्यटन निगम की सामग्री में यह जोर था कि हर क्षेत्र को पर्यटन से जोड़ा और संवारा जाए, लेकिन ये प्रयोग असफल क्यों हुए किसी ने सोचा नहीं। नूरपुर, ऊना, बैजनाथ, स्वारघाट व रेणुकाजी इत्यादि जगह पर पर्यटन इकाइयां क्यों असफल हुईं, अगर सोचा होता तो इन क्षेत्रों के मायने बदल जाते। उदाहरण के लिए ऊना, हमीरपुर, सिरमौर या बिलासपुर की परिधि में पर्यटन थीम पार्क, मनोरंजन पार्क, साइंस सिटी या वाटर स्पोट्र्स जैसी परिकल्पनाओं का आगाज किया होता, तो पर्यटकों के सप्ताहांत जमावड़े इन क्षेत्रों में भी लगते।

## कुछ अलग

# 'ईस्ट इंडिया' का नया प्रतीक

लोकतंत्र की हर रोज हत्या होती है। लोकतंत्र हर रोज खत्म होता है। फिर खत्म होता है। बार-बार खत्म हो रहा है। यह कैसा प्राणी है? लोकतंत्र की मौत या हत्या हर रोज कैसे संभव है? भारत फिर भी एक संप्रभु राष्ट्र है। संविधान, संसद, कानून, अदालतें और चुनाव प्रणाली सब कुछ है, जो एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में होने चाहिए। फिर बार-बार यह बयानबाजी क्यों की जाती है कि लोकतंत्र की हत्या कर दी गई? लोकतंत्र न होता, तो देश पर एक ही दल हुकूमत करता। देश वाकई में 'उत्तर कोरिया' बन जाता! किसान आंदोलन नहीं कर पाते और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर विदेशी दुकानें न खुल पातीं! जब भारत में 'ईस्ट इडिया कंपनी' ने सेंध लगाई थी, तब शुक्र है कि भारत 'गुलाम देश' था। तब किसकी मौत, हत्या और खात्मे के शोर बुलंद किए जाते? अब ट्विटर के सह-संस्थापक और सीईओ रहे जैक डॉर्सी ने एक बयान दिया है, तो हाय-तौबा मच गई है कि 'तानाशाह एक डरपोक आदमी होता है।' हमारे संविधान ने मौलिक और नागरिक अधिकार सिर्फ 'भारतीय' को दिए हैं। विदेशी उद्योगपति उस श्रेणी के बाहर हैं। भारत में जो हजारों विदेशी कंपनियां कार्यरत हैं, वे पूरी तरह भारतीय कानूनों की परिधि में हैं। यदि ट्विटर ने बार-बार भारतीय कानूनों का उल्लंघन किया है, तो यकीनन वह अपराधी है, लिहाजा दंडनीय भी है। अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ को वह अपना 'सुरक्षा-कवच' नहीं बना सकता। डॉर्सी ने जो बयान दिया है, वह मूलतः सच है, लेकिन तस्वीर का एक ही पक्ष पेश किया गया है। भारत सरकार ने ट्विटर से सिर्फ किसान आंदोलन से जुड़े अकाउंट्स बंद करने का आग्रह जरूर किया था, बल्कि ऐसे 1178 संदिग्ध और फेक खातों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का आदेश दिया था। ऐसे अकाउंट्स देश की सुरक्षा, एकता, अखंडता के लिए खतरा बन सकते हैं। गड़बड़ी और अराजकता तक फैला सकते हैं। किसी भी देश की सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को चेतावनी क्यों नहीं देगी? बंद की कार्रवाई भी कर देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश विरोधी दुष्प्रचार के अड्डे खुले हुए हैं। डॉर्सी अब ट्विटर में कुछ भी नहीं हैं। एलन मस्क उसके नए मालिक हैं, लिहाजा अतीत में क्या हुआ था, सिर्फ उसी के आधार पर भारत के लोकतंत्र का आकलन नहीं किया जा सकता। बात छिड़ी है, तो हम पाठकों को बता दें कि तत्कालीन ट्विटर ने भारत का गलत मानचित्र दिखाने का दुस्साहस किया था। जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा माना था। वह भारत-विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा था। यहां तक कि उसने भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के खाते पर से 'ब्लू टिक' हटा लिया था। यानी अकाउंट की पुष्टि नहीं की थी। किसान आंदोलन के दौरान जनवरी, 2021 में जब हिंसक विरोध-प्रदर्शन भडक़ उठे थे, तब ट्विटर ने भारत सरकार को 'नरसंहारी' करार दिया था। यकीनन यह दुष्प्रचार दुनिया भर में पहुंचा होगा। बाद में सच कुछ और ही निकला। आज यूरोपीय संघ 'फेक न्यूज' के लिए ट्विटर पर पाबंदी थोपने की धमकी दे रहा है।

# अहंकार पर काबू पाने के लिए हमें जीवन में छह विशिष्ट अनुभवों से गुजरना होगा

अहंकार पर काबू पाने के लिए हमें जीवन में छह विशिष्ट अनुभवों से गुजरना होगा

पी. के. खुराना

जब हम दूसरों के बीच रहते हुए भी प्राकृतिक जीवन जीते हैं, जो हम हैं, जैसे हम हैं, वैसा ही व्यवहार करते हैं तो हमारा अहंकार आड़े नहीं आता। अहंकार से पार पाने का यह सबसे प्रभावी उपाय है। नन्हे बच्चों के स्कूल से धीरज, किसान के खलिहान से भोजन और पर्यावरण का सम्मान, अस्पताल से स्वास्थ्य का महत्त्व, मानसिक अस्पताल से अपमान सहने की क्षमता और कारागार में सजा भुगत रहे अपराधियों से दया की भावना और माफ कर देने की क्षमता का विकास होगा। इसी तरह यदि हम दिखावा न करके प्राकृतिक जीवन जीते हैं तो 'मैं भी कुछ हूं' को साबित करने के लिए कुछ कहने या करने की आवश्यकता नहीं रहती।

जीवन में जब कभी कठिनाई आए, समस्याएं आएं, निराशा हो, उदासी हो, चिंता हो, परेशानी हो तो हमें किसी नई दिशा में, किसी नये तरीके से सोचना शुरू करना चाहिए। इसी तरह जब कभी हम अपनी उपलब्धियों पर, अपनी सफलता पर, अपनी कामयाबियों पर फूल कर कुप्पा हो रहे हों और खुद पर बहुत घमंड हो रहा हो तो अपने अहंकार पर काबू पाने के लिए हमें जीवन में छह विशिष्ट अनुभवों से गुजरना होगा। इन अनुभवों से गुजरने के लिए हमें अपने जीवन के छह दिन, छह अलग-अलग जगहों पर गुजारने की जरूरत है, और वे छह जगहें हैं, किंडरगार्टन स्कूल, किसान का खेत, सामान्य अस्पताल, मानसिक अस्पताल, जेल और एकांत। जब हम नन्हे बच्चों के किसी स्कूल में जाएं और अपना पूरा एक दिन स्कूल में गुजारें तो स्कूल के अध्यापकों को बच्चों को पढ़ाते हुए और उनके साथ विभिन्न खेल खेलते हुए देख सकेंगे। गौर से देखेंगे तो हम पायेंगे कि उन अध्यापकों में बहुत अधिक धैर्य है। वे बड़े धीरज से बच्चों की गलतियां और नासमझियां बर्दाश्त करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित करते हैं और उंगली पकडक़र सीधी राह पर चलना सिखाते हैं। यह सच है कि छोटे बच्चों को सिखाना बड़े जीवट और धीरज का काम है। तब हम अपने खुद के विकास पर गौर करें और विश्लेषण करें कि हम कहां से कहां तक आ पहुंचे हैं। तब हम शायद ज्यादा जिम्मेदार और ज्यादा धैर्यवान हो जाएंगे। जीवन में अक्सर हमें बड़े और परिपक्व लोगों से भी ऐसा व्यवहार करने की आवश्यकता होती है, मानो वे छोटे बच्चे हों। हर हालत में धैर्य बनाये रखना हमारा पहला सबक है। हमारा एक पूरा दिन किसी किसान के साथ गुजरे तो हम देखेंगे कि वे खेत में किस तरह से मेहनत करते हैं। हल जोतना, बीज बोना, फसल को पानी लगाना, कीड़े-मकोड़ों, सुंडियों, पशुओं, खर-पतवार-नदीम आदि से बचाना, फसल को बीमारियों से बचाना, काटना, संभालना और बाजार तक ले जाना, बहुत मेहनत भरे काम हैं। जब हम इस मेहनत को करीब से देखेंगे तो हम अपने भोज्य पदार्थों और भोजन का आदर करना सीखेंगे, पेड़-पौधों का आदर करना सीखेंगे और पर्यावरण का आदर करना सीखेंगे। तब हमें अहसास होगा कि शान-ओ-शौकत वाले शहरों के साथ-साथ पेड़-पौधे और वन ही नहीं, वन्य जीवन भी हमारे ही जीवन की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। प्रकृति द्वारा प्रदत्त भोजन शृंखला के जटिल



चक्र में हम सब एक-दूसरे पर निर्भर हैं और इस संतुलन को बनाए रखने में ही हमारी भलाई है। भोजन और पर्यावरण का आदर करना हमारा दूसरा सबक है। एक पूरा दिन अस्पताल में गुजारने पर हम देखेंगे कि लोगों के जीवन में कितने कष्ट हैं, दुख हैं, बीमारियां हैं, और तब हम अपने जीवन की छोटी से छोटी खुशियों का भी महत्त्व समझ पायेंगे। अस्पताल में लोगों के कष्ट देखने पर हम समझ पायेंगे कि हम कितने भाग्यशाली हैं और तब हम अपने स्वास्थ्य का महत्त्व समझ पायेंगे और स्वस्थ जीवन की आदतें सीखने की ओर ज्यादा ध्यान देंगे। स्वास्थ्य का महत्त्व जानना और जीवन में स्वास्थ्यकर आदतें अपनाना हमारा तीसरा सबक है। हमारा एक पूरा दिन मानसिक रोगियों के अस्पताल में गुजरने पर हम महसूस करते हैं कि मानसिक विक्षिप्तता के क्या मायने हैं? मानसिक रोगी किस तरह से हमारी कोई गलती न होने पर भी हमारा अपमान करते हैं, फिर भी हम उन्हें कुछ नहीं कहते क्योंकि हम जानते हैं कि इसमें उनका कोई दोष नहीं है। हम जानते हैं कि मानसिक विक्षिप्तता की अवस्था में वे इसीलिए पहुंचे हैं क्योंकि उन्होंने अपनी कल्पना में अपनी एक अलग दुनिया रच ली है और वे असली दुनिया में नहीं, बल्कि उसी कल्पनालोक में जीते हैं। उनके व्यवहार से हम अपमानित महसूस नहीं करते। मानसिक रोगियों के अस्पताल में एक दिन गुजारने के बाद शायद हम समझ पायेंगे कि जीवन में बहुत से लोगों ने भी अपने ज्ञान के झूठे अभिमान में अपनी ही दुनिया रच ली है और वे उस दुनिया से बाहर आने को तैयार नहीं हैं, इसीलिए वे दूसरों का अपमान करते रहते हैं। ऐसे लोगों के साथ बातचीत में उनका खोखलापन जानकर भी तब हम नाराज नहीं होंगे और उनकी बातों से अपमानित नहीं होंगे बल्कि ऐसे लोगों की सीमाएं समझ सकेंगे और उन्हें बर्दाश्त कर सकेंगे। यह हमारा चौथा सबक होगा। यदि हम अपने जीवन का एक दिन जेल में गुजारें तो पायेंगे कि अपराधी माना जाने वाला हर व्यक्ति आरंभ से ही अपराधी नहीं था। उसे किसी के अपमान, अनुचित व्यवहार, अन्याय या फिर उसके हालात ने उसे अपराधी बनने पर विवश कर दिया। तब हमें समझ में आता है कि शायद हर अपराधी वास्तव में किसी अन्याय का शिकार रहा है, तब हम शायद उनकी विवशताओं को बेहतर समझ पाते हैं, तब हममें उनके प्रति दया उमडऩे लगती है और हम उन्हें माफ करना सीख सकते हैं। यह हमारा पांचवां सबक है। इसी तरह यदि एक पूरा दिन हम बिल्कुल अकेले गुजारें तो हम पूरी तरह से प्राकृतिक जीवन जिएंगे, तब हम कोई दिखावा नहीं कर रहे होंगे और उस तरह से जीवन जिएंगे, जैसे हम वस्तुतः हैं। जब कोई हमारे साथ होता है तो हम उसे प्रभावित करना चाहते हैं, उसे अपना ज्ञान दिखाना चाहते हैं, शक्ति दिखाना चाहते हैं, या अच्छाई दिखाना चाहते हैं। लेकिन जब कोई अन्य हमारे साथ न हो तो किसी भी दिखावे की आवश्यकता ही नहीं रहती। तब हम नन्हे बच्चे की तरह हो जाते हैं जो पूरी तरह से प्राकृतिक जीवन जीता है और कोई दिखावा नहीं करता। जब हम दूसरों के बीच रहते हुए भी प्राकृतिक जीवन जीते हैं, जो हम हैं, जैसे हम हैं, वैसा ही व्यवहार करते हैं तो हमारा अहंकार आड़े नहीं आता। अहंकार से पार पाने का यह सबसे प्रभावी उपाय है। नन्हे बच्चों के स्कूल से धीरज, किसान के खलिहान से भोजन और पर्यावरण का सम्मान, अस्पताल से स्वास्थ्य का महत्त्व, मानसिक अस्पताल से अपमान सहने की क्षमता और कारागार में सजा भुगत रहे अपराधियों से दया की भावना और माफ कर देने की क्षमता का विकास होगा। इसी तरह यदि हम दिखावा न करके प्राकृतिक जीवन जीते हैं तो 'मैं भी कुछ हूं' को साबित करने के लिए कुछ कहने या करने की आवश्यकता नहीं रहती। इन छह महत्त्वपूर्ण दिनों से हमारा जीवन बदल सकता है, हम अपनी गलतियों से और अपने अहंकार से पार पा सकते हैं और नाकामियों से बच सकते हैं। तब हमें क्रोध नहीं आयेगा, अहंकार नहीं होगा, झूठा मोह नहीं होगा, किसी को अपमानित करने अथवा छोटा साबित करने की आवश्यकता नहीं होगी और हम एक स्वस्थ, मंगलकारी और परिपूर्ण जीवन जी सकेंगे। आज हमें इसी की आवश्यकता है और इसी की चाहत है।

# साइबर अपराध के बढ़ते मामले

कंप्यूटर अपराध करने के लिए अपराधी मैलवेयर की सहायता लेता है। मैलवेयर एक बेहद हानिकारक सॉफ्टवेयर होता है जिसे विशेष रूप से किसी कंप्यूटर या उसमें स्टोर किए गए डाटा को नुकसान पहुंचाने के लिए बनाया जाता है। मैलवेयर के मुख्य प्रकार हैं- वायरस, स्पाइवेयर, वार्म एडवेयर, रैंसमवेयर। वायरस का मुख्य काम होता है चलते कंप्यूटर को शटडाउन कर देना और कंप्यूटर के अंदर मौजूद जरूरी डाटा फाइल्स को डिलीट कर देना। वहीं स्पाइवेयर में अपराधी उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना वह कंप्यूटर पर क्या काम कर रहा है, वह जो भी ऑनलाइन एक्टिविटीज कर रहा है, उस पर नजर रखता है। किस तरह की साइट पर वो काम कर रहा है, उसके क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड का कॉन्फिडेंशियल डाटा, यह सब उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना अपराधी एकत्रित कर लेता है। वार्म एक प्रकार का मैलवेयर है जो एक सिस्टम से दूसरे सिस्टम पर जाता है। एक कंप्यूटर को डैमेज करने के बाद वह अगले कंप्यूटर को डैमेज करता है।

अपराध कानूनी नियमों-कानूनों के उल्लंघन करने की नकारात्मक प्रक्रिया है। इसमें चोरी करना, हत्या करना, बलात्कार करना कुछ विशेष अपराध हैं जिनके सिद्ध होते ही अपराधी को कड़ी सजा मिलती है। परंतु डिजिटल इंडिया के चलते अपराध की एक और श्रेणी का आरंभ हुआ है जिसे हम साइबर अपराध के नाम से जानते हैं। साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर और नेटवर्क शामिल है। किसी भी कंप्यूटर का आपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना कंप्यूटर अपराध कहलाता है। किसी की निजी जानकारी को प्राप्त करना और उसका गलत इस्तेमाल करना, फिरौती मांगना, भयदोहन करना, किसी का मानसिक या शारीरिक शोषण करना कंप्यूटर अपराध के अंतर्गत आता है। कंप्यूटर अपराध करने के लिए अपराधी मैलवेयर की सहायता लेता है। मैलवेयर एक बेहद हानिकारक सॉफ्टवेयर होता है जिसे विशेष रूप से किसी कंप्यूटर या उसमें स्टोर किए गए डाटा को नुकसान पहुंचाने के लिए बनाया जाता है। मैलवेयर के मुख्य प्रकार हैं- वायरस, स्पाइवेयर, वार्म एडवेयर, रैंसमवेयर। वायरस का मुख्य काम होता है चलते कंप्यूटर को शटडाउन कर देना और कंप्यूटर के अंदर मौजूद जरूरी डाटा फाइल्स को डिलीट कर देना। वहीं स्पाइवेयर में अपराधी उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना वह कंप्यूटर पर क्या काम कर रहा है, वह जो भी ऑनलाइन एक्टिविटीज कर रहा है, उस पर नजर रखता है। किस



तरह की साइट पर वो काम कर रहा है, उसके क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड का कॉन्फिडेंशियल डाटा, यह सब उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना अपराधी एकत्रित कर लेता है। वार्म एक प्रकार का मैलवेयर है जो एक सिस्टम से दूसरे सिस्टम पर जाता है। एक कंप्यूटर को डैमेज करने के बाद वह अगले कंप्यूटर को डैमेज करता है। ऐसे मैसेज आते हैं कि इस मैसेज को 11 लोगों के साथ शेयर करो, आपको फ्री में कुछ गिफ्ट मिलेगा। कई बार उपयोगकर्ता बिना सोचे समझे अपने ही सगे संबंधियों के साथ इस तरह के मैसेज का आदान-प्रदान कर देते हैं और उससे उनके सिस्टम पर वायरस उनके पूरे डाटा को खराब कर देता है। एडवेयर मैलवेयर विज्ञापनों के रूप में उपयोगकर्ताओं के कंप्यूटर स्क्रीन पर आता है। जैसे ही उपयोगकर्ता उस लिंक पर क्लिक करता है उसके सिस्टम में मैलवेयर आ जाता है। इसके अलावा रैंसमवेयर होता है जिसमें जिसके कंप्यूटर में आ जाने के बाद कंप्यूटर स्क्रीन पर एक वार्निंग आने लगती है कि आप इतने पैसे दीजिए, तभी यह वायरस आपके सिस्टम से हटाया जाएगा, नहीं तो यह वायरस आपके सिस्टम का महत्त्वपूर्ण डाटा खराब कर देगा। इन सभी प्रकार के मैलवेयर से बचने के लिए हमें बहुत ही ज्यादा सतर्क होने की जरूरत है। जिस लिंक की हमें जानकारी नहीं है, उस पर हमें क्लिक नहीं करना चाहिए, किसी भी मैसेज को बिना सोचे-समझे अपने सगे संबंधियों के साथ शेयर नहीं करना चाहिए। और अगर किसी भी तरीके से हम किसी मैलवेयर के शिकार हो जाते हैं तो हमें बिल्कुल समय बर्बाद न करते हुए किसी से मदद लेनी चाहिए। फिशिंग एक प्रकार की सोशल इंजीनियरिंग है जिसका उपयोग यूजर का डेटा चुराने के लिए किया जाता है। फिशिंग अटैक में अपराधी उपयोगकर्ता को एक धोखाधड़ी वाला संदेश भेजता है और उपयोगकर्ता की लॉगिन क्रेडेंशियल और क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है। इबर अपराधियों का फिशिंग अटैक करने के पीछे का मुख्य उद्देश्य होता है उपयोगकर्ता की गुप्त जानकारी चुराना। साइबर अपराधियों द्वारा भेजे गए इस संदेश को अक्सर उपयोगकर्ता असली संदेश समझ लेता है और अपनी निजी जानकारियां दे देता है। यह बिल्कुल मछली पकडऩे जैसा है। जिस प्रकार मछली भोजन के चक्कर में मछुआरे के हुक में फंस जाती है, ठीक उसी प्रकार फिशिंग अटैक को अंजाम दिया जाता है। बस फर्क इतना है कि यहां पर मछली की जगह एक उपयोगकर्ता फंस जाता है। फिशिंग अटैक के बहुत प्रकार होते हैं। ईमेल फिशिंग, स्पीयर फिशिंग, व्हेलिंग फिशिंग, स्मिशिंग, विशिंग। फिशिंग अटैक करने के लिए ईमेल हमेशा से ही साइबर अपराधियों के लिए एक महत्त्वपूर्ण तरीका रहा है। जब व्हाट्सऐप और बाकी मैसेजिंग के माध्यम नहीं थे, उस वक्त से ईमेल फिशिंग सबसे अधिक होने वाला अटैक था और यह सबसे पुराना और कारगर तरीका माना जाता है जो आज भी साइबर अपराधियों द्वारा फिशिंग अटैक के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाता है। ईमेल फिशिंग अटैक में साइबर अपराधी एक साथ हजारों लोगों को फर्जी ईमेल भेजते हैं जो बिल्कुल असली ईमेल जैसे दिखाई पड़ते हैं और इन इमेल्स में उपयोगकर्ता को किसी ऑफर का लालच दिया जाता है। इसमें साइबर अपराधी बड़ी-बड़ी कंपनियों के मिलते-जुलते वेब डोमेन खरीदकर ओरिजिनल वेबसाइट जैसी फर्जी वेबसाइट बनाता है, जैसे अमेजन डॉट काम की जगह अमाजोन डॉट काम। अगर उपयोगकर्ता इसको सावधानी से न देखे तो वह बहुत आसानी से धोखा खाकर अपराधी की चाल में फंस जाता है। विशिंग अटैक जो आजकल बहुत ही लोकप्रिय है, जिसमें लोगों को फर्जी कॉल किए जाते हैं। और कई बार उपयोगकर्ता उस फर्जी कॉल के झांसे में आ जाते हैं और अपनी निजी जानकारी उनके साथ सांझा कर अपने पैसों का नुकसान करवा देते हैं। कई फिशिंग अटैक में लोगों को टारगेट किया जाता है। इसके अलावा लोगों को एसएमएस भेजे जाते हैं और कॉल कर भी उनसे उनकी बैंक डिटेल्स की जानकारी हासिल की जाती है। इस डिजिटल इंटरनेट की दुनिया में हमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए बेहद सावधान और सतर्क रहने की आवश्यकता है। अगर हम कभी भी साइबर अपराध के शिकार बन जाते हैं तो बिल्कुल भी समय बर्बाद न करते हुए हमें वेबसाइट 'ट्रिपल डब्ल्यू डॉट साइबरक्राइम डॉट जीओवी डॉट इन' पर संपर्क करना चाहिए और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अवश्य ही कॉल करनी चाहिए।

## देश दुनीया से

# उल्टी गंगा के बहाव में हाथ धोना

क्या करें कोरोना जाते-जाते वापस लौटता है और जानी-पहचानी बीमारियां नये वायरस के साथ प्रकट हो जाती हैं। अब यहां इनके लिए उचित टीके या दवा की तलाश करना ऐसा ही है, जैसे किसी बबूल में से कांटे की जगह फूल को पा लेने जैसा है, या कि किसी बरखुरदार द्वारा अपने बुजुर्ग की सेवा का दम भरने जैसा। आजकल तो आप जानते हैं, सब ओर उल्टी गंगा बहने लगी है। मौसम को देख लो, जब गर्मी से आदमी का माथा घूमने लगे, तब घोर बरसात जम कर बरसती है। आदमी तो तीखी धूप की उम्मीद कर रहा था, अब कैसे कह दें, बरखा रानी जरा जम के बरसो, मेरा दिलबर जा न पाये, जरा झूम के बरसो। कौन कहता है भारत में अशिक्षा का बोलबाला है। यूं ही चलता रहा, तो देश की साक्षरता दर के रिकार्ड बनेंगे। बिल्कुल उसी तरह जैसे पिछले बरसों में हमने महामारी के प्रकोप के बावजूद लाकडाऊन नहीं लगाया, अधूरे लाकडाऊन से काम चलाया है और घोषणा कर दी है कि देश की विकास दर में कमी नहीं आयेगी। भुखमरी बढ़ी तो अब हम क्या करें? भूखे नंगों का तो काम ही मास्क लगा कर नौकरी तलाशना है। भई लाख कहा था, नौकरी नहीं मिलती तो पकौड़े तल लो। लीजिये पकौड़े नहीं तलेंगे, और कोरोना के इन विकट दिनों में भी उन चन्द धनपतियों से ईष्र्या करेंगे, जिन्होंने मिट्टी को भी हाथ लगाया तो सोना हो गई। करोड़पति थे, जनता की जरूरत की चीजों को गायब करके काले बाजार में ये अरबपति हो गये। आप कहते हैं, इस अंधेरे काल में देश ने तरक्की नहीं की। जरा इनकी अट्टालिकाओं की ऊपर उठती मंजिलों की ओर देखो। यह अपनी हवेली की ऊपरी मंजिल से आवाज लगायें, तो एक की जगह दस दिलबर चली आए। तब बरखा रानी को बुलाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। आपका यह दिलबर इस हवेली में आ गया तो कभी वापस जाने का नाम नहीं लेगा। क्या आप नहीं जानते कि प्यार मोहब्बत के सर्वाधिकार इनकी महफिलों के नाम सुरक्षित हो गये हैं। आपके लिए बाकी रह गया है महामारी का डर, इससे बचने के लिए मास्क लगाने के आदाब। बात करनी है तो दूर दो हाथ दूर रह कर बात करो। रोमांस के संवाद चिल्ला कर बोलने का अभ्यास कर लो, क्योंकि आजकल बात सामाजिक अंतर की होती है, सौंदर्य बोध की नहीं। आजकल लोग बबूल की छांव में सोने का अभ्यास कर रहे हैं, बरगदों की जगह हवेलियों का पिछवाड़ा उनके लिए हो गया है। लेकिन इतना समझाया, इसके बावजूद तुम्हारी तलाश खत्म नहीं हुई। 'भला, बताओ इस लम्बी कतार में खड़े होकर किस दिलबर के प्रकट हो जाने का इंतजार कर रहे हो।' जी नहीं, इंतजार दिलबर का नहीं, नई नई बीमारियों के वायरस निरोधी टीकों के लगाने का हो रहा है। किसी मौसमी बीमारी के टीके की पहली खुराक लगे, तो हम दिलबर से मुकाबला करने जायें। सुनने वाले हंस दिये। 'मियां टीका न हुआ घातक वायरस का सामना करने की ताकत हो गया।' लेकिन वायरस सामना और दिलबर से मुलाकात! भला क्या तुक भिड़ाया है? हमने कह दिया। लेकिन कहने, पूछने से क्या होता है? आजकल तो किसी भी सवाल का जवाब नहीं मिलता। अब मुलाकात की हमारी शिद्दत देखी तो कह दिया। अब हर तरह के वायरस की डोज समय समय पर लगवाते रहना, अधिक महफूज रहोगे। हम टीका लगवा कर प्रेम करने के इस आदाब को समझ नहीं पाये, कि जैसे इस बात को भी नहीं समझे कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी।

आजकल तो आप जानते हैं, सब ओर उल्टी गंगा बहने लगी है। मौसम को देख लो, जब गर्मी से आदमी का माथा घूमने लगे, तब घोर बरसात जम कर बरसती है। आदमी तो तीखी धूप की उम्मीद कर रहा था, अब कैसे कह दें, बरखा रानी जरा जम के बरसो, मेरा दिलबर जा न पाये, जरा झूम के बरसो। कौन कहता है भारत में अशिक्षा का बोलबाला है। यूं ही चलता रहा, तो देश की साक्षरता दर के रिकार्ड बनेंगे। बिल्कुल उसी तरह जैसे पिछले बरसों में हमने महामारी के प्रकोप के बावजूद लाकडाऊन नहीं लगाया, अधूरे लाकडाऊन से काम चलाया है और घोषणा कर दी है कि देश की विकास दर में कमी नहीं आयेगी। भुखमरी बढ़ी तो अब हम क्या करें? भूखे नंगों का तो काम ही मास्क लगा कर नौकरी तलाशना है। भई लाख कहा था, नौकरी नहीं मिलती तो पकौड़े तल लो।

## नागरिक बोध

# विश्व शांति का दिव्यास्त्र अहिंसा, हिंसा कायरता है

आज का मानव धर्म विस्मरण करता जा रहा है। इसका ही परिणाम है कि अहिंसा का स्थान हिंसा ने,आचार का स्थान अनाचार ने और शांति के स्थान पर अशांति ने अपना पांव फैला दिये है। लोहा, सीमेंट एवं ईंटों से आज भव्य अट्टालिकाएँ बनाई जा रही है,मगर आत्म अट्टालिका की और हमारा ध्यान ही नही है। जीवन मे यदि शांति का सुमार्ग ढूंढना है तो हमे सर्व प्रथम धर्म के आंगन में उतरना होगा। धर्म को किसी की परिभाषा में नही बांधा जा सकता है ।वस्तु का अपना स्वभाव धर्म है तो जीवो की रक्षा करना भी धर्म है। धर्म उत्कृष्ट मंगल है ।अहिंसा ,संयम और तप उसके लक्षण है। जिसका मन हमेशा धर्म मे रमता है ।उसे देवता भी नमस्कार करते है। अहिंसा के समान कोई धर्म नही है। संत तुलसीदास जी ने भी अहिंसा को परम धर्म बताया है। अर्थात वेदों में विदित अहिंसा परम धर्म है ।हिंसा अहिंसा दोनों का संबंध आत्मा में है। अहिंसा के दिव्यास्त्र द्वारा ही महात्मा गांधी ने स्वराज पाने का अपना भारतीय स्वाधीनता के आंदोलन चलाया। अहिंसा तो जीवन जीने की सीख देती है। तुच्छ स्वार्थ के लिए यदि हम हिंसा का सहारा लेते है हमारे जैसा मूर्ख कौन होगा? इतिहास के पृष्ठों को पलटने पर हम पायेंगे कि हमारी परंपरा तो सदैव ही अहिंसक व धार्मिक बने रहने की रही है। यहा के क्षत्रिय राजा शाकाहारी थे।आज तो हमारी मान्यताएं भी बदल दी गई है। इतिहास तो तौड़ मरोड़कर जनता के सामने पेश करना जैसे शासन की नियति बन गई है। श्रीराम का संदेश लेकर श्री हनुमान जब सीता के पास पहुंचे तब सीता ने हनुमान को राम का अनुचर होने का विश्वास नही किया। और कहा कि तुम राम का स्वभाव,रहन सहन और खानपान के बारे में बताओ तभी मैं विश्वास कर पाऊंगी। राम मांसाहार नही करते,मधु कासेवन नही करते,वे चावल का ही सेवन करते है। यह सुनकर ही हनुमान जी पर सीता को विश्वास हुआ। धर्म को जाने बिना अहिंसा का ज्ञान नही हो सकता। हम धर्म को समझकर ही धार्मिक बन सकते है । विश्व मे पशु पक्षियों का वध करके कोई देश सुखी नही हो सकता है। सारी उम्र गाय का दुग्ध पान करते है। उसी गाय को इस भारत भूमि में काटते है। भारत मे गाय की अहमियत है लेकिन दूसरे पश्चिमी देश भी गऊमाता को पूजनीय मानने लगे है। धर्म को जानने वाला मानव अहिंसा का पथ कैसे त्याग सकता है? जैसे दाहकता और ऊष्मा से रहित अग्नि की कल्पना नही की जा सकती,वैसे ही अहिंसा के बिना धर्म का कोई अस्तित्व नही है ।हिसा करके धार्मिकता की दुहाई देना दुनिया को भ्रमित करने वाला मार्ग है। हिंसा करके परमात्मा का नाम लेकर धार्मिक कहलाने की कुचेष्ठा है। वह कभी धर्म की गहराई को समझ ही नही सकता है। यह ढोंगी है और धर्म को बड़ा बताने की बात करते है। अहिंसा स्वयं में ही धर्म है और यही धर्म विनाश की और बढ़ते कदमो को रोक सकता है। हिंसा में आंसू है,आग है तो अहिंसा में करुणा और प्यार है।

# जामुन के पेड़ से गिरकर दो बच्चियों की दर्दनाक मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय लावालौंग के टोला पूर्णाडीह में जामुन के पेड़ से गिरने से 14 वर्षीय दो बच्चियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूर्णाडीह गांव निवासी अमेरिका गंझू की पुत्री फुलमतिया कुमारी एवं रामपति गंझू की पुत्री किरण कुमारी जामुन तोड़ने के लिए गांव के सिमाने पर ही गए थे।उक्त दोनों बच्चियां एक ही जामुन के पेड़ के सबसे ऊपरी सिरे के पतली डाली पर चढ़ गए।एक ही डाली पर दोनों बच्चियों के चढ़ने से वजन काफी हो जाने के कारण डाली अचानक टूट गया और वे दोनों सिर और मुंह के बल जमीन पर जा गिरे।घटना को देखकर साथ गए कुछ बच्चे रोने चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर एक युवक दौड़कर आया और दोनों बच्चियों को उठाकर घटनास्थल से घर लाया। **एंबुलेंस के अभाव में हुई मौत :** ग्रामीणों ने बताया कि हमने एंबुलेंस को फोन किया परंतु नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया।घटना के बाद एक घंटे तक दोनों बच्चियां तड़पती रही। इसके बाद मशक्कत से एक निजी वाहन की व्यवस्था करके उन्हें इलाज के लिए ले जाया जा रहा था इस दौरान रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर समय पर उन्हें एंबुलेंस और ऑक्सीजन की व्यवस्था दी जाती तो उनका जान बचाया जा सकता था। **व्यवस्था व जिला प्रशासन के ऊपर जताया रोष :** मौके पर सूचना पाकर उपस्थित मनोज चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने परिजनों को पांच पांच हजार रुपये का सहयोग किया। साथ ही बीससूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोगता, उप प्रमुख महमूद खान, मुखिया नेमन भारती,मुकेश यादव एवं जितेंद्र ठाकुर नें व्यवस्था और जिला प्रशासन के ऊपर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि लावालौंग प्रखंड के साथ सरकार और विभागों के द्वारा सौतेला व्यवहार के कारण आज यहां घटना दुर्घटना एवं बीमारी की स्थिति में लोग तड़प तड़प कर जान गंवाने को मजबूर हैं।विगत चार माह के अंदर एंबुलेंस के अभाव में लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है।विगत एक सप्ताह पूर्व ही बांदू गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान आधे घंटे तक तड़पने से चली गई थी।पूर्व में यहां एक एंबुलेंस दिया गया था परंतु अब उसे यहां से हटवाकर सिमरिया मंगवा लिया गया है। इसके लिए कई बार पत्रकारों एवं ग्रामीणों ने उपायुक्त, सांसद, विधायक एवं मंत्री से गुहार लगाया परंतु वह केवल आश्वासन तक ही सीमित रह गया।लावालौंग के ग्रामीणों की जान तड़प तड़प कर जाए इससे इन नेता मंत्रियों या विभाग के लोगों को क्या मतलब है इनके लिए तो जरूरत पड़ने पर तो सरकार के द्वारा हाय प्रोफाइल व्यवस्था कायम किए गए हैं।

# जमीन विवाद को लेकर चाचा भतीजा में जमकर हुई मारपीट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डंडई, गढ़वा :** डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव में बदलईया भूमि के 40 वर्ष बाद दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गई। जिसमें चाचा भतीजा सहित दोनों पक्ष के परिवारों में मारपीट हो गई। वही दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी। घटना में एक पक्ष के मो शकील अंसारी व दूसरे पक्ष के इतहाक अंसारी घायल हो गए। थाना सें इनजूरी कटवाने के बाद दोनों का इलाज मेराल अस्पताल में चल रहा है। घटना को लेकर एक पक्ष के मोहम्मद शकील अंसारी पिता जलालुद्दीन अंसारी ने बताया कि 40 वर्ष पुरानी बदलईया का जमीन को लेकर मामला बढ़ा था। इतहाक अंसारी वैगरह से जमीन का बदलईया किया गया था। जिसमें हम लोग घर बनाकर रह रहे थे। अचानक उक्त लोगों के द्वारा बदलईया का जमीन वापस करने की बात करने लगे। हम लोग बोले कि कुछ दिनों के बाद जमीन खालीकर देंगे ।तभी अनीस अंसारी , सकीर अंसारी, रौशनी बीबी अमीर हसन अंसारी लोग नहीं माने और बदलईया का जमीन के लिए घर तोड़कर जमीन कब्जा करने पर उतारू हो गए। जिसका विरोध करने पर हम लोगों के साथ मारपीट किया गया है। शकील ने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त लोग हमारे घर पर आकर पूरे परिवार के साथ मारपीट कर दिए जिसमें मेरा माथा फट गया मेरा अस्पताल से इलाज करा रहे हैं। वहीं घटना में दूसरे पक्ष के अनीस अंसारी ने बताया कि मोहम्मद शकील अंसारी, महजुदन बीबी, सकीना बीबी तथा जलालुद्दीन अंसारी के द्वारा हमारे परिवार के लोगों के साथ मारपीट किया गया है। जिसमें मेरे पिता इतहाक अंसारी का माथा फट गया है। जिससे वह घायल हो गए और इलाज चल रहा है। वही अनीस अंसारी ने बताया कि हम लोग मोहम्मद शकील अंसारी वगैरह को मारपीट नहीं किए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष के लोगों ने मारपीट की घटना को लेकर डंडई थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है मामले में थाना प्रभारी शबाज अंसारी ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष की ओर से आवेदन मिली है आगे की कार्रवाई जारी है।

# मुख्यमंत्री के चतरा पुलिस लाईन आगमन को लेकर मंत्री व पुलिस अधीक्षक ने तैयारी का लिया जायजा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार श्री हेमंत सोरेन के चतरा में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता, पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता समेत जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी तैयारी का जायजा लेने चतरा पुलिस लाईन पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी कि जानकारी ली गई तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवयश्क दिशा निर्देश देते हुए सारी तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।उक्त मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फ़र खिजरी, जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बल्होत्रा, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बरवाडीह में हजारों किसानों ने नही मिल सकेगा धान का बीज

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह में हजारों किसान सरकारी धान का बीज लेने से वंचित हो जाएगे। उन्हें वर्तमान में धान के बीज नही मिल पाएगा इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। यदि किसान के लिए धान का बीज दोबारा उपलब्ध होगा, तभी उन्हें धान का बीज मिल सकेगा। नही तो उन्हें वंचित रहना पड़ेगा। और बाजार से उन्हें ऊंचे दामो पर धान बीज की खरीदारी करने पर उन्हें विवश होना पड़ेगा। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार बरवाडीह और छिपादोहर को मिलाकर 150 क्विंटल ही धान की बीज की आपूर्ति की गई है। एक बोरा में 30 किलो धान का बीज है।एक से दो बोरा उन किसानों को धान की बीज देना है। इस हिसाब से करीब 500 किसान को ही सिर्फ धान का बीज मिलेगा।

# गिद्धौर प्रखंड के ब्राह्मण समाज का हुआ गठन प्रखंड अध्यक्ष बने संजय पांडेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत स्थित बटेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज चतरा जिला के कार्यकारिणी का विस्तार हेतु बैठक रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। एवं संचालन जिला सचिव राजन पांडेय ने किया। बैठक की शुरुआत परशुराम भगवान के सामने स्वस्ति वाचन करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बैठक में जिला के नौ प्रखंड से लोग उपस्थित हुए। बता दें कि प्रखंड में गिद्धौर, पत्थलगड़ा, सिमरिया, टंडवा, इटखोरी, मयूरहंड, कन्हाचट्टी, चतरा, लावालॉग से ब्राह्मण उपस्थित थे। इन सभी के बिच जिला कार्यकारिणी विस्तार के लिए सभी प्रखंडों से चार चार सदस्यों का नामंकन किया गया। जो कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के जिला कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। इन सभी को समाज का विस्तृत जानकारी प्रस्ताव के माध्यम से बताया गया। जिसमें बतलाया गया। कि जो सदस्य जिला कार्यकारिणी में सम्मिलित हैं।वह प्रखंड में नहीं रहेंगे। सभी प्रखंड में प्रखंड कमेटी की गठन जल्द से जल्द नियुक्त किया जाएगा। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि जिला के कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय एवं मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय होंगे। प्रखंड कमिटी की गठन का रूपरेखा जिला को 15 दिनों के अंदर चुनाव संपन्न कराकर सूची जमा कराएंगे।इसी बीच गिद्धौर प्रखंड के ब्राह्मण समाज का भी विस्तार पूर्वक चयन किया गया। जिसका निगरानी गोविंद शर्मा एवं अक्षवट पांडेय ने किया।जहां ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष गिद्धौर निवासी संजय पांडेय सचिव लंबोदर पांडेय को चुना गया। बैठक में उपस्थित प्रदीप पांडेय राम विनय पाठक विकास पांडेय दिगंबर पांडेय नंद किशोर पांडेय संतोष पांडेय राम कुमार पाण्डेय बैजनाथ पांडेय श्रीकांत पांडेय कृष्णा पांडेय अरविंद पांडेय शंभू पांडेय सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण उपस्थित थे।

# विधायक ने नीलांबर-पीतांबर स्मारक निर्माण कार्य का किया उद्घघाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मोरशेरवा में रविवार को लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने स्वतंत्रता सेनानी नीलाम्बर-पीताम्बर के स्मारक निर्माण के लिए आधारशिला रखी। मौके पर पाहन रति गंझु ने स्मारक निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजा कराया। इससे पूर्व विधायक बैजनाथ राम का स्वागत ढोल मांदर की थाप पर किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए भोक्ता समाज के कामेश्वर भोक्ता ने बताया कि भोक्ता समाज विकास संघ के बैनर तले उक्त स्थान पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर पितांबर स्मारक का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, मो0इमरान, भोक्ता समाज प्रखण्ड अध्यक्ष विष्णु भोक्ता, पपरमेश्वर गंझु, नारायण भोक्ता, प्रदीप गंझु, लालदेव गंझु, श्यामसुंदर यादव संतोष उरांव, राजेंद्र गंझु, सुरेश गंझु, बसंत गंझु, माधव सिंह, कपिलदेव उराँव, महेंद्र सोनी, फूलचंद गंझु, राजद नेता सुरेश राम, राजू गंझु, देवंती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान बारियातु प्रखण्ड के चटूआग ग्राम के ग्रामीणों ने लातेहार विधायक बैजनाथ राम से गांव में सड़क नहीं होने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया ।जिस पर विधायक ने जल्द ही सड़क निर्माण कार्य कराने की बातें कही।

# मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिस्थितियों का वितरण किया जाएगा : अपरसमहर्ता मंडल



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चतरा आगमन की पूर्व संध्या पर डीसी अबू इमरान के निर्देशानुसार अपरसमहर्ता पवन कुमार मंडल ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।विधि व्यवस्था पूरी तरह चुस्त दुरुस्त रहेगा। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिस्थितियों का वितरण किया जाएगा।अपरसमहर्ता श्री मंडल ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के करकमलों द्वारा 364 करोड़ 24 लाख की अनुमानित राशि से 177 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। 14 करोड़ 6 लाख की लागत से निर्मित 42 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त 11 नियुक्ति पत्र भी दिया जाएगा। जिसमें 7 शिक्षा विभाग को 2 समाज कल्याण और 2 जिला स्थापना विभाग में नियुक्त पत्र सौंपा जाएगा।

# मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मंडल कारा लातेहार में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने बंदियों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए विधिक सलाह दी। उन्होंने बंदियों को अपने मुकदमे की अद्यतन जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि व वाद संख्या और उनके ऊपर लगे आरोपों की जानकारी रखने के प्रति जागरुक किया। मौके पर एलएडीसी के अधिवक्ताओं ने बंदियों को कानूनी रूप से सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल कारा अधीक्षक मेनशन बारवा व प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा के अलावा मंडल कारा व व्यवहार न्यायालय के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आगमन को लेकर तैयारी पूर्ण, मुख्यमंत्री का आगमन आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सिमरिया कर्बला मैदान में सभा स्थल का कार्यरूप परिपूर्ण कर लिया गया है। जबकि मुख्यमंत्री का आगमन सोमवार को लगभग 01बजे होना तय है। इधर मुख्यमंत्री का सभा स्थल तैयारी को लेकर उपायुक्त अब्बू इमरान और आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। वहीं पूर्व आजसू विधान सभा प्रभारी मनोज चन्द्रा अब जेएमएम का कमान अपने तीर कमान से थामेंगे। और चुनावी जंग में शामिल होंगे। फिलहाल मनोज चन्द्रा का जेएमएम में शक्ति प्रदर्शन है। जिसे लेकर मनोज चन्द्रा जी तोड़ मेनहत करने में लगे। जबकि सिमरिया पुलिस भी कार्यक्रम का सफलीभूत करने को लेकर हर तरह का चाक चौकस है। ताकि किसी तरह का कोई चूक नहीं हो। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गाँव देहातो में काफी चर्चा है और क्षेत्र की शिकायत को लेकर ग्रामीण मुख्यमंत्री से शिकायत की झड़ी लगाने को उत्सुक हैं। तैयारी को लेकर सिमरिया पुलिस प्रशासन नित्यप्रतिदिन दौरा कर कार्यक्रम को सफलीभूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहें है। वहीं मुख्य मंत्री के आगमन के पश्चात पूर्व आजसू के हजारों कार्यकर्ता मनोज चन्द्रा के साथ जेएमएम का दामन थाम जेएमएम का हो जाएंगे। वहीं कार्यक्रम में लगभग 40 हजार की भीड़ होगी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस हर संभव ततपर हैं।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सिमरिया पुलिस प्रशासन तत्पर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन को आगमन की तैयारी को लेकर बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर दास, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, इस्पेक्टर केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार रात दिन एक कर कार्यक्रम को पूर्ण रूप देने में लगे है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री का आगमन सोमवार को लगभग 01 बजे दिन आने की सम्भावना तय है। इसकी तैयारी को लेकर सिमरिया पुलिस प्रशासन रविवार छूटी होने के बाद भी कार्यक्रम स्थल का मुयाना करते नजर आ रहे थे। हालांकि सिमरिया में मुख्यमंत्री का आगमन पहलीबार है जिसे लेकर सभी पदाधिकारी स्टिक नजर आ रहे है। हालांकि यह कार्यक्रम पूर्व आजसू मनोज चन्द्रा को जेएमएम में शामिल होने की तैयारी है। वैसे सोमवार को मुख्यमंत्री के आगमन के बाद की स्थिति क्या होगी यह अभी कहना बड़ा मुश्किल है।

# पीएम किसान समृद्धि योजना के लाभुको को ईकेवाईसी करवाने को लेकर पंचायत भवन में लगा शिविर 29 लाभुक आए 12 का हुआ ईकेवाईसी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में संचालित पंचायत भवन में रविवार को पीएम किसान समृद्धि योजना के लाभ ले रहे लाभुकों को द्व-द्म4ॅ करवाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जहां एटीएम शीला कुमारी ने लाभुकों को निशुल्क ईकेवाईसी सीएसपी के द्वारा करवा रही थी। एटीएम ने बताई की यह कार्यक्रम अगले कई दिनों तक निशुल्क चलता रहेगा।प्रखंड के जितने भी पीएम किसान समृद्धि योजना के लाभुक हैं। और द्व-द्म4ॅ से वंचित हैं।वह सभी लाभुक जल्द से जल्द द्व-द्म4ॅ करवा लें। आगे बताइ की ईकेवाईसी करवाने के लिए कुल 29 लाभुक पहुंचे। जिसमें 12 लाभुकों को किया गया। बाकी लोग सही सलामत पाए गए मौके पर उपस्थित दर्जनों लाभुक थे।

# घांसी समाज के सम्मेलन में पहुंचे पदम श्री बालमुकुंद नायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस हार्ट में रविवार को झारखंड राज्य घासी समाज संघ का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पदम श्री मुकुंद नायक, विशिष्ट अतिथि भानु नंदू बाबा, समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रिझु नायक, केंद्रीय महासचिव विजय आनंद नायक, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सोनी नायक, महिला मोर्चा अध्यक्ष विनीता नायक,केंद्रीय सदस्य धनेश्वर नायक,महेश कुमार नायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर व बैच लगाकर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर समाज के लोगो को सम्बोधित करते हुए पदम श्री बालमुकुंद नायक ने कहा की घासी समाज अन्य समाज की अपेक्षा पिछड़ा हुआ है। समाज के सांगठनिक, शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्तर की मजबूती एवं अपने हक अधिकार के लिए हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा हमें अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को आने वाली पीढ़ी को जानकारी देनी होगी ताकि हमारा समाज और मजबूत हो सके। समाज का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब लोग सामाजिक कुरीतियों को त्याग करें अंधविश्वास को दूर भगाएं। देश के विकास में सभी का सहयोग आवश्यक है हम लोग मिलजुल कर रहे और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाये। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना को कहा। मौके पर घासी समाज जिला अध्यक्ष रिंकू नायक, उपाध्यक्ष रामप्रवेश नायक, सचिव इंद्रजीत नायक, अमित नायक, कुलदीप नायक, जगरनाथ नायक, महावीर नायक, रोहन नायक, रीना देवी, महेश कुमार, बुधन नायक, रोशन नायक खुशमन नायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन की बैठक हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के थाना चौक स्तिथ दुर्गा मंदिर के तत्वावधान में प्रेस वार्ता कर झारखंड प्रदेश भवन निर्माण कामगार यूनियन भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय बैठक दिन रविवार को सुरेश उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वहीं मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी प्रसाद उपस्थित थे। एवं बैठक का संचालन बृजकिशोर राम के द्वारा किया गया।झारखंड प्रदेश के भवन निर्माण कल्याण बोर्ड के द्वारा ओबीसी कार्ड धारियों को जो लाभ मिलना चाहिए वह लाभ नहीं मिल पा रहा है। एवं मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी से संबंधित चर्चा की गई ,एवं सभी जिला में भारतीय मजदूर संघ का कार्यक्रम करने पर भी सहमति बनी, भारत देश में जितने भी कल करखाना है। बिल्डिंग बन रहे हैं,10 लाख से ऊपर भवन निर्माण में उन सभी संवेदकों के द्वारा कल्याण बोड में एक प्रतिशत पैसा कल्याण बोर्ड को जाना है।जो नहीं जा पा रहा है। अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय हरीलाल साव ने बताया कि यह संगठन देश हित एवं मजदूर हित में काम करती है। मजदूरों का शोषण बढ़ गया है। न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल पा रहा है।श्रम विभाग के द्वारा एक से एक योजना चलाई जा रही है। उसका भी लाभ मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है।झारखंड में मजदूरों का शोषण सरकारी उदासीनता का देन है।प्रदेश मंत्री बृज किशोर पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर राष्ट्र निर्माण का काम करती है।परंतु मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं मिलता है।सरकार के कानून जिला स्तर पर कानून को कोई जानता भी नहीं पालन भी नहीं किया जाता है। जिसके चलते मजदूर लचार व विवश है। और पलायन करने को मजबूर हैं।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश उरांव ने कहा कि कानून का अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदकों एवं विभाग को कानून का सामना करना पड़ेगा। जिससे उनको वर्षो दंड भी दिया जा सकता। मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरिलाल साव झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश उरांव झारखंड महामंत्री बृजकिशोर राम जिला संचालक राजमणि प्रसाद, राम गुप्ता, मोती सोनी, पप्पू, विश्वकर्मा, नवल किशोर, पासवान, मनोज कुमार, बृजेश कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, अंजन चौधरी, सुरेश चौधरी, भीम शंकर कुमार यादव, मुकेश कुमार महतो, दीपक घोष, विशाल धीवर, शीतला माता, मधु महतो, तपन कुमार मोची, बिशन दास, जैन प्रधान राम, प्रकाश दास, कमलेश उरांव, संदीप राम, विश्वनाथ दास, सुरेश राम, रंजीत कुमार, बिगु कुमार सहित झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव पुलिस ने हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात्रि 7~30 बजे ढेंगा कॉलोनी में छापेमारी कर एक व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। श्री तिर्की ने उक्त मामले को लेकर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि ढेंगा कॉलोनी में एक व्यक्ति हथियार के साथ नशा कर रहा है। अगर त्वरित कार्रवाई की गई तो व्यक्ति पकड़ा जा सकता है। इस सूचना को वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सशस्त्र बल के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तलाशी सह छापामारी अभियान चलाया गया। तलाशी एवं छापामारी के क्रम में ढेंगा कॉलोनी स्थित कमरे का घेराबंदी कर तलाशी लेने पर एक व्यक्ति को उपस्थित पाया। पुलिस बल को देखकर वह व्यक्ति हड़बड़ा गया और भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस बल के सहयोग से व्यक्ति को पकड़ा गया। व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि उसका नाम राहुल कुमार है जो कांडतरी का निवासी है। तलाशी के क्रम में राहुल के पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। जप्त हथियार और गिरफ्तार अभियुक्तों को लेकर थाना पहुंचकर कांड संख्या 195/23 धारा 25(1) क्र तथा, 26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रामाशीष यादव, पुलिस अवर निरीक्षक रितेश कुमार राव सहित रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

### 22 जून आजसु का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को आजसू पार्टी की आवश्यक बैठक पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह एवम संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहु उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए विजय साहू ने कहा की 22 जून पार्टी के स्थापना दिवस को पार्टी संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

पार्टी के केंदीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार सम्पूर्ण झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प दिवस मनाना है।तथा कार्यकर्ता एकजुट होकर बड़कगाव विधानसभा क्षेत्र के विकास,यहां की जनता की उन्नति,रोजगार,मान सम्मान सुनिश्चित करने को लेकर संकल्प लेंगे। बड़कागांव विधानसभा में परिवर्तन का माहौल है।तथा पार्टी के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी का संकल्प है की बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को हर मोर्चे पर अव्वल बनाना है।

संकल्प दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय तैयारी समिति का गठन किया गया।तथा प्रखंड को कुल चार जोन में बांटकर तैयारी समिति का गठन किया गया।जिसमें पूर्वी जोन हरी रत्नम साहू, अखिलेश महतो,द्वारिका महतो, हरेश राय,महेश रजवार कोयलांचल जोन-विश्वरंजन सिन्हा, ब्यास पांडेय,सतीश सिन्हा,मनोज करमाली,मध्य जोन लालू महतो, राजू मुंडा,सुखदेव महतो,अशोक पाठक,रंजीत यादव,अनिल सोनी, विदेश बेदिया,कैलाश प्रसाद,राणा प्रताप सिंह,पश्चिमी जोन गंगाधर महतो,नित्यानंद कुमार,ब्रजेश सिंह, राजू कुमार,बीरेंद्र झा,राहुल रंजन, कौलेश्वर महतो,भुनेश्वर महतो,छोटू करमाली,लक्ष्मीकांत महतो को जिम्मेवारी दी गई।बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार,भुनेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा,जिला संगठन सचिव अशोक पाठक,कोलेश्वर महतो,युवा मोर्चा सचिव जानकी मुंडा,कला संस्कृति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत महतो,टिकेश्वर महतो, रवि मुंडा,सुधीर कुमार,पंकज कुमार, चमरू महतो,विजय कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# भूमि अधिग्रहण कानून 2013 झारखंड में लागू हो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कमेटी के दो दिवसीय बैठक में दिल्ली से आए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी राजा,कामरेड के नारायणा कामरेड कांगो, पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा, बतौर पर्यवेक्षक मौजूद थे। दो दिवसीय राज्य परिषद में लोगों को संबोधित करते हुए डी राजा ने कहा कि देश में 9 साल के कुशासन को मोदी सरकार सुशासन और उपलब्धि बता रही है, जबकि देश में मोदी सरकार में संप्रदायिक घटनाओं में तेजी आई, देश में अपराधिक घटनाओं में तेजी आई ,देश में महंगाई बेकारी बेरोजगारी लाचारी आर्थिक तंगी बड़ी। 9 साल में देश में विदेशी कर्ज बड़ा , देश कंगाली और बदहाली की ओर चला गया, नोटबंदी जीएसटी से लेकर कई ऐसे कानून को बनाया जिससे देश को नुकसान हुआ। देश के अंदर सार्वजनिक संस्थानों को कौड़ी के भाव अदानी अंबानी के हवाले किया जा रहा है। इसलिए देश की जनता किसान मजदूर छात्र नौजवान गोलबंद हो रहे हैं और देश के तमाम विपक्षी पार्टियां एकजुट होने लगी है 23 जून को पटना में देश की तमाम विपक्षी पार्टियों की बैठक होगी। 2024 में मोदी को हटाना भाजपा का हटाना कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्य लक्ष्य है।

इसलिए पार्टी कांग्रेस में नारा दिया है कि भाजपा हटाओ ,देश बचाओ, भाजपा हटाओ ,लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ के नारा दिया, दो दिनी बैठक में झारखंड में सात लोक सभा एवं 22 विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार देने के लिए निर्णय लिया और सभी विधानसभा एवं लोकसभा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को बढ़ाते हुए बूथ लेवल मीटिंग बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए । राज्य में जल जंगल जमीन की लूट पर रोक लगाने नई शिक्षा नीति झारखंड में नहीं लागू करने असंगठित क्षेत्र के निर्माण मजदूर में लगे मजदूरों को काम देने भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने विस्थापितों को न्याय दिलाने विस्थापन आयोग महिला आयोग अल्पसंख्यक आयोग , बोर्ड नीगम ,आयोग सहित सभी तरह के आयोगों का गठन करने की मांग की गई ।राज्य में अभिलंब नगर निकाय चुनाव के चुनाव कराने की भी मांग की गई । निर्णय लिया गया जल जंगल जमीन के हिफाजत के लिए गैरमजरूआ भूमि के रसीद में काटने के लिए,सरकार द्वारा दिए गए अपने वादे को पूरा करने के लिए, पूरे राज्य में जन आंदोलन चलाया जाएगा।

15 अगस्त से 30 अगस्त तक सभी प्रखंडों में उपरोक्त मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन जुलूस करने का निर्णय लिया गया । 1 सितंबर को किसान मांग दिवस सभी जिला मुख्यालय में मनाया जाएगा ।

सितंबर अक्टूबर महीने में गांव-गांव घर-घर अभियान एवं झारखंड में किया जाएगा 7 नवंबर को रांची के मोराबादी मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त सभी निर्णयों को लागू कराने के लिए राज्य कार्यकारिणी राज्य परिषद के साथियों के विशेष जवाबदेही देते हुए पूरे राज्य में अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए 2024 की विधानसभा लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए संगठन और राज्य की राजनीति देश की राजनीति पर चर्चा करते हुए मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी के निर्माण में जन संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया गया ।

## अरगड्डा झारखंड पार्टी कार्यालय में युवाओं ने संगठन का दामन थामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** अरगड्डा बैगा मोड़ बिरसा चौक कार्यालय के प्रांगण में रविवार को करीब आधा दर्जन युवाओं ने कांग्रेस व विभिन्न दलों को छोड़कर झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। झापा सदस्यता कार्यक्रम की अगुवाई भवानी शंकर गुप्ता व संचालन युवा नेता आकाश करमाली ने किया। अवसर पर वक्ताओं ने कहां कि झारखंड पार्टी राज्य की माटी की पार्टी हैं। इसके सिद्धांत, नीति को देखते हुए आज के युवा लगातार पार्टी से जुड़ने का काम कर रहे हैं। मौके पर झापा पार्टी की सदस्यता सोमदेव करमाली ने पार्टी का पट्टा नए सदस्यों को पहनाकर किया।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के जुगरा गांव में निशुल्क कोचिंग इंस्टिट्यूट संचालित किया जा रहा है। इस कोचिंग में पढ़ने वाले कुल 80 बच्चों में से 19 बच्चों ने इस साल 10वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले 19 बच्चों में 18 बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन के साथ दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन्हीं प्रतिभावान बच्चों को एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा सम्मानित किया गया। एनटीपीसी ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी को सोलर लैंप दिया जिससे वे बिजली ना रहने की अवस्था में अपनी पढ़ाई को बेहतर ढंग से कर पाएं। टॉपर्स की बात करें तो गौरव कुमार ने 88% अंक लाकर स्कूल टॉप किया है। वहीं आकाश कुमार एवं सुजीत कुमार ने 85.4% निशु कुमारी एवं सौरभ कुमार ने 83.2% अंक लाकर कोचिंग संस्थान एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। जुगरा में कोचिंग संस्थान ना होने की वजह से यहां के बच्चों को दूर चलकर बड़कागांव जाना पड़ता था लेकिन एनटीपीसी के सहयोग से निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था के बाद अब आसानी से इस गांव के बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी कर पा रहे हैं। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया अनिकेत नायक, उप मुखिया आकांक्षा कुमारी एवं एनटीपीसी के एले एवं आरएनआर विभाग के अपर महाप्रबंधक पंकज ध्यानी, उप महाप्रबंधक एसके सेनापति, शिक्षक गण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सीसीएल सीकेएस सिरका शाखा का हुआ पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) के सदस्यों के द्वारा रविवार को अरगड्डा रेस्ट हाउस के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सीकेएस क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार व संचालन क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेलथरिया ने किया। बैठक में सीकेएस संगठन का अरगड्डा क्षेत्र के सिरका शाखा का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष का दायित्व कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष शमशेर मोहम्मद, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव विश्वनाथ सिंह, सह सचिव अजय कुमार शर्मा, सह सचिव सुहेल अहमद खान, कोषाध्यक्ष रंजीत पासवान बने। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में खालिद अंसारी, नीरू बहादुर खान, सोमरा मांझी, सतीश दास, कलेन्दर कुमार बेदिया, सुनीता देवी रही। अवसर पर सीसीएल सीकेएस अरगड्डा क्षेत्र अध्यक्ष मदन कुमार, सचिव प्रशांत बेलथरिया ने एक साथ हर्ष व्यक्त करते हुए सिरका शाखा के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दिया। साथ ही कहां कि संगठन की आंखें और ताकत इनके सदस्य होते हैं। क्योंकि इनके द्वारा ही कंपनी हित और मजदूरों की समस्याओं को निपटाने में मदद मिलती हैं। सभी से आह्वान किया कि संगठन के नीति, सिद्धांतों को हर मजदूरों तक ले जाकर कार्य करें, जिससे इसका विस्तार लगातार तेजी से हो पाए। मौके पर कई कामगार उपस्थित थे।

## टेरपा में मंडा पूजा विधि विधान के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** पतरातू अंतर्गत ग्राम टेरपा में पूरे विधि विधान के साथ मंडा पूजा संपन्न हुआ।तथा मंडा पूजा में काफी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण शामिल हुए थे।लोगो को मनोरंजन हेतु मंडा पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन पंचायत मुखिया पानो देवी द्वारा फीता काटकर किया गया।मंडा पूजा में सोनू म्यूजिकल ग्रुप की ओर से रात्रि जागरण एवं राजू हलचल की ओर से बेहतर झांकी प्रस्तुत किया गया।मंडा पूजा पुजारी नंदलाल गिरी,विकास कुमार,गणेशा साव,चिंतामन करमाली एवं काफी संख्या में उपस्थित सोखताइन द्वारा किया गया,मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी,कमेटी के अध्यक्ष उज्जवल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव निलेश कुमार साव, सचिव राजन मुंडा,कोषाध्यक्ष विकी कुमार,सह कोषाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह,राजेंद्र साहु, राजेंद्र गिरी, रमेश वर्मा,अमित यादवकेदार साव, प्रकाश सिंह,रिंकू मिश्रा, विकास यादव,हरिदास साव, अकाश कुमार, राजकुमार मुंडा,ओम प्रकाश साव,बबलू यादव के साथ क्षेत्रीय ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने दौरा किया। इस दौरे में निदेशक ने सबसे पहले बानादाग रेलवे साइडिंग पहुंचकर वहां चल रहे कई कार्यों की समीक्षा की। रेलवे साइडिंग पर मौजूद एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। निदेशक ने इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाए। उन्होंने सुरक्षा के प्रति विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए सभी से सुरक्षा मापदंडों का पालन करते हुए काम करने की बात कही। मॉनसून के आगमन के साथ ही परियोजना के सभी विभागों को एकजुटता से काम कर लक्ष्यों को हासिल करने की बात कही। बानादाग रेलवे साइडिंग के बाद माइन व्यूप्वाइंट पहुंचे जहां पर उन्होंने माइंस में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने माइन एजेंट एवं अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष से इस मौके पर बातचीत की। माइंस का निरीक्षण करने के बाद पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सिकरी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरे में शिवम श्रीवास्तव के साथ पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा एवं एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### हजारीबाग रेलवे स्टेशन से गायब हुआ राष्ट्रीय ध्वज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देश का आन बान और शान राष्ट्रीय ध्वज जिसका सामान देश का हर एक नागरिक अपने से बढ़-चढ़कर करता है। पर हजारीबाग के रेलवे स्टेशन के अधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को लेकर लापरवाही की जाती है। ज्ञात होगा कि हजारीबाग रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज 23 जनवरी 2021 को रेल विभाग के द्वारा लगाया गया था। इस मौके पर स्थानीय संसद,सदर विधायक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस राष्ट्रीय तिरंगे को फहराने का मकसद शहर तथा ग्रामीण वासियों के बीच देशभक्ति की भावनाओं को जागृत करना था। परंतु अधिकारियों की लापरवाही से हर 3 महीने पर राष्ट्रीय ध्वज गायब हो जाता है। रेलवे स्टेशन से 100 फिट ऊंची राष्ट्रीय ध्वज गायब होने से शहरवासी एवं ग्रामीण वासियों में काफी रोष देखा जा रहा है। रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय ध्वज गायब होना अब जिले वासियों के लिए आम बात हो गई है। इससे पूर्व 3 महीने पहले भी राष्ट्रीय ध्वज अपने निर्धारित स्थान से गायब हुआ था। शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने रेलवे स्टेशन में लगी 100 फीट ऊंची राष्ट्रीय ध्वज गायब को लेकर इसकी शिकायत अपने ट्विटर के माध्यम से रेल मंत्री एवं रेल अधिकारियों को सूचित किया है। इस विषय पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय ध्वज गायब होना यह कोई नई बात नहीं है। हर 3 महीने पर राष्ट्रीय ध्वज अपने निर्धारित स्थान से गायब हो जाता है। हजारीबाग रेलवे स्टेशन की यही हालत रही तो आने वाले यात्री हमारे शहर हजारीबाग के प्रति क्या सोचेंगे, उनकी भावना हजारीबाग के प्रति कैसी रहेगी यह एक सोचने का विषय हो गया।

### गुरु नानक स्कूल के भूतपूर्व अध्यक्ष का निधन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के भुतपुर्व्अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह होरा का आज निधन हो गया? , विगत दो महीनों से वो बीमार चल रहे थे । परिवार के भरपुर प्रयासो के बावजूद आज उनका शरीर परमातम मे विलीन हो गया। विद्यालय के प्रांगण मे आज एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया की सरदार सुरेंद्र सिंह होरा जी ने वर्ष 2010 से 2012 के बीच विद्यालय के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दी थी और विद्यालय को एक नये मुकाम तक पहुंचाया ।इसके अलावा वे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ मे जनरल सेक्रेटरी, स्कूल मे हि कन्वेन के रूप मे भी अपनी सेवाएं दी थी । वो रामगढ़ मे विभिन्न सामाजिक संस्थाओ से भी जुड़े हुए थे। वर्तमान मे इनके छोटे भाई सरदार हरदीप सिंह विद्यालय मे सदस्य के रूप मे मनोनीत है और अपनी सेवाएं दे रहे है , इनके और एक भाई सरदार इंदरजीत सिंह होरा विद्यालय मे बनी नयी बिल्डिंग के प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप मे मनोनीत है। सुरेंदर सिंह की बेटे सरदार सतिंदर सिंह होरा भी रामगढ़ के विभिन्न सामाजिक संस्थान से जुड़े हुए और निरंतर समाज के विकास के लिए प्रयतन शील है। इनकी अंतिम यात्रा कल गृह स्थल से सुबह 11 बजे गुरुद्वारा होते हुए गांधी घाट के लिए प्रस्थान करेगी।अंत मे उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह , स्कूल प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन ,सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली , मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं कर्मचारी भी उपस्थित थें।

## विधालय संस्थापक सह प्रधानाध्यापक का 79 वां जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के राज्यकृत पल्स टू विधालय बरकट्ठा में विधालय के संस्थापक सह् प्रधानाध्यापक रामकृष्ण मेहता का 79 वां जयंती समारोह विधालय प्रांगण में मनाया गया।बताते चलें कि सन् 1968 ई0 में विधालय का स्थापना किया गया था एवं सरकार के द्वारा सन् 1975 ई0 में विधालय का मान्यता प्राप्त हुआ।ओर अपने जीवन काल का पूरा समय विधालय संस्थापक सह् प्रधानाध्यापक रामकृष्ण मेहता के द्वारा विधालय के प्रति समर्पित भाव से देकर क्षेत्र के लोगों को शिक्षा दिलाने का प्रयास किया गया।जंयती समारोह सभा का संचालन सुधीर प्रसाद के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,बरकट्ठा उतरी जिप सदस्य कुमकुम देवी,जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,बरकट्ठा उतरी मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव,कोन्हारा खूर्द मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से प्रधानाध्यापक सह् विधालय संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए व विधालय के प्रति स्वर्गीय मेहता के द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक भिखो प्रसाद,बालगोविंद प्रसाद,प्रमेश्वर प्रसाद,वर्तमान विधालय प्रधानाध्यापक रवीन्द्र पाण्डेय,विधालय संस्थापक के पुत्र अरूण कुमार मेहता, पोता आनंद कुमार,समाजसेवी भुनेश्वर महतों,अशोक गुप्ता,धुव्रनारायण पासवान,सतार इम्तियाज,कुंजबिहारी प्रसाद, सुनील चौधरी के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दी आर्यभट्ट इंस्टिट्यूट ने बरही नगर भवन में सफल विद्यार्थियों को किया समानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही हज़ारीबाग रोड़ स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के द्वारा रविवार को नगर भवन में सम्मान समारोह मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि बरही थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, जिला परिषद प्रीति देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता,+2 उच्च विद्यालय के प्रभारी शिव कुमार राम, आरकेआर्ट के संचालक रवि केशरी उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को संस्थान की और से बुके देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ा कर स्वागत सह समानित किया गया। वहीं संस्थान के लगभग 215 विद्यार्थियों को मैडल पहना कर एवं प्रस्तिति पत्र देकर समानित किया गया। मौके पर उपस्थित राज सिंह ने टॉपर विद्यार्थियों को चेक देकर समानित करते हुए कहा कि ये बरही के लिए बहुत ही गौरव की बात है। बरही की बेटियों ने जिला में अपना सफलता का परचम लहराए है। थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि रिजल्ट आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। आप आज टॉपर लिस्ट में है कल अपने सपनो के दुनियां में रहिएगा बस मेहनत करते रहिए और आगे बढ़ते रहिए। जिला परिषद प्रीति कुमारी ने कहा कि मैं कस्तूरबा से पढ़ कर निकली हूँ और हमेशा मैं मेहनत पे विश्वास करती हूँ। अगर आप मेहनती है तो दुनियां की कोई ताकत आपको हरा नहीं सकती।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# पिपरवार के आवासीय कालोनी में चोरो का उत्पात

## डीएवी के शिक्षक के घर चोरो ने किया हाथ साफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा वनबीआर कालोनी में इन दिनों चोरो के उत्पात से लोग परेशान है।एक सप्ताह में चोरो तीन बन्द क्वाटर मे चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।जानकारी के अनुसार चोरो ने डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के शिक्षक फिरोज अली के आवास के चाहरदिवारी फांद कर क्वार्टर का ताला तोड़कर उनके घर से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।चोरो ने घर से करीब 17 सौ रूपये नगद सहित अन्य सामान की चोरी कर ली।चोरी की इस घटना के बाद शिक्षक फिरोज अली के द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई,इसके बाद मौके पर पहुंची पिपरवार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर चोरो ने सीसीएल कर्मी शिवदयाल राम,सेवानिवृत सीसीएल कर्मी श्यामा विश्वास और शिक्षक फिरोज अली के क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।इधर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि पुलिस के द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है और चोरी की घटना में शामिल चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# केदला पंचायत में जनता दल यूनाइटेड बैनर तले एक नुक्कड़ सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** केदला मध्य पंचायत के अंतर्गत ग्राम जोंद्रगोड़ा में जनता दल यूनाइटेड बैनर तले एक नुक्कड़ सभा कर बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता जोंद्रगोडा निवासी जुगल तुरी एवं संचालन राजेंद्र तुरी ने किया ।जिसमें सांसद राज्यसभा खीरू महतो एवं जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल के दिशा निर्देश पर आगामी दिनांक 23/06/2023 को टाटा कंपनी के खिलाफ केदला हाउसिंग चेक पोस्ट से लेकर हॉस्पिटल निर्माण कार्य हो रहे उसे बंदी को लेकर एवं धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जदयू के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं जिसमें जदयू मांडू प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी ने बताया कि टाटा कंपनी के ढुलमुल रवैया को देखते हुए बंदी को सफल बनाने के लिए ग्राम जोंद्रगोड़ा के सभी ग्रामीणों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आमंत्रित किए । जिसमें उपस्थित जदयू नेता सोनाराम मांझी,दीपांजन तुरी, चरका तुरी, सूरज मुर्मू, कुलदीप तुरी, डमरू तुरी, संजय तुरी, बिरसा मांझी आदि।

# कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में सुनी गई मन की बात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को पूरे जिले के प्रत्येक बूथों पर सुना गया ये जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने प्रेस को दिया।उन्होंने बताया की बूथ नंबर 50 के अंतर्गत निवास करने वाले भाजपा रामगढ़ के पूर्व विधानसभा प्रत्यासी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर भी दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर कुंटु बाबू ने कहा की मोदी जी का ये कार्यक्रम सशक्त होता देश में छुपी प्रतिभा को उभारने का काम करते है। ये आज सिर्फ एक कार्यक्रम के रूप में नही बल्कि देश में स्टार्टअप और कुछ अलग करने वाले युवा,बुजुर्ग और महिलाओं के लिए एक प्लेटफार्म बन चुका है जहां उनके अंदर की प्रतिभा से देश और दुनियां को रूबरू करवाया जाता है ।

# पटना रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का दूसरा ट्रायल रन हुआ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटना से रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का रविवार को दूसरा ट्रायल रन हुआ। ट्रायल के दौरान पटना से ट्रेन का विलंब से सुबह 07-00 बजे परिचालन हुआ। ट्रेन बरकाकाना स्टेशन पर 35 मिनट की देरी से पहुंची।यहां ट्रेन को देखने काफी संख्या में लोग पहुंचे। प्लेटफार्म पर लोगों के बीच काफी कौतूहल रहा। बताया जाता है कि दूसरे ट्रायल में ट्रेन का जहानाबाद और मेहरा स्टेशन पर भी ठहराव किया जाएगा। साथ ही रांची के आगे हटिया स्टेशन तक ट्रेन जाएगी।

# बाइक पेड़ से टकराने पर दो सगे भाइयों की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अन्तर्गत हेसाडिह निवासी शांति नायक उम्र 23 वर्ष एवं उसका सगा भाई योगेश्वर नायक उम्र 20 वर्ष की मौत बाइक पेड़ से जा टकराने से हो गई। जानकारी के अनुसार योगेश्वर नायक की शादी आगामी 27 जून को होने वाली थी उसी का कुछ कार्ड छपवाने के लिए दोनों भाई बाइक से सिल्ली की ओर आ रहे थे। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण हरवाडीह के समीप एक पेड़ से जा टकराया जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गया। किसी तरह वहाँ के लोगों की मदद से दोनों घायल भाईयों को सिल्ली अस्पताल लाया गया। जहाँ चिकित्सक ने शांति नायक को मृत घोषित कर दिया एवं घायल योगेश्वर नायक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया रिम्स ले जाने के क्रम में दूसरे भाई योगेश्वर नायक की भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों भाइयों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाजार की प्रथम आम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अग्रसेन भवन, पुराना बाज़ार में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाज़ार का आयोजन किया गया। आम सभा की अध्यक्षता राजेश गुप्ता ने की एवं संचालन सोहराब खान ने किया। आमसभा को सम्बोधित करते हुए राजेश गुप्ता ने कहा की पुराना बाज़ार की वर्त्तमान स्थिति को देखते हुए नए संगठन की आवश्यकता महसूस हुई और इसी के तहत सदस्ता अभियान चलाया गया और अभी तक 502 सदस्य संगठन से जुड़ चुके हैं। आगे लगातार सदस्ता अभियान जारी रहेगा, उम्मीद है की हमारी सदस्ता संख्या 1000 को पार करेगी।सोहराब खान ने आमसभा को सम्बोधित करते हुए कहा की जब बात आत्मसम्मान की हो तो समझौता नहीं की जा सकता। हम सब मिल कर व्यवसाईयों के सम्मान एवं समस्या के समाधान के लिए काम करेंगे। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया गया है जो दिसम्बर 2023 तक कार्य करेगी एवं समिति संस्था का बायलॉज एवं नियमावली बनाएगी एवं सुसाइटी एक्ट के तहत रेजिस्टशन करवाएगी। समिति के सदस्यों को अलग अलग विभाग का प्रभार दिया जाएगा। आगामी 3 दिसंबर 2023 के बाद चैंबर के पदाधिकारिओं का चयन/चुनाव संविधान के नियमावली के अनुसार किया जाएगा।चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की संचालन समिति में महेंद्र अग्रवाल, राजेश गुप्ता, सोहराब खान, भीखूराम अग्रवाल, पवन सोनी, प्रदीप नारनोली, मो.सलीम, रामभगत अग्रवाल, राज कुमार गुप्ता, बंटी रिटोलिया, इमरान अली, सुनील तुलसियान, परवेज़ खान, हाज़ी रिज़वान, संजय पाण्डेय, दीपक सिंह, दीपक ठक्कर, रफ़ीक आलम, जे.पी केजरीवाल, मो.जफरुद्दीन, मुकेश अरोड़ा आदि सहित 35 अधिकारिओ की टीम की घोषणा की गई। वहीं इस आम सभा में भारी संख्या में पुराना बाज़ार के व्यवसाईगण उपस्थित थे।

# आइसा गिरिडीह का जिला सम्मेलन संपन्न विभा सचिव और अमन बने अध्यक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का जिला सम्मेलन सरिया में संपन्न हुआ। सम्मेलन के पूर्व छात्रों ने छात्र अधिकार मार्च निकाल कर सम्मेलन स्थल पहुंचे। कार्यक्रम का उद्घाटन हेमलाल महतो ने अपनी संबोधन से किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में छात्र कठिन परिस्थियों से गुजर रहा है। सी यू ई टी ला कर छात्रों पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया गया है। शिक्षा के प्रति सरकार का रवैया ठीक नहीं है। सरकार निजीकरण के धुंध में शिक्षा को भी बेचने की तैयारी कर रही है। साथ ही रोजगार चौपट है। राज्य में बेरोजगारों का फौज खड़ी है। वही मुख्य अतिथि के बतौर आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि झारखंड के छात्र चौतरफा कठिनाइयों का सामना कर रहे है। पिछले पांच से साइकिल योजना बंद है। समय से छात्रों को छात्रवृत्ति नही मिल रही है। लोग त्रस्त है। आइसा के क्रांतिकारी छात्रसंगठन है। आइसा मुखर हो कर छात्रों के सवालों पर हमेशा लड़ती है। वही कार्यक्रम को इनौस के राज्य अध्यक्ष संदीप जायसवाल, भाकपा माले बगोदर सचिव पवन महतो, जिम्मी चौरसिया आदि ने भी संबोधित किया। पर्यवेक्षक रंजीत कुमार सिंह के निर्देशन में 21 सदस्यीय कमिटी बनाई गई। जिसमे सर्वसहमति से विभा पुष्पा दीप को सचिव और अमन पाण्डेय को अध्यक्ष, महेंद्र, आजाद को उपाध्यक्ष इंद्रजीत रजक और शुभम मिश्रा को सहसचिव बनाया गया।

# सीआरपीएफ 94 बटालियन खूंटी में रथ यात्रा को लेकर तैयारी शुरू

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खूंटी में भगवान जगन्नाथ की पूजा एवं रथ यात्रा की तैयारी 94 बटालियन के रि पु बल के द्वारा जोर-शोर से की जा रही है इस वर्ष रथ यात्रा दिनांक 20 जून 2023 को के रि पु बल मुख्यालय तजना कैंपस से शुरू होकर बाजारटांड ,भगत सिंह चौक, ऊपर चौक होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचेगी एवं 10 दिनों तक भगवान वहां विराजमान रहेंगे जहां इनकी भव्य पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात दिनांक 28 जून को घूरती रथ यात्रा दुर्गा मंदिर से उसी रास्ते के रि पु बल कैंप तजना में समापन होगी रथ यात्राके पूर्व दिनांक 20 जून 2023 को भव्य पूजा, हवन, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन 94 बटालियन परिसर में किया जाएगा.जैसा की विधित है रथयात्रा के दौरान भारी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु रथ खींचने हेतु उत्सुक होते हैं इसके मद्देनजर भारी सुरक्षा बंदोबस्त किया जाएगा।

# भारत विकास परिषद् के द्वारा रामलीला के पात्रों का अभिनंदन एवं सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** स्थानीय दुर्गा मंडप , केंद्रीय अस्पताल कॉलोनी , नई सराय के पावन परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय रामलीला के अवसर पर भारत विकास परिषद् की राजा राममोहन राय शाखा के तत्वावधान में प्रभु श्री राम की लीला का लोक-प्रदर्शन कर रहे सभी पात्रों का श्रद्धापूर्वक अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।प्रसंगानुसार सनद रहे कि आज हमारी सभ्यता और संस्कृति पर पाश्चात्य का अंधानुकरण हावी है , हमारी उत्कृष्ट संस्कृति एक भीषण संक्रमण से जूझ रही है।ऐसे में आस्थावान लोक-कलाकारों के द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र तथा अन्य आध्यात्मिक प्रसंगों के लोक-प्रदर्शन द्वारा धर्म-संस्कृति के पुनर्जीवन का प्रयास निश्चय ही वंदनीय है।बताते चलें कि उपरोक्त दुर्गा मंडप में प्रयागराज से चौरसिया जी के नेतृत्व में रामगढ़ आई रामलीला मंडली द्वारा बड़ा ही सुन्दर प्रस्तुतीकरण हो रहा है। कॉलोनी तथा आस-पास के युवा , वरिष्ठ जन , माताएं , बहनें और भारी संख्या में बच्चों के द्वारा रामलीला का आनंद लिया जा रहा है , जो कि प्रसन्नता का विषय है।इस मौके पर सम्मान सत्र का संचालन कर रहे भारत विकास परिषद् की राजा राममोहन राय शाखा के मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी ने कहा कि आतिथ्य घर का वैभव है और अतिथियों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। यह भी गौरव का विषय है कि हमारे रामगढ़ में प्रभु राम की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। क्रमशः सभी अभिनेताओं का भारत विकास परिषद् के सदस्यों द्वारा अभिनंदन के पश्चात माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। परिषद द्वारा सभी दर्शकों एवं कलाकारों के लिए उत्तम शीतल पेय की सुंदर व्यवस्था की गई थी। उमस और गर्मी के वातावरण में शीतल पेय ग्रहण करने के पश्चात सभी आह्लादित दिखाई पड़ रहे थे। बच्चों के निश्छल चेहरे प्रसन्नता की मूक अभिव्यक्ति कर रहे थे। कलाकारों का अभिनंदन और सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से डॉ.भाष्कर ( सी एम एस ) , डॉ अनिल सिंह , जितेन्द्र श्रीवास्तव , मल्लिका दत्ता , ज्योति मानसाता सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# अज्ञातवास से लौटेंगे भगवान कैथा रथयात्रा 20 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** कैथा रथयात्रा महोत्सव को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। गौरतलब हो कि विधिनुसार भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के अस्वस्थ होने पर उन्हें गद्दी से उतार कर पवित्र स्थान कराया जाता है।भगवान पंद्रह दिनों तक अज्ञातवास में रहते हैं और आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथारुढ को मुख्य मंदिर पहुंचते हैं। रथयात्रा को लेकर आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो ने कहा कि आयोजन सबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। क्षेत्र में मेला को लेकर उत्साह है लोग तैयारी में जुटे हैं। वहीं सचिव राजेश महतो ने कहा कि रथयात्रा को लेकर मेला परिसर आयोजन के लिए तैयार किया गया है।मेला में झूला,मिक्की माउस आदि अनेक मनोरंजक झूले बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि रथयात्रा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी शामिल होंगी। वहीं मुख्य पुजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन तीनों विग्रहों को स्नान करा गद्दी पर पुनः विराजमान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यक्रम को लेकर पिपरवार में चलाया गया जनसम्पर्क



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** चतरा जिले के सिमरिया कर्बला मैदान मे सोमवार 19 जून को होने वाले झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे जनसम्पर्क अभियान चलाया गया।रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन और झामुमो महिला मोर्चा की चतरा जिला अध्यक्ष सरोज देवी के नेतृत्व पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर, कारो,बहेरा,राजधर,किचटो, बिलारी,बेंती,चिरैयांटांड़ सहित अन्य जगहो पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मिलन समारोह का बैनर पोस्टर लगाया गया,साथ ही ग्रामीणों से मुलाकात कर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस समारोह को सफल बनाने की अपील की गई।वक्ताओं ने कहा कि सिमरिया में होने वाला यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।उपस्थित लोगो ने मिलन समारोह मे जाने का संकल्प लिया।इस मौके पर इकबाल हुसैन, सरोज देवी, इंद्रजीत उंराव, दूपाल भगत, कृष्णा उरांव, फुलदेव भगत, सुनील उंराव, सुख राम उंराव, इदरीश अंसारी, सुलेंद्र भगत, प्रकाश उंराव, नथुनी प्रसाद,नीरज राम विशनी देवी, सुगीया देवी, जितनी देवी, सालीम अहमद, गुलजार आलम, राजकुमार साव, कारिनाथ महतो, राजेन्द्र उंराव, संजय टाना भगत, रितेश भगत, बिनोद टाना भगत, जागेश्वर भगत, पुनिया देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बरवाअड्डा थाना के तीन जवान हुए चोटिल, स्थिति गंभीर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के बरवाअड्डा थाना अंतर्गत शनिवार-रविवार की देर रात तीन पुलिसकर्मी को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। घटना के संबंध में मौके पर मौजूद पुलिस जवान कुछ भी बताने से बचते दिखे। वही देर रात पुलिस के तीन जवान गंभीर रूप से चोटिल और फटी वर्दी में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद तीनों जब जवान को पुलिस वाहन से ले जाया गया और एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घायल पुलिस जवान के नाम प्रकाश रजक, राजीव रंजन और कमलेश कुमार बताया जाता है। इन पुलिस जवान की हालत गंभीर कैसे और किस परिस्थिति में हुई, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

# जेल अदालत में दो बंदी को रिहा किया गया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान मे रविवार को धनबाद जेल मे जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधिश निताशा बारला ने बताया की जेल अदालत मे निपटारे के लिए 6 केस चिन्हित किए गए थे जिसमे दो मुकदमे का निष्पादन कर बंदी को मुक्त करने का आदेश दिया गया। वहीं दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा बंदियों को विभिन्न कानूनो की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर के माध्यंम से दी गई।

# उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रॉची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि जेल अदालत के अलावा जेल में कानूनी जागरूकता शिविर का भी आयोजन हुआ। सभी कैदियों का विचारन बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी लोग अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने-अपने वाद को जल्द से जल्द निपटारा करवाएँ। ÷सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने-2 मामले के बारे जानकारी रखना आपका हक है आपको निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़ें। आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने-2 अन्दर दबी हुई प्रतिभा को जगाएँ और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने पढ़ने की आदत डालें। इस कार्यक्रम में डालसा आपकी मदद करेगी। आप स्वस्थ रहें व्यस्त रहें, इसकी शुभकामना÷ ।इस कार्यक्रम में, अनुमण्डल न्यायिक दण्डाधिकारी दिनेश बाउरी, डालसा एल0ए0डी0सी0 चीफ राजीव कमल, डालसा पी0एल0वी0, उपकारा खूँटी के कारा अधीक्षक एवं कारा के कर्मचारीगण एवं जेल पी. एल. वी. उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन और मगध प्रबंधन के बीच बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन और मगध परियोजना प्रबंधन के बीच कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बैठक हुई।इस बैठक में यूनियन के द्वारा मगध परियोजना के नवनियुक्त परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण का बुके देकर स्वागत किया गया।बैठक मे कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक मे मगध परियोजना में काम करने वाले कोयला कामगारों का संडे ड्यूटी बंद किए जाने का पुरजोर विरोध किया गया। बैठक में यूनियन के द्वारा संडे ड्यूटी पूर्व की तरह बहाल करने,मगध में काम करने वाली महिला कामगारो को अविलंब कॉमन रूम उपलब्ध कराने,कर्लक कर्मियों को टेबल कुर्सी देने,टंडवा से कामगारों के आवागमन को लेकर अलग बस देने की मांग की गई।

# 11 वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिले के बरही स्थित जवाहर घाट जलाशय में 16 जून से चल रहे 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। झारखंड के इतिहास में पहली बार हुए राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में 14 राज्यों के 468 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 228 महिला एवं 240 पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में सभी राज्यों से आएं महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने अपने राज्य का नाम रौशन किया। विजेता सभी प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद केबी शर्मा, मुख्य सचिव विनोद वर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी, झारखंड ड्रैगन बोट के अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईएएस बीसी ठाकुर, ऑर्गनाइजिंग डायरेक्टर रोहित कुमार सिंह, जनरल सेक्रेटरी सोनी प्रसाद, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, संयोजक आलोक कुमार, सचिव समीर अंबस्ट ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। वहीं जेनरल सेक्रेटरी बिनोद वर्मा ने कहा कि श्रीदस स्कूल की मेजबानी से दूसरे राज्य से आएं बच्चें काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि स्कूल की मेजबानी ने सबको प्रभावित कर झारखण्ड की संस्कृति का परिचय दिया है। जिलाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सफल आयोजन को लेकर सभी पदाधिकारी व अन्य राज्य से आएं पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

**राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता से बरही को मिली नई पहचान : रंजीत चंद्रवंशी**

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने जवाहर घाट में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होने से बड़ी कई नई पहचान मिली है, यहां के बच्चों एवं अभिभावकों ने तीन दिनों तक चले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आनंद लिया जो आने वाले दिनों में बच्चों को भी प्रेरित करेगा।राज्य स्तरीय ट्रेनिंग स्थल के रूप में विकसित होगा बरही जवाहर घाट ̶ बी.सी. ठाकुर (अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईएएस) झारखण्ड के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने बताया कि दो दिनों तक झारखंड की टीम को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए रोका गया है, राष्ट्रीय स्तर कोच के संरक्षण एवं देखरेख में ट्रेनिंग दी जाएगी। वही वाइस प्रेसिडेंट सह कंपटीशन डायरेक्टर तापस पाठक ने कहा कि बरही के जवाहर घाट का भविष्य उज्ज्वल है। यहां का मनोरम दृश्य एवं जलाशय को देखते हुए असीम संभावनाएं है।

**जवाहर घाट का भविष्य उज्ज्वल, बड़ी प्रतियोगिता को कराने की असीम संभावनाएं : तापस पाठक**

फ़ेडरेसन के वाइस प्रेसिडेंट सह कंपीटिशन डायरेक्टर तापस पाठक ने कहा कि जवाहर घाट में डैम की खूबसूरती और प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनता है। वाटर स्पोर्ट्स के लिए इस डैम का भविष्य उज्ज्वल है। बड़ी प्रतियोगिता कराने की असीम संभावनाएँ है। राष्ट्रीय खेल होना इसका गवाह है। उम्मीद है भविष्य में इस स्थान पर और भी राष्ट्रीय स्तर के गेम होंगे।

**ओवरऑल चैम्पियन बना हरियाणा**

पूरे ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन हरियाणा बना। वहीं सेकंड रनरअप पंजाब और दिल्ली ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपनी जगह बनायी। तीनों टीम को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में भी बेहतर करने की बात कही।

**किस-किस राज्य ने कौन-कौन स्थान किया प्राप्त**

वीमेंस में 200 मीटर में प्रथम स्थान हरियाणा, द्वितीय स्थान पंजाब, तृतीय स्थान वेस्ट बंगाल, मेंस में प्रथम स्थान दिल्ली, द्वितीय स्थान हरियाणा, तृतीय स्थान यूपी ने प्राप्त किया।

## थैलिशिमिया रोग से ग्रसित पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिला आर्थिक मदद

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टुंडी विधायक के अनुशंसा पर पाथरडीह कुलटांड निवासी को थैलिशिमिया रोग से ग्रसित पीड़ित परिवार को पचास हजार रुपए की आर्थिक मदद दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी विधायक सह सतारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने आज रविवार को पाथरडीह कुलटांड निवासी अभिलाष महतो के सात वर्षीय पुत्र जो कि थैलिशिमिया रोग से ग्रसित है उसे आज विधायक के द्वारा उनके घर जाकर मुख्यमंत्री राहत कोष से पचास हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस संकट के समय सरकार के माध्यम से आर्थिक मदद करने पर टुंडी विधायक को सभी ग्रामीणों ने बधाईयां दी है। मौके पर विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, महेंद्र महतो,अमित कुमार महतो, राजेश महतो, सुरेन्द्र महतो, समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भड़के किन्नर समाज ने प्रेस वार्ता कर भाजपा नेत्री को दी चेतावनी

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झरिया के पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला साउथ कालोनी के रहने वाले कोल ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय की हत्या सरेआम दिनदहाडे बीते दिनों कर दी गयी थी। घटना की सूचना पाकर झरिया के भाजपा नेत्री रागिनी सिंह मौके पर पहुंची थी और घटना के प्रति आक्रोश जताते हुए मीडिया से बोली थी की सिंदरी डीएसपी हिजड़ा (किन्नर) है। इसी के विरोध में रविवार को झरिया के जामाडोबा में किन्नर समाज ने हिजड़ा शब्द का विरोध करते हुए प्रेस वार्ता की। किन्नरों ने कहा कि भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने ÷हिजड़ा शब्द बोला कर हम लोगो का अपमान किया, हम लोगों की मांग है रागिनी सिंह हिजड़ा शब्द वापस ले। बंशी किन्नर ने कहा कि, किन्नर समाज के लोग जज, कलक्टर, एसपी यहां तक कि जनप्रतिनिधि भी हैं। समाज हम लोगों से आशीर्वाद और दुआ लेता है। हम लोग ना तो किसी के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं और ना ये चाहते हैं कि कोई हमारा नाम गाली के रूप में प्रयोग करे।

## टुंडी गौ रक्षा प्रमुख रामदेव गोस्वामी का निधन क्षेत्रों में शौक़ की लहर

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टुंडी प्रखंड के लोधरिया बहादुरपुर निवासी सह विश्व हिन्दू परिषद सह गौ रक्षा प्रमुख रामदेव गोस्वामी उम्र 80 बर्ष का निधन आज रविवार दोपहर में हो गया। बताया जाता है कि जनसंघ से लेकर भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे एवं सरल स्वभाव के साथ साथ मृदुभाषी कुशल व्यवहार में से एक थे अपने पीछे तीन पुत्र एवं पुत्रियां समेत भरापुरा परिवार छोड़ गये। इनके अकस्मात निधन की खबर सुनकर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पाण्डेय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार मिश्रा, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष तिलक मंडल, प्रदीप पंडा समेत कई भाजपा परिवारों ने दुःख व्यक्त किया है। एवं परिजनों के साथ इस दुःख की घड़ी में साथ खड़े रहने की बात कही है। चरककुर्द निवासी समाजसेवी श्रीनाथ सिंह एवं पारा शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारी नवीन चन्द्र सिंह।

## हर जरूरतमंदों के साथ खड़ा है गोकुल परिवार : रणविजय

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कुसुंडा जीवन ज्योति कुष्ठ आश्रम में बिहार जनता खान मजदुर संघ के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह के सौजन्य से लगातार कई वर्षों से असहय लोगों के लिए सूखा राशन दिया जा रहा है।जिसके लिए आश्रम के मुखिया ने रणविजय सिंह का शुक्रिया अदा किया।मौके पर अनिल सिंह, गिरजेश सिंह,बाबर अली एवं उपस्थित लोग।

## श्रीनिवास बीभी का किया गया स्वागत के साथ अभिनंदन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिवस पर आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के लिए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीभी का झारखंड के पावन धरती पर बहुत-बहुत स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन किया।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मनाया गया फादर्स डे

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रविवार का दिन लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के वृद्धजनों के लिए यादगार दिन रहा। वृद्धजनों ने दोहरी खुशी का अनुभव किया। एक ओर जहां आश्रम में वृद्धजनों के साथ फादर्स डे सेलिब्रेट किया गया वही झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज की शादी की सालगिरह को उनके परिजनों ने आश्रम में मनाया। वृद्धजन प्यार और सम्मान पाकर भावुक हुए। अभिजीत राज और उनकी पत्नी उषा देवी की शादी की सालगिरह केक काटकर वृद्धजनों संग मनाया गया एवं सभी वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। वृद्धजनों ने अभिजीत राज के पुरे परिवार को इस सम्मान और प्यार के लिए अपना आशीर्वाद दिया।हालांकि अभिजीत राज रांची में अपने विशेष कार्य के कारण धनबाद में उपस्थित नहीं थे। इस अवसर पर उपस्थित आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने अभिजीत राज के परिवार का आभार व्यक्त किया। आश्रम में समाजसेवी ओंकार मिश्रा, तरुण कुमार, बीपी सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, प्रीति सिंह, कविता सिंह ने अभिजीत राज एवं उनकी पत्नी उषा को शादी की सालगिरह की बधाई दी एवं आश्रम के वृद्धजनों को फादर्स डे पर नमन किया।

## जवान रामबूल कुमार का शव पहुंचा पुलिस केंद्र, दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहर के पुलिस लाइन में रविवार की सुबह जवान रामबूल कुमार का शव पहुंचा। जहां पुलिस केंद्र में पुलिस अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर अरविंद कुमार बिन्हा समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस लाइन में पुलिस एसोसिएशन के द्वारा ?25000 सहायता राशि के रूप में मदद की साथ ही उनके परिजन को सरकारी प्रक्रिया प्रावधान कि जो भी सहायता होगी उनको दिलाने का कार्य किया जायेगा।बताते चलें कि पुलिस लाइन में तैनात जवान रामबूल कुमार की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। ड्यूटी समाप्त कर शाम 4:00 बजे वह पुलिस लाइन स्थित अपने घर लौटने के दौरान हुआ बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़े। जिसके बाद सहकर्मी ने उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।बताया जाता है कि लू लगने के कारण उनकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। रामबूल कुमार बिहार के मुंगेर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उसके बाद उनके शव को पुलिस लाइन में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, सार्जेंट दीपक कुमार के द्वारा सलामी दी गई। श्रद्धांजलि सभा में उनके परिजन भी मौजूद थे। श्रद्धांजलि सलामी होते ही उनके प्रति गांव मुंगेर ले जाया गया। जहां अंतिम संस्कार मुंगेर में ही किया जाएगा।

## मारवाड़ी युवा मंच का विश्व योग दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रविवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा 21 जून 2023 को आने वाले विश्व योग दिवस के लिए करो योग रहो निरोग आनंदम के स्लोगन द्वारा रणधीर वर्मा स्टेडियम, गोल्फ ग्राउंड में सुबह 5.30 से 7.30 तक एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल द्वारा आर्ट ऑफ स्टूडेंट की संस्थापक योग गुरु नीरू सचदेवा को जागरूकता शिविर के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में बुलाया गया। जिसमें उन्होंने योग के माध्यम से सभी को स्वस्थ एवं फिट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक रमा भीमसरिया, विनीता अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, स्नेहा सतनालीवाला, संजय अग्रवाल एवं विष्णु भीमसरिया का विशेष योगदान रहा।

# प्रिंस खान के लिए पैसा वसूलने वाला गैंग्स का पुलिस ने किया खुलासा, एक महिला समेत 10 गिरफ्तार

## एक करोड़ नगद सहित करोड़ो का ट्रांजैक्शन भी मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद में गैंगस्टर प्रिंस खान व्यापारियों, कारोबारियो को धमकी देकर बड़े पैमाने पर पैसे की वसूली कर रहा है। इसके लिए प्रिंस खान के कई गुर्गे काम कर रहें हैं। 6 महीने में इसके गुर्गों के द्वारा करोड़ो का लेनदेन हुआ है। इसका खुलासा आज रविवार को हुआ। एसएसपी संजीव कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता किया जिसमे बताया गया की फरार प्रिंस खान अपने गुर्गे से फायरिंग करवाकर और धमकी दिलवाकर पैसा वसूल रहा है। इसमें सफेदपोश भी शामिल है। इसमें पुलिस की विशेष टीम ने एक महिला समेत 10 अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक करोड़ रुपया नगद,



पैसा लेनदेन के कई स्लिप और रजिस्टर भी बरामद हुआ है। साथ ही एक देशी कट्टा तीन जिंदा गोली बरामद हुआ है। गिरफ्तार सद्दाम अंसारी पैसा पंहुचाने वाला मुख्य सरगना है जबकि इसकी पत्नी नर्गिश बानो पैसे का हिसाब किताब रखती हैं। साथ ही गैंग्स के मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद सद्दाम, खुर्शीद आलम, सिराज अंसारी, बाबर अहमद, मोहम्मद साजिद अंसारी, अमन कुमार वर्मा और संतोष कुमार गोस्वामी को भी गिरफ्तार किया गया है। इसमें कई और लोगो को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। एसएसपी ने कहा की इससे प्रिंस खान आर्थिक रूप से कमजोर होगा। पुलिस की विशेष टीम में मुख्य रूप से डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे, केंदुआडीह इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, केंदुवाडीह इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह, राजगंज थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार झा सहित कई थाना प्रभारी शामिल थे।

## 50 पब्लिक स्कूलों को मान्यता रद्द करने की तैयारी, स्कूल कर रहे मनमानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बार-बार निर्देश के बाद भी जिले में संचालित 50 सीबीएसई व आईसीएसई स्कूलों ने अब तक यू डायस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) के लिए नामांकित छात्र-छात्राओं की जानकारी विभाग को नहीं दी है। इनमें जिले के कई बड़े स्कूल शामिल हैं। मामले को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद ने 50 स्कूलों (42 सीबीएसई व 8 आईसीएसई) को अंतिम चेतावनी जारी कर कहा है कि 19 जून तक यू डायस में चाइल्ड मेंडेटरी फील्ड कॉलम (डेटा अपलोड) को अपडेट करें। निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन डेटा अपडेट नहीं होने की स्थिति में इन स्कूलों की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा तथा गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का यू डायस रद्द करने की बाध्यता होगी।बताते चलें कि यू डायस प्लस 2022-23 के तहत चाइल्ड मेंडेटरी फील्ड को अपडेट अनिवार्य रूप से ई विद्यावाहिनी डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल से 31 मार्च तक किया जाना था। इन आंकड़ों का उपयोग भारत सरकार द्वारा किया जाता है। बार-बार स्मारित करने के बाद भी इन 50 स्कूलों की ओर से यह कार्य पूर्ण नहीं किया गया। यह प्रत्येक विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है।

# बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी में लगी भीषण आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कतरास के तेतुलमारी थाना अंतर्गत मोदीडीह कोलियरी में संचालित भूमि कन्या आउटसोर्सिंग कंपनी में आग लग गई है। ज्ञात हो कि आग लगे स्थान से 50-100 मीटर की दूरी पर बस्ती भी है। जिसमे सैकड़ों हजारों लोग रहते हैं, जिस प्रकार बड़ी ब्लास्टिंग से आग की लपटें तेज तेज निकल रही है हो सकता है बस्ती को भी अपने लपेटे में ले । लोगों ने बताया कि संध्या लगभग 6:00 बजे ब्लास्टिंग हुआ जिससे चारों और धुआ हो गया , उस समय तक आग नहीं देखा गया



था। रात को अचानक से भीषण आग दिखाई दिया। आग की लपटे काफी ऊंची है, कंपनी की ओर से आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी और हाईवा लगाया गया. जेसीबी के द्वारा मिट्टी काट कर हाईवा में डाला जा रहा है और हाईवा के द्वारा मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश किया जा रहा है। लेकिन जितनी भी मिट्टी डाला जा रहा है आग की लपटें नाम मात्र को भी कम होने को तैयार नहीं हो रही है. आग धीरे-धीरे आगे की ओर बढ़ती जा रही है. घटना में कितने लोग हताहत हुए हैं इसकी जानकारी खुलकर सामने नही आ सकी है. लेकिन सवाल है कि आखिर भूमिकन्या आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधन की लापरवाही से इतना बड़ा घटना कैसे घट गया यह बहुत बड़ा सवाल है।

# डुमरी उपचुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी आजसू : गुड्डू यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह परिषदन भवन में आजसू पार्टी की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव ने किया। वही बैठक में डुमरी विधानसभा के उपचुनाव पर चर्चा हुई इस दौरान उपस्थित आजसू के नेता व कार्यकर्ताओं ने चुनाव समेत कई अन्य मुद्दे पर चर्चा की । साथ बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव ने कहा कि 22 जून को आजसू पार्टी स्थापना दिवस मना रही है । इस स्थापना दिवस को पार्टी संकल्प दिवस के रूप में मना रही है । 22 जून को डुमरी विधानसभा , गांडेय विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित की जा रही है । इस कार्यक्रम के तहत झारखंड सरकार के विफलताओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी कहां की चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट गई है



डुमरी विधानसभा में सभी पंचायतों में चूल्हा प्रमुख भी बना लिया गया है। बैठक के दौरान कई लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का जिलाध्यक्ष ने पार्टी का पट्टा पहना के स्वागत किया। मौके पर उपस्थित जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव, महासचिव छक्कन महतो, केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो, प्रियंका शर्मा, कंचन राय, अमित यादव, तनवीर हसन, राजेश पंडित, अक्षय यादव, राजेश स्वर्णकार, सतीश समेत पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में दफनाया गया शव बाहर निकाला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलिया मोड़ के समीप एनएच 2 के किनारे 14 जून को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव को पुलिस द्वारा भलजोरिया शमशान घाट में दफना दिया गया था। जिसे रविवार की सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शमशान घाट की मिट्टी में दफन शव को पुलिस ने बाहर निकाला और जांच के लिए अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि मृतक महेश महतो बाघमारा थाना क्षेत्र डुमरा का रहने वाला था, जो गोविंदपुर के एक कारखाने में काम करता था। शव मिलने के दो दिन पूर्व से ही मृतक कारखाने से गायब था। उसके परिजनों को सूचना मिली कि निरसा में एक अज्ञात शव मिला है। उसी पर वे निरसा पहुंच शव की शिनाख्त की। जिसके बाद मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में शव निकालने का काम शुरू किया गया है।ज्ञात हो 14 जून को निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलिया मोड़ के समीप बंद पड़े पेट्रोल पंप के झाड़ियों से अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसे निरसा पुलिस पोस्टमार्टम करा अज्ञात शव बता उसका भलजोरिया शमशान घाट में दफना दिया था। जिसे आज मजिस्ट्रेट निरसा सीओ नितिन शिवम गुप्ता की मौजूदगी में शव को निकाला गया।

## भाकपा माले ने किया ब्रांच कमेटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गावां :** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर गांव में भाकपा माले नेता जिला कमेटी सदस्य सकलदेव यादव के नेतृत्व में 21 सदस्यीय ब्रांच कमेटी का गठन किया गया बैठक की अध्यक्षता ऋषि देव यादव एवं संचालन राजेश शर्मा के द्वारा किया गया ब्रांच कमिटी में सर्वसम्मति से ब्रांच सचिव ऋषि देव यादव सह सचिव मंटू शर्मा को चुना गया बैठक में कई समस्याओं पर चर्चा की गई सकलदेव यादव ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर फेल हुआ है झारखंड में भी हेमंत सोरेन की सरकार मोदी की राह पर चल रही है नौजवान को ठगा जा रहा है आगामी लोकसभा चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब दीजिए मौके पर प्रखंड कमेटी सदस्य रामस्वरूप यादव, पंचायत समिति मंटू शर्मा, कोलेश्वर भुइयां ,जितेंद्र यादव रामदेव यादव ,अनिल शर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## नवडीहा पैक्स में शुरू हुवा धान बीज का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** 25 मई से रोहन नक्षत्र के सुरु होने के बाद नवडीहा पैक्स में धान बीज वितरण शुरू हो गया है । इसी नक्षत्र में किसान अपने खेतों में धान बीज डालना शुरू कर दिया है मान्यता है की इस नक्षत्र में धान डालने से बेहतर फसल उपज होता है इसीलिए इस वर्ष समय से पहले सभी पैक्स में सरकार द्वारा बीज उपलब्ध करा दिया गया है। पैक्स में किसान अनुदानित दर पर बीज ले सकेंगे विभाग में हाइब्रिड बीज डी आर आर एच 3 ari56444 एमटीयू 7029 मक्का उपलब्ध है। नवडीहा पैक्स प्रबंधक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पैक्स में धान आधे कीमत पर उपलब्ध है सभी किसान अनुरोध है कि अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल लेकर आये और धान का बीज ले जाए क्योंकि अनुदान हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल का और ओ टी पि आवश्यक है।

## तेतुलमारी के एक आउट सोर्सिंग में भड़की भीषण आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तेतुलमारी थाना अंतर्गत बीसीसीएल के एरिया-4 स्थित मोदीडीह कोलियरी में संचालित भूमि कन्या आउटसोर्सिंग कंपनी में हैवी ब्लास्टिंग और अवैध कोयला खनन के कारण उत्खनन स्थल पर भीषण आग लग गई है। आउटसोर्सिंग कम्पनी डीजीएमएस के नियमो का उलघनन कर बदस्तूर हैवी ब्लास्टिंग कर अग्नि प्रभावित कोयला खदान में उत्खनन कर रही है। जिसका परिणाम है कि आग ने अपना रौद्र रूप अख्तियार कर लिया है। अगलगी वाले कोयला खदान से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर ही आबादी वाली बस्ती भी है। जहां सैकड़ों लोग रहते है। वहीं यहाँ रह रहे लोगों को अब भय सताने लगा है कि जिस प्रकार से आउटसोर्सिंग कंपनी बेधड़क बड़ी-बड़ी ब्लास्टिंग कर



आग की लपटों को हवा दे रही है, उससे कही यह बस्ती ही इस प्रचंड आग की लपटों के चपेट में न आ जाए।दहशत में जी रहे स्थानीय लोगों में अब बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के प्रति आक्रोश दिखाई दे रहा है। स्थानीय मनोज चौहान ने बताया कि शनिवार संध्या लगभग 6:00 बजे यहाँ ब्लास्टिंग किया गया। जिससे चारों और धुआ धुआ हो गया, लेकिन उस समय तक आग नहीं देखा गया था। लेकिन देर रात यह आग भीषण रूप में सबके सामने आया। आग की लपटे मानो आसमान छू रही है। जिससे लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। रविवार सुबह ग्रामीण उत्खनन स्थल पर पहुच कर आग पर काबू पाने के साथ साथ यहाँ रह रहे लोगों को किसी सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग प्रबंधन से की। वही कंपनी की ओर से आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी और हाईवा ट्रक जैसे बड़ो वाहनों को लगाया गया है।

# 15 साल बाद भीषण गर्मी में सुखी उसरी नदी, दूर दूर तक नहीं कही पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** जमुआ प्रखंड के लगभग सभी नदी तालाब इस भीषण गर्मी में सुख चुके है वही 15 साल बाद इस गर्मी के चपेट में आया उसरी नदी और पूरी तरह से सुख चूका है। उसरी नदी जो बराकर नदी की एक सहायक नदी है यह उसरी नदी गिरिडीह जिला अंतर्गत देवरी प्रखंड की चौकी पहाड़ी से निकलती है उद्गम अस्थल से गिरिडीह शहर तक उसरी नदी तक जाती है इस नदी की लंबाई करीब 65 किलोमीटर है। उसरी का संगम स्थल गांडेय प्रखंड के पंडरी होकर गुजरने वाली बराकर नदी है। इस नदी से लाखो लोगो की जीविका चलती है लेकिन भीषण गर्मी में उसरी नदी 15 सालों के बाद



पहली बार सुख क्युकी है जिससे नदी के तट पर बसे हुए गांव के लोग परेशान है। ग्रामीणों का कहना है की गर्मी में नदी का पानी सूखने लगता था तब हल्की हल्की बारिश होती पुनः जान ले आती थी लेकिन इस साल भीषण गर्मी में एक भी बार बारिश नहीं हुआ जिससे उसरी नदी पूरी तरफ से सूख चुकी है। नदी के सूखने की वजह से कुआं , तालाब और चापाकल पानी का स्तर भी काफी नीचे चला गया है वही पेड़ पौधा भी मुरझाने लगे है। इंसान तो कही से अपना व्यवस्था कर लेते है लेकिन पशु पक्षियों पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इस साल बारिश नहीं होना और चिलचिलाती धुप से किसान भी परेशान है ।

## महिलाओं की उन्नति के लिए रिदा-ए-फातिमा नामक सम्मेलन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को आजाद नगर में पहली बार मुस्लिम महिलाओं की उन्नति के लिए रिदा-ए-फातिमा नामक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह अयोजन तहरीके राहे निजात कमिटी के द्वारा किया गया। जहां आजादनगर एवं इससे सटे इलाकों की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन की शुरुआत पवित्र कुरान के साथ हुई जहां अलीमा फाजीला इशरत फातिमा ने अपने भाषण में दीन मतीन के नियमों का पालन करने और महिलाओं के शिक्षा के विकास की बात की। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि अगर हमारी बहन-बेटियों को आधुनिक विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक शिक्षा भी मिल जाए तो वे किसी भी क्षेत्र में नाकाम नहीं होंगी। अलीमा अफीफा ने कहा कि हम अपने घर की लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए मल्टीमीडिया मोबाइल देते हैं, लेकिन प्रलोभन के दौर में हम इस पर नजर नहीं रखते जिससे वे अनजान लोगों के संपर्क में आकर धर्मत्यागी हो रही हैं।

## जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** आधारभूत संरचना के विकास कार्य के मद्देनजर जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत महरोई एवं विजयसोता स्टेशनों पर 19.06.23 से 27.06.23 तक प्रीएनआई/एनआई कार्य किया जाना है । इस कारण इस रेलखंड से गुजरने वाली 03 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन रद्द तथा 04 जोड़ी को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

**रद्द ट्रेनें –**

1. गाड़ी सं. 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस - 21.06.23 एवं 24.06.23 को
2. गाड़ी सं. 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस - 22.06.23 एवं 27.06.23 को
3. गाड़ी सं. 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस - 25.06.23 को
4. गाड़ी सं. 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस - 26.06.23 को
5. गाड़ी सं. 11651 जबलपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस - 18.06.23 से 27.06.23 तक
6. गाड़ी सं. 11652 सिंगरौली-जबलपुर एक्सप्रेस - 19.06.23 से 28.06.23 तक

**परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें–**

**1.** दिनांक 21.06.23 को अहमदाबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-गढ़वा रोड के रास्ते चलायी जायेगी ।

**2.** दिनांक 24.06.23 को कोलकाता से खुलने वाली गाड़ी सं. 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा के रास्ते चलायी जायेगी ।

**3.** दिनांक 19.06.23 एवं 26.06.23 को मदार जं. (अजमेर) से खुलने वाली गाड़ी सं. 19608 मदार जं-कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-गढ़वा रोड के रास्ते चलायी जायेगी ।

**4.** दिनांक 22.06.23 को कोलकाता से खुलने वाली गाड़ी सं. 19607 कोलकाता-मदार जं (अजमेर) एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड-डीडीयू- प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा के रास्ते चलायी जायेगी ।

**5.** दिनांक 19.06.23 एवं 26.06.23 को हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा के रास्ते चलायी जायेगी ।

**6.** दिनांक 21.06.23 को भोपाल से खुलने वाली गाड़ी सं. 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-गढ़वा रोड के रास्ते चलायी जायेगी ।

**7.** दिनांक 18.06.23 एवं 25.06.23 को अजमेर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-गढ़वा रोड के रास्ते चलायी जायेगी ।

**8.** दिनांक 23.06.23 को संतरागाछी से खुलने वाली गाड़ी सं. 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा के रास्ते चलायी जायेगी ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कैरो प्रखंड में भाजपायीईयों ने पीएम मन की बात कार्यक्रम का 102 वां लाईव प्रसारण सुना

# अंतिम रविवार को विदेश दौरा होने के कारण 18 जून को हुआ मन की बात का प्रसारण : सूरज मोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 जुन रविवार को प्रखंड भाजपायीईयो ने प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम 102 वाँ एपिसोड का लाईव प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीवी0, रेडियो, व स्मार्ट्फ़ोन्स पर सुना व देखा। बूथ संख्या 168 पर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक सूरज मोहन साहू ने सुनते हुए कहा कि महिने की अंतिम रविवार को होने वाली प्रसारण पीएम के विदेशों मे कई अनेको महत्त्वपुर्ण अंतरर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों मे भाग लेने हेतु विदेश दौरा के कारण आज 18 जुन को हूआ प्रसारण। साहू ने कहा कि पीएम ने 102 वें एपिसोड मे 2024 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है,उसे हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को साकार कर दिखाना है। वही मौके पर लाईव प्रसारण देख रहे भाजपा जिला कार्यसमिति सद्स्य विशेश्वर प्रसाद दीन ने कहा कि पीएम ने 25 जुन 1974 का दिन आपातकाल का भी लाईव मे चर्चा देशवाशियों से की। दीन ने कहा कि 1974 के 25 जुन की यातनाएँ को देश कभी भी भुला नहीं पायेगा। आज के युवा पीढ़ी को हमेशा उक्त तिथि याद रखने की जरुरत है। बूथ संख्या 174 पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन उराँव व मुखिया श्री मति सुमित्रा उराँव ने लाईव सुनते हुए कहा कि आने वाले 21 जुन एक विश्व,एक परिवार सबके कल्याण के लिए देश के कोने-कोने मे योग दिवस समारोह होंगे आप सभी स्वस्थ भारत निर्माण हेतू करें योग,रहे निरोग। बूथ संख्या 169 पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नजीर आलम खान ने अपने बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ लाईव सुनते हुए कहा कि पीएम ने जम्मू कश्मीर के बारामूला, सोपोर के दुग्ध उत्पादन मे जुड़े किसान इशरत नबी,आबिद हुसैन,वसीम के द्वारा 5.5 लाख लीटर दूग्ध उत्पादन के क्षेत्र मे श्वेत क्रांति लाने वाले अल्पसंख्यक किसान की लाईव मे चर्चा कर अल्पसंख्यको का बढ़ाया मान। प्रखंड के बूथ संख्या 167 पर लाईव सुनते हुए भाजपा जनजाति मोर्चा प्रदेश सदस्य बरजंग उराँव ने कहा कि साफ नियत से कोई लक्ष्य कठिन नहीं, पीएम ने 102 वें एपिसोड मे देश के खिलाड़ियों का चर्चा कर उनका बढ़ाया उत्साह उराँव ने कहा कि खेलो इण्डिया के तहत हमारे देश के खिलाड़ी काफी मेहनत कर रहे हैं। युपी मे खेलो इंडिया के तहत 11 रिकार्ड टुटे। उपरोक्त सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम के मन के बात कार्यक्रम से सामाजिक जीवन मे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है,लाईव कार्यक्रम महिने के अन्तिम रविवार को आम व खास सभी लोगो को सुनना चाहिए। मौके पर लाईव कार्यक्रम मे उपरोक्त लोगो के अलावा विहिप प्रदेश मार्गदर्शक मंडल के संयोजक श्री कृष्ण चैत्न्य ब्रह्मचारी जी महराज, ओबीसी अध्यक्ष राजेश सोनी, मंडल सोसल मिडिया प्रभारी विनोद राम, मंडल कार्यसमिति सद्स्य पंकज साहू, गौतम साहू, शंकर राम, सोनामणि उराँव, नसीर आलम इत्यादि कार्यकर्ताओं ने लाईव प्रसारण अपने अपने बूथ क्षेत्रो में सुना।

## आराहंसा गांव की महिलाओं ने मनाया जनी शिकार का पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार प्रत्येक बारह वर्ष के पश्चात जनी शिकार आयोजित होता है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के आराहंसा गाँव में ग्राम प्रधान चुयु मुंडा और वार्ड सदस्य चम्पा देवी के नेतृव जनी शिकार मनाया गया। जनी शिकार आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रो में अधिकांश मनाया जाता है। वही आराहंसा गाँव के महिलाएं और बालिका सामिल थी। सभी महिलाएं आराहंसा में एकत्रित होकर जनी शिकार कार्यक्रम प्रारम्भ कर किस्को प्रखंड क्षेत्र के बोंगा,हिसरी,पतरातू होते हुए चोरगाई पँहुच महिलाओं का समूह जुटाते हुए गाँव मे खस्सी का शिकार कर एक जगह मिट बनाकर सभी लोगों ने खाया इस साथ हज गाँव के टोला मोहल्ला में महिलाओं का आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया गया। जनी शिकार कार्यक्रम सिर्फ महिलाएं और युवतियां शामिल हुई थी। जनी शिकार का कार्यक्रम प्रत्येक 12 वर्षो में मनाया जाने वाला पर्व है। वही तय जाता है। कि जनी शिकार पर्व में पुरुष वेश धारण कर हाथों में पारपरिक हथियार ले कर सिर्फ महिलाएं और युवतियां शामिल हो गाँव,टोला और मोहल्ले में भ्रमण किया सभी के हाथों में परंपरागत हथियार के रूप में गुलेल, कुल्हाड़ी, लाठी डंडे, तीर धनुष था। जिसे लोगो द्वारा खस्सी का शिकार किया गया। आदिवासी क्षेत्रों ग्रामीणों का मान्यता है। कि जनी शिकार के बाद गांव से बुरी आत्मा,रोग,बीमारी दूर हो जाता है। जनी शिकार के दौरान महिलाएं जींस-शर्ट पहनकर जंगल,सड़क में घूमती हैं। और बकरा-बकरी,मुर्गे-मुर्गियाँ या अन्य कोई जानवरों का शिकार करके लौट कर शाम को इन्हें पकाती है। और रात में खा पीकर जश्न मनाया जाता है। गाँव का पाहन चुयु मुंडा व वार्ड सदस्य चम्पा देवी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मुग़ल शासन काल के दौरान जब मुग़ल सेना रोहतासगढ़ की और कूच कर रही थी। इसी दौरान उनकी नजर इन उरांव जनजाति पर पड़ी इन पर कब्ज़ा जमाने के उद्देश्य से आदिवासियों पर हमला कर दिया था। उस समय गांव के पुरुष सरहुल पर्व मन रहे थे। ऐसे में आदिवासी स्त्रियों ने रोहतासगढ़ किला को बचाने के लिए मोर्चा संभालते हुए मुग़ल सेना से लोहा लिया था। और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। आदिवासी महिलाओं ने 12 वर्षो तक लगातार ऐसा किया था। जिसके बाद में मुगल सैनिकों को हार माननी पड़ी थी। इसी की याद में प्रत्येक 12 वर्षो में जनी शिकार मनाया जाता है। पहले जनी शिकार कार्यक्रम जंगलों में मनाया जाता था। लेकिन जंगलों में शिकार खेलने के लिये रोक लगाने के उपरान्त अब जनी शिकार में शामिल महिलाएं गाँव की गलियों में विचरने वाले पालतू घरेलु जानवरों का शिकार कर लेती हैं। जनी शिकार कार्यक्रम मनाती हैं। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण महिलाएँ और लड़कियाँ शामिल थीं।

## वनपालन समिति एवं महिला समिति की संयुक्त बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के गरजा पंचायत के गरजा खपरा टोली में वनाधिकार कानून 2006 के तहत वनपालन समिति एवं महिला समिति की संयुक्त बैठक अगापित डुंगडुंग की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के जिला मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है। जिसे हमें हर हाल में पालन करना होगा।ये कानून हमारे लिए रक्षा कवच के रुप में है और हमें हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ते हुए हमारे लिये विरासत के रूप में छोड़ गए हैं, इसलिए हमें अपने जंगलों की जैव विविधता की रक्षा करने के साथ साथ सरंक्षण, संवर्धन और प्रबंधन करते हुए रक्षा करना होगा जिससे कि पृथ्वी के साथ साथ पर्यावरण बची रहे। आज कल हम सब रासायनिक खादों के उपयोग करने के कारण तरह तरह की बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है इसलिए जंगलों के खर पतवार से जैविक खाद बनाने की विधि को जानना होगा और जैविक खाद का उपयोग अपने खेत टांड में करना होगा।अभी वर्तमान में हमें हमारी जीविका से जुड़ी हुई वृक्षों के बीजों को संग्रह कर उसे पौधों के रूप में तैयार करना है और बरसात के दिनों में खाली पड़े वन भूमि में लगाना है और उन पौधों की सरंक्षण करना है। इस साल गरजा राजस्व ग्राम के लोग लगभग दो हजार पौधे लगाने का संकल्प लिये।धन्यवाद ज्ञापन अनिल डुंगडुंग ने किया। इस बैठक में प्रीति डुंगडुंग, अपलुस एक्का, कौशल्या देवी, अमीषा डुंगडुंग, अनिता देवी, पौलुस बाड़ा, कृष्णा लोहरा कस्तु प्रधान, चाँद लोहरा, सुधीर कुल्लु, अरविंद टोप्पो, बुधु लोहरा, अलकसीयूस किड़ो, चामू प्रधान, जातरू प्रधान, करमू माँझी, अजय ग्वाला, सुशील टेटे,ज्योति किड़ो, उर्मिला देवी, गुड़ी देवी, पुनी देवी, बस्ती देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोयल नदी नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से किशोर की मौत स्थानीय गोताखोर ने निकाला शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जोगना कोयल नदी में नहाने के दौरान पानी मे डूबने से किशोर की मौत,स्थानीय गोताखोर के प्रयास से शव को निकाला गया सूचना पर पहुंची पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पथ स्थित नवाटोली आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप दक्षिण कोयल नदी दह में रविवार को स्नान करने के दौरान किशोर की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि अपने भाई एवं दोस्तो के साथ किशोर नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से किशोर डूबने लगा तभी उसका भाई बचाने का प्रयास कर रहा था कि डूबता हुआ किशोर भाई को भी डूबा रहा था। इसी बीच गहरे पानी के कारण भाई थक गया तभी सोर गुल होने लगा तो आसपास के लोग दौड़ पड़े लेकिन किशोर डूब चुका था। परिजनों को बिना बताए करीब 1 बजे जोगना मोड से कोयल नदी नहाने अपने दोस्तो के साथ गया था। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण एवं गोताखोर पहुंच किशोर का शव निकालने में जुटे हुए थे। इसी दरमियान एक अधेड़ गोताखोर ने बताया कि शव जलकुंभी में फंसा हुआ है। तभी अन्य गोताखोर सहयोग प्रदान करते हुए शव को गहरे पानी से निकाला। किशोर की पहचान जोगना मोड़ निवासी संजय साहू के पुत्र संतोष कुमार साहू के रूप में किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि प्रथमा दृष्टया किशोर की मौत गहरे पानी में डूबने से हुई है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रतर कारवाई में जुट गई है। वहीं परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है साथ ही गांव में मातम छा गया है।

## हाजी अफसर कुरैशी ने एसबीआई के वरीय ब्रांच मैनेजर कुमार रंजन को दी विदाई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच लोहरदगा के वरीय ब्रांच मैनेजर कुमार रंजन को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी। ज्ञात हो कि कुमार रंजन का तबादला मुंबई में हो गया है कुमार रंजन जब तक लोहरदगा भारतीय स्टेट बैंक के वरीय ब्रांच मैनेजर रहे तब तक उन्होंने आम जनमानस की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे। बताया जाता है कि हज पर जाने वाले आजमीने हज की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारतीय रुपया को दिरहम में बदलकर हज पर जाने वाले हज यात्रियों को ब्रांच बुलाकर उनके बीच दिरहम की वितरण की थी। जिससे कि हाजियों को एयरपोर्ट पर अतिरिक्त समय नहीं व्यतित करना पड़े तथा परेशानियों से बचा जा सके। वही कुमार रंजन के तबादले और मुंबई प्रस्थान पर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि वरीय ब्रांच मैनेजर जैसे उच्च पद पर होने के बावजूद कुमार रंजन का व्यवहार सभी लोगों के साथ जैसा था वो अविश्वसनीय था। उन्होंने हमेशा सभी लोगों के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार किया तथा लोगों की परेशानियों को समझते हुए बैंकिंग कार्यप्रणाली में भी कई महत्वपूर्ण सुधार किए थे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने पद नहीं अपने गुणों से महान होता है ऐसे ही लोगों में कुमार रंजन का नाम हमेशा शामिल रहेगा।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विद्यार्थी कर रहे अभ्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारी चल रही है। यहां के विद्यार्थी योग दिवस पर प्रदर्शन को लेकर निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उन्हें आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। इनसे होने वाले शारीरिक लाभ भी बताएं जा रहे हैं। महाविद्यालय की शारीरिक एवं खेलकूद प्रमुख यशोदा कुमारी ने बताया कि भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय द्वारा जारी कॉमन योगा प्रोटोकोल और विद्या भारती बिहार क्षेत्र द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप 21 जून को योग दिवस की तैयारी में विद्यार्थियों के अलावे शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मी भी पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं। पूरे विश्व में जन जन को स्वास्थ्य लाभ हो इसलिए योग को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि शारीरिक और योग शिक्षा विद्या भारती के पांच प्रमुख आधारभूत विषयों में महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय में सामान्य दिनों में भी प्रतिदिन योग एवं शारीरिक को स्थान दिया गया है क्योंकि इनके बिना विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता।

## ईसाई आदिवासी भाषा सांस्कृतिक परम्परा को नही भूले है : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत कोरोमिया पंचायत के सलगापोष पारिश मैदान में पारिश के मसीही क्लेसियाओं के द्वारा अपने भाषा संस्कृति परम्परा के अनूरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। मसीही भाई बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने वेश भूषा में आकर अपने पूर्वजों के संघर्ष,अपने पर्व,अपने खेती आदि को अपने नाच गान के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए अपने वंशजों को जानकारी देने का प्रयास किया कि जब हमारे पूर्वज किसी भी पर्व त्योहार को मनाते थे इस गाना को गा नाच कर खुशी मनाते थे,जब किसी प्रकार की आपत्ति आती थी तो इस गाना को प्रस्तुत कर संघर्ष के लिए प्रेरित करते थे,जब किसी प्रकार के खेती करते थे उसमें जब फ़सल अच्छा होता तो इस गाना के माध्यम से ईश्वर का धन्यवाद करते हुए आपस में खुशी का इजहार किया करते थे,जब किसी प्रकार की बिपत्ती आती तो अपने आदिवासी संस्कृति के माध्यम से अपने दुखों को बताने का प्रयास किया करते थे। अपने बेटे-बेटियों को विवाह करते तो कैसे खुशी मनाते हैं उसे भी नाच गान ढ़ोल नगाड़ा आदि के साथ आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द को दर्शाते थे।इन सारी मुद्दों पर आज आदिवासी परम्परा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी देश के कट्टरपंथी सोच वालों के आदिवासियों के प्रति सोच और षड्यंत्र से चिंतित हैं।आज अप्रत्यक्ष रूप से हम ईसाई आदिवासियों को अधिकार और हमारे धर्मो से बंचित करने के लिए एक से एक षडयंत्र रचा जा रहा है। कभी कहा है कि जो आदिवासी समाज दुसरे धर्म को अपना लिए हैं उन्हें आदिवासी के अधिकार से बंचित किया जाए। हमारे आने वाले वंशजों को नौकरी के अधिकार से रोकने का प्रयास किया जा रहा है, हमारे आदिवासी अधिकार के विपरित बेटियों को जमीन पर अधिकार देकर हमारे जमीनों को छीनने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।साथ ही साथ आदिवासियों को आदिवासी से लड़ाकर फूट डालो और शासन करो कि नीति अपनाई जा रही है। इसलिए हम सभी ईसाई समुदाय भय के साथ जीने पर विवस हो रहें हैं। किन्तु मैं आपलोगों से कहना चाहूंगा कि हमें इस विकट परिस्थिति का डटकर और एक जुट होकर इस स्थिति से मुकाबला करना होगा। क्यों कि एकता में बल है।जब हम एक रहेंगे तो हम आने वाले किसी भी विकराल कठिनाई को डटकर मुकाबला कर सकते हैं।अगर हम एक दूसरे से अलग हो कर रहे तो दुश्मन हमें हर चीजों से बंचित कर देगा। हम बिखड़ जाएंगे और षड्यंत्र कारी हमारे ज़मीनों जंगलों पर अपना आधिपत्य जमा लेंगे। आपको बताना चाहूंगा कि ये षड्यंत्रकारी हम ईसाई आदिवासी को डीलिस्टिंग के माध्यम से आदिवासियत से बंचित करने का सोच रखते हैं, जिससे कि हमारे कीमती जंगल और जमीन पर कब्जा किया जा सके, क्यों कि हम आदिवासियों का मूल जीविका का साधन यही हमारा जंगल और जमीन है।

## मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में नि-शुल्क कैम्प का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा के उपनगरीय क्षेत्र पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 101 मरीजों ने निन्शुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डा विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डा नेहा ज्योति और डा एसके गुप्ता ने इलाज किया। इसके अलावा ब्लड शुगर और हड्डी की जांच एल्केम लेब्रॉटरी कंपनी रांची के सुशील पांडेय एंड टीम के द्वारा बीएमडी मशीन से जांच की गयी। मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त दवाएं दी गई। डा विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज किया। डा नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर, फिशर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव, पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डा एसके गुप्ता ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हास्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में अब प्रत्येक माह के पहले और तीसरे सप्ताह को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। मानवीय सेवा कार्य को आगे भी जारी रखा जाएगा। मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। शिविर को सफल बनाने में शैलेंद्र सुमन, सावित्री मधुर, सोनी कुमारी, उषा तिर्की, तारेन टोप्पो,निर्मला टोप्पो, लीला कुमारी, अजीत साहू, अचरज, सूरज यादव, गुलाब नायक, राहुल राज अंगद सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# केके भगत के विकास के अधूरे सपनों को करना है पूर्ण : निरुशांति भगत

**➲कैरो प्रखंड एडादोनबगीचा में आजसू पार्टी की बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के एडादोन बगीचा में 18 जुन रविवार को कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में आजसू प्रखंड कमेटी के बैठक सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई।विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी लोहरदगा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती महासचिव विलियम कुजूर जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि संगठन सचिव अरविंद पाठक महिला जिलाध्यक्ष अनीता साहू जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर विपिन सिंह एवं कुडू प्रखंड अध्यक्ष सलीम खान उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए निरू शांति भगत ने कहा कि मैं झारखंड आंदोलनकारी विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी हूं। मैंने अपने पति को झारखंड की भलाई और लोहरदगा क्षेत्र के विकास के लिए आंदोलन करते देखा है और उनसे बहुत कुछ सीख कर आज मैदान में उतरी हूं। इससे पूर्व भी मैं दो बार आजसू प्रत्याशी रह चुकी हूं और मुझे इस क्षेत्र की समस्याओं के विषय में अच्छी तरह जानकारी है। मैं आप सभी के सहयोग और स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से निश्चित रूप से लोहरदगा का विकास करने में सफल रहुंगी। और स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा करने का काम करूंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सभी वक्ताओं ने संगठन पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति निहित है इसलिए जरूरी है कि हम सभी संगठित होकर आजसू पार्टी के झंडा लहराने का काम करें और आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जन -जन तक पहुंचाएं, तभी लोहरदगा क्षेत्र का विकास का सपना पूरा हो सकेगा और सरकारी महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा सकेंगे।

# सड़क दुर्घटना में दर्जनों मजदूर घायल अस्पताल में कराया गया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीपतरा जंगल में हुई सड़क दुर्घटना में दर्जनो मजदूर घायल राहगीर एवं पुलिस की मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती सभी घायल खतरे से बाहर। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीपतरा जंगल मे एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर मोटरसाइकिल को बचाने के दौरान मालवाहक मैजिक जे एच 08 जे 1263 अनियंत्रित हो सड़क पर पलट गया। जिससे मालवाहक टेम्पू में सवार मजदूर घायल हो गये। बताया जाता है कि सभी मजदूर बिहार राज्य के शेखपुर जिला के शेखपुर थाना क्षेत्र एवं बरबीघा तथा बेलछी थाना के किशुनपुर का रहने वाले है। साथ मे बगडू के दो युवती तथा चालक शामिल है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच राहगीरों एवं ग्रामीणों के सहयोग से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत सभी घायलों को खतरे से बाहर बताया जा रहा है। घायल में शेखूपर निवासी अनिल मिस्त्री के 30 वर्षीय पुत्र मेकेश कुमार नीरज राम के 18 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार किशुनपुर निवासी विजय राम के 23 वर्षीय पुत्र अजय कुमार वीरेश बिन्द के 18 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार, मालदा निवासी महेंद्र बिन्द के 22 वर्षीय पुत्र रविन्द्र बिन्द किशुनपुर निवासी स्वर्गीय बालेश्वर बिन्द के 40 वर्षीय पुत्र तपेश्वर बिन्द बरबीघा निवासी जवाहर सिंह के 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के अलावे लोहरदगा जिला के बगड़ू थाना क्षेत्र के बगड़ू करम टोली निवासी स्वर्गीय सोमरा उराँव की 18 वर्षीय पुत्री संगिर कुमारी, बिनोद उराँव के 15 वर्षीय पुत्री लक्की कुमारी तथा स्वर्गीय लखन उराँव के 35 वर्षीय पुत्र बिनोद उराँव को चोटें आई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना के पश्चात सभी घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि क्षतिग्रस्त मालवाहक मैजिक वाहन को जप्त कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## रानी लक्ष्मीबाई एक महान वीरांगना थी : सतीश पांडेय



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडेय ने कहा की रानी लक्ष्मीबाई मराठा शासित झांसी राज्य की रानी और अट्ठारह सौ सत्तावन की राज्यक्रांति की वीरांगना थी, उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई, हमारे लिए रानी लक्ष्मीबाई प्रेरणा स्त्रोत है मौके पर नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह राकेश रविकांत श्री लाल साहू गजानंद बेसरा करण सिंह अशोक रजक तपेश्वर बड़ाईक कामेश्वर प्रधान आलोक श्रीवास्तव दीपक शाह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

चलते चलते एक नजर

## असम में विशिष्ट लोगों से मिले जेपी नड्डा



**जोरहाट (असम)।** असम दौरे पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा डिब्रूगढ़ से जोरहाट जिला शहर में पहुंचकर पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत विशिष्ट व्यक्तियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के देशव्यापी महाजनसंपर्क अभियान के तहत नड्डा ने रविवार को जोरहाट में विशिष्ट व्यक्तियों से मुलाकात की। नड्डा ने जोरहाट के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता शांता शर्मा, प्रख्यात क्रीड़ा संगठक रक्तिम सैकिया, प्रख्यात डॉक्टर पंकज बरुवा और प्रख्यात व्यवसायी और साहित्यकार ओम प्रकाश गट्टानी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता, विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी, सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, सांसद तपन गोगोई और भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।जोरहाट में महाजनसंपर्क अभियान में भाग लेने के बाद नड्डा सीधे शिवसागर के लिए रवाना हो गए। शिवसागर में महाजनसंपर्क अभियान की कड़ी में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। हालांकि, भारी बारिश के बावजूद जनसभा में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ी उमड़ी है।

## अभिभावक संघ ने पूर्व सीएम रघुवर दास को ज्ञापन सौंपा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** शैलेंद्र जायसवाल पर हुए हमले में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर झारखंड अभिभावक संघ का प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से उनके आवास पर 17 जून की सुबह मिला और उन्हें ज्ञापन सोंपते हुए इस घटना की विस्तृत जानकारी दी। ज्ञापन पढ़ने के उपरांत रघुवर दास ने मौके पर ही ग्रामीण एसपी नौशाद आलम को फोन कर इस घटना में शामिल दोषियों पर अविलंब कार्रवाई करने की बात की। उन्होंने कहा कि पुलिस इस तरह की घटना को गंभीरता से लें और दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करे ताकि आम लोगों का विश्वास पुलिस पर बना रहे। श्री दास ने शैलेंद्र जयसवाल से भी फोन में बात की एवं उन्हें पूरे न्याय दिलवाने के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड अभिभावक संघ के प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ, नीरज भट्ट, संजीव दत्ता, देवानंद राय आदि शामिल थे। इस अवसर पर अजय राय ने घटना के संबंध में पूरी जानकारी रघुवर दास को देते हुए कहा कि भय के वातावरण में कैसे लोग रोजगार करेंगे। अगर इस तरह रंगदारी से लेकर मारपीट और जान से मारने तक की घटना को अंजाम दिया जाता है तो ऐसे में कोई भी व्यवसाई व्यवसाय नहीं कर सकता ऐसे में उनके लिए पलायन ही बचता है ऐसे में विकास की कल्पना भी बेईमानी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को दिए गए ज्ञापन में झारखंड अभिभावक संघ ने उन्हें अवगत कराते हुए कहा है कि टीपूदाना ओपी थाना क्षेत्र में वाइल्ड वादी वाटर पार्क के निदेशक शैलेंद्र जायसवाल के ऊपर पिछले 09 जून 2023 को ग्राम -डुंडीगड़ा के रहने वाले कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने रंगदारी देने के नाम पर जानलेवा हमला किया और उनके साथ बहुत बुरी तरीके से मारपीट की एवं जान से मारने की कोशिश की।

# मुस्लिम विरोधी नहीं है समान नागरिक संहिता : इंद्रेश कुमार

*** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का एलान : समान नागरिक संहिता को लेकर देश भर में जल्द शुरू होगा जनजागरण अभियान**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : वन नेशन, वन पीपल, वन लॉ यानी कॉमन सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच देश भर में ज़ोरदार मुहिम चलाएगा। इसके लिए मंच के कार्यकर्ता देश भर में जन जागरण अभियान चलाएंगे। यह तय हुआ है कि देश भर में कार्यकर्ताओं का जत्था लाखों परिवार के बीच पहुंचेगा और सौहार्द, समरसता, भाईचारा, एकता, अखंडता की पुरजोर कोशिशें करते हुए समान नागरिक संहिता को शक्तिशाली और खुशहाल देश की जरूरत बताएगा। मंच के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं में पूर्ण सहमति देखी गई जब यह मुद्दा उठा कि इस साजिश को मुसलमानों को समझना चाहिए कि आखिर आजादी के 75 वर्षों बाद भी वे सर्वाधिक पिछड़े क्यों हैं जबकि 60 वर्षों तक तो तथाकथित सेकुलर दलों और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सरकारें रहीं? जबकि स्थिति यह है है कि 25 करोड़ मुसलमानों में से 3 प्रतिशत भी आज की तारीख में ग्रेजुएट नहीं हैं। जब शिक्षा का यह आलम होगा तो बेरोजगार और अस्वस्थ समाज तो रहेगा ही। आज इन्हीं सब की खातिर सभी को एक माला में पिरोना समय की जरूरत है ताकि कोई पीछे न रह जाए। मंच के मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि शनिवार को इसी क्रम में मंच की नई दिल्ली में मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह पारित हुआ कि समान नागरिक संहिता कहीं से भी इस्लाम और मुस्लिम विरोधी नहीं है।



बैठक में संघ नेता इंद्रेश कुमार के अलावा मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, गिरीश जुयाल, ताहिर अब्बास, एसके मुद्दीन, अबू बकर नकवी, विराग पाचपोर, इस्लाम अब्बास, माजिद तालिकोटी, रजा हुसैन रिजवी, इरफान अली, शालिनी अली, रेशमा हुसैन, शहनाज अफजाल, खुर्शीद रजाका, शिराज़ कुरैशी, फैज़ खान, बिलाल उर रहमान, फारूक खान, अल्तमश बिहारी समेत 400 से ऊपर कार्यकर्ता शामिल हुए। यह अभियान कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, गुजरात से लेकर केरल तक, पश्चिम बंगाल से लेकर महाराष्ट्र तक चलेगा। मंच के अधिकारी एवं कार्यकर्ता देश भर में हजारों छोटे बड़े जनजागरण चलाएंगे। इस क्रम में मंच करोड़ों हिन्दुस्तानियों के बीच अपनी बातें रखेगा। मंच का मानना है कि यह कानून लोगों के दिलों से नफरत मिटाएगा और भाईचारा लाएगा। जबकि इसका विरोध धर्मों, जातियों, समुदायों में कटुता और हिंसा पैदा करना है। मंच का मानना है कि इन राष्ट्रवादी मुद्दों पर मुसलमानों को भड़काने वाले लोग मुसलमान और इस्लाम के दुश्मन हैं। बैठक में यह भी मुद्दा जोरशोर से उठा के देश भर के अनगिनत धर्मों के बीच समान नागरिक संहिता से सिर्फ मुसलमान को ही खतरा कैसे हो सकता है? यह एक मिथ्या है जिसे तथाकथित सेक्युलर दलों ने मुस्लिम वोट बैंक की खातिर मुसलमानों को डराने और बहकाने के रूप में हमेशा इस्तेमाल किया। मंच का मानना है कि यह कानून किसी भी जाति, धर्म और समुदाय के विरुद्ध नहीं है बल्कि सब धर्मों का सम्मान और सुरक्षा करता है तथा सब में भाईचारे वाला काम करता है। बैठक में यह बात खुल कर सामने आई कि जो भी इस राष्ट्रवादी कानून का विरोध करते हैं वो दरअसल धर्मों के बीच भाईचारा और सौहार्द नहीं चाहते हैं।

सभी तथ्यों, विचारों, सुझावों के एनालिसिस में यह पाया गया कि जो लोग या दल समान नागरिक संहिता का विरोध करते हैं दरअसल उनकी साजिश है कि मुसलमान राजनीतिक रूप से हिंदुस्तानी न बनें और हिंदुस्तान के लोगों में समरसता न हो। बैठक में मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, क्षेत्रीय संयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह संयोजकों के साथ साथ कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी तादाद ऑनलाइन भी बैठक में शामिल हुई। बैठक में अमृत काल अभ्यास वर्ग की बातों को आगे बढ़ाते हुए भरपूर मंथन हुआ जिसमें आगे की रूप रेखा तैयार की गई।

## रांची में अलग-अलग बूथों पर भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश भाजपा नेताओं ने रविवार को अलग-अलग जगहों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनाने। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने हरमू में बूथ संख्या 289 पर, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू स्थित नया टोला, सरना सनातन समिति के सभागार में (बूथ संख्या 308), प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने ओरमांझी स्थित बूथ संख्या 16 पर इस कार्यक्रम को सुना। प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र में नामकुम बूथ संख्या 192 पर, जबकि बालमुकुंद सहाय ने पहाड़ी मंदिर स्थित बूथ संख्या 107 पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। चुटिया के सांई कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में मन की बात कार्यक्रम में मंडलवासियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शामिल हुए। इसी तरह से राजधानी सहित अलग-अलग हिस्सों में भी बूथों पर अलग-अलग नेताओं ने इसे सुना।कार्यक्रम के बाद लोगों को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को नियमित तौर पर सुनना एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है। इस दौरान उन्होंने 21 जून को विश्व योग दिवस को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में स्वस्थ रहना सबसे बड़ा धन है। प्राचीन समय से योग भारतीयों के जीवन का हिस्सा रहा है। प्रधानमंत्री की अपील के अनुरूप सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ रहें।

## कश्मीर घाटी में भाईचारे का प्रतीक है अमरनाथ यात्रा : फारूक अब्दुल्ला

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद डॉ फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वालों को यह देखना चाहिए कि कश्मीर घाटी में अब मुसलमान और हिंदू कैसे अमरनाथ यात्रा को सुचारू बनाने के लिए एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं।



सांसद अब्दुल्ला रविवार को यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा कश्मीर घाटी में भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश में नफरत फैलाते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि मुस्लिम और हिंदू इसके सुचारू आचरण के लिए एक-दूसरे का समर्थन कैसे कर रहे हैं। डॉ अब्दुल्ला ने कहा कि पानी, बिजली और खाद्य पदार्थ की समस्याएं हर साल सामने आती हैं। अभी पानी की इतनी कमी नहीं है, लेकिन सरकार को निश्चित रूप से इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा भारत सरकार ने खाद्य पदार्थ की आपूर्ति कम कर दी है, क्योंकि मैं खाद्य के लिए संसदीय समिति का सदस्य हूं। हमने सरकार से इसकी पर्याप्त बहाली के लिए अपील की है। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा के दौरान वहां काम करने वाले गरीब इससे अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं और उतनी ही कमाई सर्दियों में खर्च करते हैं। इस यात्रा के दौरान सहयोग, भाईचारा और समरसता देखने को मिलती है, जो अपने आप में एक मिसाल है। उन लोगों को भी इनसे सीख लेनी चाहिए, जो केवल नफरत फैलाने का काम करते हैं।

# शिष्यता का भविष्य तय करेगा शिवचर्चा : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जो कार्य भगवान से नहीं होता था तो फरियाद लेकर शिव के पास आते थे। और किसी भक्त को निराश नहीं लौटाते थे। इसी अवधारणा पर आज शिवगुरु चर्चा काम कर रहा है। वरेण्य गुरू भ्राता साहब हरिद्रानंद ने जो तीन सूत्र दिये। उसमें एक बड़ी जिम्मेदारी यह है कि समाज में जो निरीह है, शोषित, पीड़ित,वंचित और सुदूर है, उनके पास पहुँच कर उसके पीड़ा, दर्द में शरीक हो समाधान का हिस्सा बने। इन्ही सब बातों को लेकर शिवशिष्य परिवार सुदूरवर्ती इलाकों में जाकर चर्चा के जरिए गरीबों के समाधान के हिस्सा बन रहे हैं। इसी कड़ी में नीलम दीदी के पुण्यतिथि के अवसर पर डाल्टेनगंज विधानसभा के सुदूर व सीमावर्ती इलाका बड़गड प्रखण्ड के बरकोल गांव में शिवचर्चा का आयोजन किया गया। सैकड़ो गुरुभाई



बहनों के बीच चर्चा करते हुए, आपसी प्रेम भाईचारे के साथ रहने, बच्चों को शिक्षा चिकित्सा पर ध्यान देते मुकम्मल बदलाव के लिए सतत प्रयास करना है। हम सभी शिवशिष्य आपके साथ हैं। देश के हिफाजत में हम सबों को संगठित रहना है, बेटियों के सुरक्षा शिक्षा पर जोर देना है बेटियां कभी बोझ नहीं है गर्भ में मारने के बजाए उसे आंगन के किलकारी बनाना है ताकि सामाजिक सन्तुलन बना रहे। बूढ़ा पहाड़ के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए हमारे मुख्यमंत्री निरन्तर लगे हैं हम सभी शिवशिष्य परिवार लगेंगे। आज के कार्यक्रम का आयोजन रामावतार गुप्ता जी एवं संचालन रामचन्द्र सिंह जी ने किया। इस चर्चा को अपने शानदार गायकी से सिविल कोर्ट डाल्टेनगंज के वरिष्ठ वकील एवं समाज सेवी सुरों के सरताज ओंकार नाथ तिवारी जी ने शमां बांधा। अमोद भैया,कमलदेव भैया जी ने चर्चा किया। प्रदीप प्रसाद, सूरज प्रसाद,धनेश्वर सोनी,शिवलाल प्रजापत्ति, हरिओम जी, सोनू कुमार गुप्ता जी,चंद्रदेव यादव जी,सुनील प्रसाद गुप्ता,कामेश सोनी, देवन्ति बहन सहित सैकड़ों के तादाद में गुरु भाई बहन चर्चा का श्रवणपान किये।

## पुंछ में चट्टानों के नीचे से बड़ी मात्रा में जंग लगी विस्फोटक सामग्री बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले के सेरी चौवाना गांव के जंगली इलाके से रविवार को सुरक्षाबलों ने चट्टानों के नीचे से बड़ी मात्रा में जंग लगी विस्फोटक सामग्री बरामद की, जिसमें 11 आरपीजी राउंड और ग्रेनेड हैं।पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सेरी चौवाना जंगल से विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है, जिसमें कई ग्रेनेड भी हैं। उन्होंने कहा कि यह विस्फोटक सामग्री चट्टानों के नीचे आतंकियों ने रखी थी। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते की टीम को मौके पर बुलाया गया और विस्फोटक सामग्री को नष्ट कर दिया गया है।



## राम मंदिर से पहले रामजन्मभूमि पथ का होगा विकास

एजेंसी

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदला नजर आएगा। सनातन धर्म के केंद्रबिंदु अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक रूप से तेज गति से सुनियोजित विकास किया जा रहा है। हर कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने विगत दिनों समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अफसरों को निर्देश दिया था कि समय-समय पर अयोध्या आकर भौतिक स्थलीय सत्यापन करें। 500 वर्षों के इंतजार के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे तो इसके पहले जन्मभूमि पथ का भी तेजी से विकास हो जाएगा। यह कार्य अंतिम चरण में चल रहा है।

अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए योगी सरकार अयोध्या में हर संसाधन मुहैया करा रही है। जहां राम जन्मभूमि पर निर्माण कार्य तेज




गति से चल रहा है, वहीं राम जन्मभूमि पथ को अभूतपूर्व बनाने की योजना है। इस मार्ग की लंबाई 566 मीटर है। राम जन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से राम मंदिर तक जाएगा। इस मार्ग का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। राम जन्मभूमि पथ बिरला धर्मशाला के सामने से सुग्रीव किला के बगल से होते हुए अमावा मंदिर रंग महल के पीछे होते हुए सीधे राम जन्मभूमि मंदिर परिसर तक जाएगा। इस पर कुल 39.43 करोड़ रुपये की लागत आ रही है, जिसमें से 23.79 करोड़ भूमि अधिग्रहण-पुनर्वास की लागत है। 390 मीटर लम्बाई में मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर तथा शेष भाग में 24 मीटर है। मार्ग पर 7 मीटर चौड़ाई में बिटुमिन्स मार्ग के साथ एवं 15 मीटर व 10 मीटर चौड़ाई में पैदल पथ का निर्माण हुआ। पैदल पथ पर रेड सैंड स्टोन पत्थर लगाया गया है, जिस पर अल्पना की तरह के सुंदर पैटर्न बनाये गये हैं। मार्ग के दोनों ओर औसत 3.50 मीटर चौड़ाई में रेज्ड (उठे हुए) फुटपाथ का कार्य किया गया है। अत्याधुनिक लाइट से युक्त जन्मभूमि पर एक साइड पत्थरों को लगाया जा रहा है। जन्मभूमि पथ को योगी सरकार अयोध्या के गरिमा के अनुरूप तैयार करवा रही है। इस मार्ग पर पर्याप्त उजाला रहे, इसके लिए दो तरह की लाइटों को इंस्टाल किया जा रहा है।

## पहला स्वदेशी ड्रोन तापस रखेगा सीमा पर नजर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और भारतीय नौसेना की टीम ने स्वदेशी तापस ड्रोन की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं का सफल प्रदर्शन किया है। कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किये गए प्रदर्शन में यूएवी ने निर्बाध रूप से 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरी। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान अवधि के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया। तापस ड्रोन केवल सीमाओं पर निगरानी रखने ही नहीं, बल्कि दुश्मनों पर हमला करने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है।डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि भारतीय नौसेना की टीम के साथ यह प्रदर्शन 16 जून को किया गया। स्वदेशी ड्रोन तापस ने 07.35 बजे कारवार नौसैनिक अड्डे से 285 किमी दूर एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर), चित्रदुर्ग से उड़ान भरी। यह प्रदर्शन कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किया गया।

इसका मकसद तापस यूएवी की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं को स्थानांतरित करना था। यूएवी ने 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया।

डीआरडीओ के अधिकारियों का कहना है कि स्वदेशी यूएवी को नियंत्रित करने के लिए आईएनएस सुभद्रा में एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन (जीसीएस) और दो शिप डेटा टर्मिनल (एसडीटी) स्थापित किए गए थे। परीक्षण के बाद तापस एटीआर में वापस उतरा।

तापस ड्रोन की 30 हजार फीट की ऊंचाई से मारक क्षमता 250 किमी है और यह दिन और रात के मिशन में सक्षम है। यह 350 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकता है। इसे भारतीय सशस्त्र बलों के लिए खुफिया, निगरानी, टोही मिशन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अपने मिशन के दौरान विस्तृत क्षेत्र में छोटे लक्ष्यों की पहचान करके उन्हें मार गिराने में सक्षम है।

## मरांडी ने कहा- उनके ट्वीट पर दाहू यादव को पकड़ने के लिए होती है मॉक ड्रिल

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का कहना है कि उनके ट्वीट पर प्रदेश सरकार नजर रखती है। वे जब भी कुख्यात दाहू यादव के आतंक की चर्चा करते हैं, तो फरार चल रहे इस अपराधी की खोजबीन का पुलिस को नाटक करने का आदेश दिया जाता है। अब फिर उसे पकड़े जाने का मॉक ड्रिल शुरू किया गया है।

रविवार को बाबूलाल ने ट्वीट करते हुए प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इसका होना क्या है, कुछ नहीं। यह आततायी राज्य की पुलिस के हाथ नहीं आएगा। केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो इसे पकड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को उनके अन्य ट्वीट्स और पत्रवीर बोलकर उनकी चिट्ठियों का उपहास उड़ाने के बदले गंभीरता दिखानी चाहिए थी। ऐसा नहीं करने के चलते ही राज्य इतनी बदहाल स्थिति में पहुंचा है।

# केजरीवाल के पायलट बनकर काम कर रहे भगवंत मान : अमित शाह

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि भगवंत मान, केजरीवाल की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए पंजाब का पैसा देशभर में विज्ञापन पर खर्च कर रहे हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह रविवार को केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर गुरदासपुर में भाजपा की रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज केजरीवाल देश में कहीं भी जाते है तो भगवंत मान अपना जहाज लेकर दिल्ली पहुंच जाते हैं। वहां से दोनों आगे जाते हैं। भगवन्त मान पंजाब हित में देश घूमने की बजाए केजरीवाल के पायलट बनकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के पास इस समय केवल केजरीवाल को खुश रखने और उन्हें देश घुमाने का काम है। पंजाब में



**अतिम शाह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के पास इस समय केवल केजरीवाल को खुश रखने और उन्हें देश घुमाने का काम है। पंजाब में आज कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है।**

आज कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। मुख्यमंत्री पर अपने ही सूबे के लिए टाइम नही है। आज पंजाब में खोखले वादे करने वाली सरकार है।आआपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए शाह ने कहा कि पंजाब की महिलाएं हर माह अपना खाता चेक कर रही हैं, उनके खातों में एक-एक हजार रुपये कब आएंगे। शाह यहीं नही रुके, उन्होंने कहा कि पंजाब के एक कैबिनेट मंत्री पर दलित के यौन शोषण के आरोप हैं और सरकार उनको बचाने में लगी हुई है। अमित शाह ने कहा कि पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां तिरंगे के तीनों रंग देखने को मिलते है। पंजाबी आजादी के आन्दोलन से लेकर आजतक देश की रक्षा में कभी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 250 करोड़ रुपये खर्च करके देश भर में गुरु गोबिन्द सिंह जयंती कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि 9 वर्ष पहले काली सूची में 314 लोग शामिल थे, जिसको कम करके अब महज दो लोग कर दिया गया है। यहां 26 दिसंबर को जहां वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। वहीं विदेशों में बसे भारतीयों को दरबार साहिब में दान देने की सुविधा मोदी सरकार ने दी है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के अलावा कई नेताओं ने संबोधन किया।